30 अगस्त, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 310

मैंने कभी भी पापा की आंखों में आंसू नहीं देखे थे, उन्हें देख मैं रो भी न सका



## स्व. रामदास सोरेन के 'संस्कार भोज' में शामिल हुए हेमंत और कल्पना

# गुरुजी और रामदास सोरेन का जाना अपूरणीय क्षति : मुख्यमंत्री

- शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर जतायी संवेदना
- राज्यपाल संतोष गंगवार समेत अन्य गणमान्य लोग भी पहुंचे, दी श्रद्धांजलि





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी धर्मपत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन के साथ शुक्रवार को शिक्षा मंत्री रहे स्व. रामदास सोरेन के 'संस्कार भोज' भोज में शामिल हुए। वह जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित उनके आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत स्व. रामदास सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना जतायी। उन्होंने परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। हेमंत और कल्पना ने स्व. रामदास सोरेन की धर्मपत्नी सूरजमनी सोरेन, उनके पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा उनका ढाढ़स बंधाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आज हम सभी लोग स्मृति शेष-मंत्री रामदास सोरेन जी के आवास पर पहुंचे हैं। आदरणीय गुरुजी के निधन के महज कुछ दिनों के बाद ही रामदास सोरेन जी का भी आकस्मिक निधन हुआ। इन दोनों विभूतियों का परलोक गमन अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से स्मृति शेष-स्व. रामदास सोरेन जी के चाहने वाले एवं उनके सगे-संबंधी यहां पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। हमारी ओर से भी स्व. रामदास सोरेन जी को शत-शत नमन! विनम्र श्रद्धांजलि।

### राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री और गणमान्य लोग भी पहुंचे

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार सहित झामुमो एवं अलग-अलग राजनीतिक दलों के लोगों ने भी स्व. रामदास सोरेन के आवास पर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## मंत्री हफीजुल हसन इलाज के लिए दिल्ली गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंत्री हफीजुल हसन को रांची के पारस अस्पताल से दिल्ली रेफर किया गया है। मंत्री को शुक्रवार को विमान से गुरुग्राम ले जाया गया। जानकारी के अनुसार मंत्री की छाती में इंफेक्शन हो गया है। बेहतर इलाज के लिए उन्हें दिल्ली रेफर किया गया है। मालूम हो कि गुरुवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि पारस अस्पताल से मंत्री खुद चलते हुए बाहर निकले। उन्होंने न तो व्हील चेयर का सहारा लिया, न ही किसी व्यक्ति का। इससे अंदाजा लगता है कि मंत्री की स्थिति बहुत अधिक गंभीर या चिंताजनक नहीं है। केवल उनकी छाती में इंफेक्शन की बात ही है।

## दुमका की मयूराक्षी नदी में डूबे चार छात्र

**दुमका (आजाद सिपाही)।** दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र स्थित मिनी गोवा कहे जाने वाले मयूराक्षी नदी में नहाने गये चार छात्र डूब गये। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और प्रशासन के लोग पहुंचे। शवों की तलाश की गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चारों लड़के गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे अपने घर में बिना कुछ बताये निकले थे और वापस नहीं लौटे। देर रात हरिपुर गांव के लोगों ने नदी किनारे लड़कों के कपड़े और मोबाइल देखे, लेकिन छात्र गायब थे। नदी में डूबने की आशंका होने पर मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। इसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering
Faculty of Law
- LL.B. - B.A. LL.B. - B.B.A. LL.B
Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
- B.A (HIndi) - B.A (English) - B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) - B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) - M.A (HIndi) - M.A (English)
- M.A (Sanskrit) - M.A (Economics)
- M.A (Psychology - M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy - B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry - B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
- OT - DMLT - ECG - X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser
Library Science
- B.Lib.I.Sc. - M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) - B.Sc. (Chemistry) - B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) - B.Sc. (MLT) - B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) - B.Sc. (Biochemisty) - B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) - M.Sc. (Chemistry) - M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) - M.Sc. (Zoology) - M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) - M.Sc. (MLT) - M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
- B.Com - M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand | https://bdsu.ac.in/

# अमानत अली का झारखंड नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान
## पंचपरगना क्षेत्र के विकास में भी अहम भूमिका





### अमानत अली का राजनीतिक जीवन
### नेहरू से राहुल गांधी तक का सफर

झारखंड के कांग्रेस में सबसे बुजुर्ग 103 वर्षीय श्री अमानत अली अपने राजनीतिक जीवन के बारे में बताते हैं कि नई दिल्ली के महाधिवेशन में देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए मंच के सामने बैठ मेरे कंधे पर हाथ दिया था। वह मेरे लिए एक गौरव का पल था। नेहरू जी के मार्गदर्शन में कांग्रेस के संगठनकर्ता के रूप में कार्य किया। इसके पश्चात इंदिरा गांधी, राजीव गांधी के नेतृत्व में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा हूं। कांग्रेस पार्टी में सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भी मुझे वरिष्ठ कांग्रेसी होने के नाते हमेशा सम्मान देते रहे हैं। अमानत अली का नाम झारखंड प्रदेश में ही नहीं पूरे भारत में एक चिर परिचित नाम है।

दो बार विधान परिषद रहे 103 वर्षीय अमानत अली का दिग्गज नेता के रूप में नाम रहा है। तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी एवं नेहरू परिवार से प्रेम भरा गहरा संबंध रहा है वर्तमान में झारखंड और छोटा नागपुर क्षेत्र में कांग्रेस जनों में अमानत अली का नाम बड़े आदर और सम्मान के साथ लिया जाता हैं।

**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष** सर्वमान्य नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस संसदीय दल के नेता राहुल गांधी ने अमानत अली को हमेशा सम्मान एवं आदर देते रहें हैं। रांची जिला के बुंडू स्थित एदेलहातू गांव में 30 अगस्त 1924 में साधारण किसान परिवार में उन्होंनें जन्म लिया. इनके पिता स्व. मौलवी दुखु मियां बूंडू में एक छोटे जमींदार थे। उनकी माता स्व. मोहिदन बीवी गृहणी थी. श्री अमानत अली कठिन परिस्थितियों में रहते हुए पढ़ाई की एवं राजनितिकी शास्त्र से स्नातक की डिग्री हासिल की। छात्र जीवन में ही कांग्रेस पार्टी से जुड़ गए थे। 1945 में बिहार छात्र कांग्रेस के महामंत्री चुने गए। उन्होंने 1945 में ही पटना में ऑल इंडिया छात्र कांग्रेस के महान अधिवेशन में भाग लिया, जिसका उद्घाटन पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया था। धीरे-धीरे श्री अमानत अली का कांग्रेस में पांव पसरता गया। 1946 में दिल्ली स्टेशन के पास गांधी ग्राउंड में आयोजित महाधिवेशन में प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। इसी वर्ष 1946 में मेरठ जयपुर, नासिक, भावनगर, वाड़ी, कोलकाता, कल्याणी गुवाहाटी, पटना, मुंबई और दिल्ली के कांग्रेस महा अधिवेशन में प्रतिनिधि के रूप में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ। अधिवेशन में बार-बार प्रतिनिधि के रूप में महाधिवेशन में शामिल हुए थे 1948 में ही छात्र कांग्रेस के स्थान पर युवक कांग्रेस की स्थापना हुई। जिसमें छोटा नागपुर प्रमंडल का संगठनकर्त्ता और रांची जिला के अध्यक्ष नियुक्त हुए। 1955 युवा कांग्रेस ट्रेनिंग सेंटर, पृथ्वीराज रोड नई दिल्ली में एआईसीसी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए उन्हें प्रतिनिधि चुना गया। वर्ष 1998 में श्री अमानत अली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ए आईसीसी के मेंबर बने। इसी साल रांची जिला कांग्रेस के प्रभारी बनने के पश्चात् रांची में श्री जगजीवन राम द्वारा कांग्रेस कार्यालय का शिलान्यास कराया जिसका उद्घाटन पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया। वर्तमान में यह कांग्रेस कार्यालय प्रदेश कांग्रेस कार्यालय है।

### शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान



कांग्रेस के दिग्गज और बुजुर्ग नेता पूर्व विधान पार्षद अमानत अली शिक्षा के प्रेमी थे उन्होंने अपने राजनीति को सामाजिक जीवन में शिक्षा को महत्व दिया अपने निजी प्रयास से उन्होंने जयपाल सिंह उच्च विद्यालय तैमारा, पंच परगना किसान कॉलेज बुंडू, केबी सहाय स्कूल अड़की, राम लखन सिंह यादव कॉलेज रांची और अमानत अली इंटर कॉलेज बुंडू का स्थापना किया था. पंच परगना किसान कॉलेज बुंडू के लिए उन्होंने अपने पैतृक संपत्ति जमीन को कॉलेज के नाम पर दान दिया है, पंचपरगना क्षेत्र के सोनहातू,राहे, सिलली और इचागढ़ क्षेत्र के विकास के लिए भी उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य शिक्षा के क्षेत्र में किया था. पंच परगना क्षेत्र में इसे राजनीतिक गुरु भी मानते हैं. सोनाहातू प्रखंड के प्रमुख सीता नाथ महतो को भी उन्होंने कांग्रेस पार्टी में लाया था. बुंडू इनका जन्म भूमि के साथ कर्मभूमि भी है. इसी तरह से इनका परिवार शैक्षणिक और सामाजिक कार्यों में हमेशा योगदान दिया. बुंडू सहित पूरे पंच परगना क क्षेत्र के लोग उनके योगदान को नहीं भूल सकते.

**मजदूर किसान सहकारिता** और अल्पसंख्यकों के हित में सराहनीय कार्य किया। श्री अमानत अली विधान पार्षद बनने के पश्चात किसान मजदूर के हित में कार्य किया। उन्होंने हक हटिया प्रोजेक्ट मजदूर यूनियन की स्थापना की। जमशेदपुर में भी टेल्को इंडियन के कार्यकारी अध्यक्ष बने। हाई टेंशन इंसुलेटर फैक्ट्री बैंड कंपनी में मजदूर यूनियन का अध्यक्ष रहकर उनके हित में आंदोलन किया। वर्ग संघर्ष की लड़ाई और मजदूरों के आवाज को बुलंद करने में 14 दिनों तक उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी। सहकारिता से जुड़कर किसानों को सहायता पहुंचाने के लिए 1948 में सहकारिता आंदोलन में शामिल हुए और रांची जिला कोऑपरेटिव बैंक का 20 वर्षों तक अध्यक्ष रहे। वे रांची विश्वविद्यालय के सीनेट के मेंबर भी रह चुके हैं।



**भारत के स्वतंत्रता आंदोलन** में बचपन से ही श्री अमानत अली जुड़े रहें। अमानत अली ने छोटा नागपुर में आदिवासियों, दलितों, अल्पसंख्यकों पिछड़े गरीब मजदूर किसान, कामगार मजदूरों को संगठित किया। तब झारखंड में अलग राज्य की मांग हो रही थी। उसी समय इन्होंने सभी लोगों को संगठित कर अलग राज्य के निर्माण में आंदोलित किया। सन 1957 ई से इन्होंने मोमिन कॉन्फ्रेंस में अल्पसंख्यकों एवं बुनकरों के हित में काम किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श को अपनाते हुए अमानत अली ने विभिन्न क्षेत्रों में शोषित पीड़ित गरीबों के कल्याण में योगदान देकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा करने में हमेशा लगा रहे। यही कारण है कि विपक्षी पार्टियों में भी अमानत अली को सम्मान की नजर से देखा जाता रहा है। झारखंड के दिग्गज नेताओं के साथ अमानत अली का अटूट प्रेम रहा है। मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा, झारखंड पार्टी के अध्यक्ष ए ई होरो, विनोद बिहारी महतो, ढिशुम गुरु शिबू सोरेन, सूरज मंडल शैलेंद्र महतो सुबोध खान सहाय भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद रहे भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एलपीएन सहदेव डॉक्टर बीपी केसरी, डॉक्टर रामदयाल मुंडा ज्ञानरंजन, कामरेड महेंद्र सिंह गुरदास चटर्जी लाल रंग विजयनाथ सहदेव सरफराज अहमद जेपी चौधरी अकलू राम महतो के अलावा दर्जनों विधायक के साथ झारखंड के मुद्दों और अलग राज्य के निर्माण के लिए एक साथ काम करते रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# मैंने कभी भी पापा की आंखों में आंसू नहीं देखे थे, उन्हें देख मैं रो भी न सका

- दिल के अंदर अगर आंखें होती, तो वहां बरसात हो रही होती
- मैं भागता रहा, कभी, डॉक्टर, कभी प्रकृति और कभी ईश्वर के पास
- लेकिन पापा की रेस कहीं और की थी, मैं उन्हें पकड़ न सका और पापा हमें छोड़कर चले गये
- हां पापा नहीं रहे, लेकिन उनका सपना 'आजाद सिपाही' अभी जीवित है, जिसे आगे बढ़ाना ही लक्ष्य है



राकेश सिंह
संपादक

## आजाद सिपाही विशेष



## इलाज के क्रम में ही कैंसर फैलने लगा

मेदांता अस्पताल से रांची पहुंचने के बाद पापा ने कहा कि किसी हड्डी विशेषज्ञ से भी दिखा लिया जाये। हमने हड्डी के कुछ डॉक्टरों को दिखाया कि पीठ में दर्द का क्या कारण हो सकता है। उनका कहना था कि विटामिन की कमी है। सो पापा ने विटामिन की गोलियां खानी शुरू कर दीं। लोकल कैंसर स्पेशलिस्ट से भी बात की, तो उनका भी कहना था कि कैंसर रिलेटेड समस्या नहीं दिखायी पड़ती। ये हड्डी के डॉक्टरों का मामला लगता है। इसी बीच पापा को यूरिन इनफेक्शन भी हो गया। ठंड लग कर फीवर आने लगा। मैंने मेदांता के डॉक्टर से बात की, तो उन्होंने कहा कि लोकल फिजिशियन से दिखाना चाहिए। आप यूरिन कल्चर करा लें और मुझे भी रिपोर्ट भेज दें। हमने लोकल डॉक्टर को दिखाया। कुछ एंटीबायोटिक्स उन्होंने दिया। यूरिन कल्चर रिपोर्ट आने में तीन-चार दिन का वक्त लगता है। साथ ही हमने रांची में हड्डी के स्पेशलिस्ट डॉक्टर अंचल कुमार को भी दिखाया। कुछ दिनों से वह बाहर थे, लेकिन उनके आते ही हम उनके पास गये। पापा पीठ के दर्द से परेशान थे। डॉक्टर ने एमआरआइ करवायी। रिपोर्ट आने के बाद मैं डॉक्टर से मिलने गया। उन्होंने कहा कि पापा को जितना जल्दी हो, आप मेदांता अस्पताल ले जाइए, जहां उनका इलाज चल रहा है। मुझे लग रहा है कि कैंसर हड्डियों में फैल रहा है। कुछ ट्यूमर्स भी दिख रहे हैं। मैं घर आया और पापा को कहा कि मेदांता चलते हैं। मम्मी ने जाने की जिद की। मैंने कहा मां मैं दोनों को कैसे संभाल पाऊंगा। मां ने कहा मुझे भी ले चलो। मेरे मन में क्या आया मैंने भी कहा चलो। अगले ही दिन मैं, पापा और मम्मी मेदांता अस्पताल के लिए रवाना हो गये। हम गुरुग्राम के स्टार होटल पहुंचे। तब तक पापा की यूरिन कल्चर रिपोर्ट भी आ गयी। अगले दिन हम पापा के डॉक्टर से मिले। पापा को एडमिट किया गया और पापा का यूरिन इनफेक्शन का इलाज शुरू हुआ। इस दौरान पापा का हीमोग्लोबिन भी तेजी से गिर रहा था। दो यूनिट ब्लड भी चढ़ाया गया। ट्रीटमेंट के दौरान डॉक्टर राउंड पर आये और कहा कि एक पेटसिटी भी करा लेते हैं। पेटसिटी हुई। रिपोर्ट आयी तो पता चला कि कैंसर बढ़ चुका है। डॉक्टर भी हैरान थे कि ट्रीटमेंट के दौरान कैंसर इतना बढ़ कैसे गया। हमने भी पूछा ऐसा क्यों हुआ। अभी तो ट्रीटमेंट चल ही रहा है। डॉक्टर ने कहा कि अब रेडिएशन करना पड़ेगा। मेरा दिमाग खराब हो गया था। मुझे अब कुछ भी समझ नहीं आ रहा था कि क्या करें। मैं समझ चुका था कि पापा का कीमो फेल हो चुका है। अब मैं ब्लैंक हो गया था, सोच रहा था कि रेडिएशन पापा कैसे बर्दाश्त करेंगे। मैंने डॉक्टर से कहा बिना रेडिएशन कोई उपाय नहीं है। उन्होंने कहा बोन फ्रैक्चर होने का खतरा है। लाइट रेडिएशन देंगे। इससे पीठ का दर्द भी ठीक हो जायेगा और मजबूती भी आयेगी। मैंने कहा कि साइड इफेक्ट। उन्होंने कहा नहीं, कोई मेजर साइड इफेक्ट नहीं होगा। पापा ने मुझसे कहा कि इतने दिनों से इन लोगों को कह रहा था कि पीठ में दर्द हो रहा है और ये लोग बस मसल पेन होगा बोलते रह गये। मैं रेडिएशन से पहले दिल्ली स्थित मैक्स अस्पताल भी गया। सेकेंड ओपिनियन के लिए। लेकिन वहां भी सेम ट्रीटमेंट। मैं मेदांता आ गया। अब हमारे पास कोई चारा नहीं था, रेडिएशन के सिवा। पापा ने घबरा कर मुझसे कहा भी कि रेडिएशन के बाद कोई बचता नहीं। मैंने कहा कि पापा आप ऐसा मत सोचिये। डॉक्टर ने कहा है कि लाइट रेडिएशन देंगे। आपको दिक्कत नहीं होगी। अब रेडिएशन के अलावा हमारे पास कोई चारा भी नहीं था। रेडिएशन न होता तो बोन फ्रैक्चर होने का खतरा भी था। फिर पापा के लिए और भी मुश्किल हो जाती। मैंने कहा कि डॉक्टर ने तो भरोसा दिलाया है कि रेडिएशन के बाद सही हो जायेगा।

## पापा के आंसू देख मैं रो भी न सका, बस मन में सोचा कि ईश्वर इतना क्रूर कैसे हो सकता है

फिर थोड़ी देर में रेडिएशन डिपार्टमेंट से दो डॉक्टर आये। उन्होंने रेडिएशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बजट भी दिया। फिर चले गये। पापा ने बजट के बारे में सुन लिया था। उनकी आंखें भीग गयीं। वह मेरी तरफ देख रोने लगे, कहने लगे बेटा इतना पैसा मेरी बीमारी में खर्च हो रहा है, क्या छोड़ कर तुम लोगों के लिए जाऊंगा। मेरी मजबूरी यह थी कि मैं रो भी नहीं सकता था। मैं किसी तरह बस खड़ा था। मैंने अपने गले पर जोर देकर, अपने शब्दों को नॉर्मल तरीके से मुंह से निकाला। डर था कहीं मैं भी न रो दूं पापा के आंसू देख कर। मैंने आज तक पापा को रोते नहीं देखा था। मैंने ईश्वर से यही कहा कि तुम इतना क्रूर कैसे हो सकते हो। निर्दयी हो तुम। मैंने पापा से कहा कि पापा सब आपका ही तो है। आप टेंशन क्यों लेते हैं। आपके दो बेटे हैं, दोनों सक्षम हैं। आप चिंता न करें। मैंने उनके आंसू पोछे। सच कहूं तो मेरे दिल के अंदर आंख होती, तो वह जरूर रोती और फूट-फूट कर रोती। कुछ दिनों में पापा का यूरिन इन्फेक्शन ठीक हुआ। उसके बाद पापा को रेडिएशन डिपार्टमेंट में ले जाया गया। पापा की रेडिएशन की तैयारी शुरू हुई। पापा के कुल 10 सेशंस होने थे। रेडिएशन शुरू करने से पहले सांचा बनाया जाता है। उस जगह की माप और मार्किंग की गयी, जहां पर रेडिएशन होना था। उसके बाद पापा का फिर से ब्लड टेस्ट कराया गया, तो पाया गया कि हीमोग्लोबिन 7.8 था। रेडिएशन शुरू करने से पहले फिर से दो यूनिट ब्लड चढ़ाया गया। पापा का पहला रेडिएशन भी हुआ। उसके बाद पापा को डिस्चार्ज कर दिया गया। अब एक शीट बनी कि रोज नौ दिनों तक रेडिएशन लेने के लिए अस्पताल आना पड़ेगा। वहीं आंकोलॉजिस्ट ने कहा कि रेडिएशन का सेशन पूरा होने के बाद कीमो भी शुरू किया जायेगा। मैंने उनसे कहा कि कीमो किस शरीर में करियेगा। कीमो के लिए शरीर भी तो होना चाहिए। अभी रेडिएशन, फिर कीमो 70 साल का आदमी क्या-क्या झेलेगा। मैंने इस दौरान इतने पेशेंट्स को देख चुका था, जो बेड पर असहाय लेटे हुए थे। बस ऑक्सीजन के सहारे जिंदा थे। रेडिएशन के क्रम में ऐसे कई मरीज भी दिखे जो जिंदा तो थे, लेकिन बेड पर हताश पड़े हुए थे। मैं पापा को ऐसे नहीं देख सकता था। ना ही पापा खुद को। मेरा भरोसा अब एलोपैथी ट्रीटमेंट से उठ चुका था। मुझे समझ में आ चुका था कि अब इनके पास कोई उपचार नहीं है। लेकिन डॉक्टर करता भी क्या, उसके पास सिर्फ कीमो था। आंकोलॉजिस्ट के पास तो एक ही हथियार होता है कीमो। लेकिन अभी भी मेरा भरोसा ईश्वर पर से डिगा नहीं था। भरोसा था कि पापा बिलकुल ठीक हो जायेंगे। ईश्वर का दिल कभी तो पसीजेगा। पापा को मैं रोज रेडिएशन के लिए ले जाता। 15 से 20 मिनट में पापा का रेडिएशन हो जाता। फिर हम वापस होटल आ जाते। पापा का पेन किलर अभी भी चालू था। वह हर दो दिन में पेन किलर खाते। जैसे-जैसे रेडिएशन होता गया, वैसे-वैसे पेन भी कम होता चला गया। पापा बेहतर फील करने लगे। लेकिन कमजोरी बहुत थी।

## पापा का कॉलर बोन अब महज कॉलर बन चुका था

हमने स्टार होटल में दो कमरे ले रखे थे। दो रूम एक किचन। वहां पर वही व्यवस्था थी। इस बार मेरे साथ मम्मी भी थीं। मुन्ना भैया भी आ चुके थे और मेरी भगिनी भी गुरुग्राम में रहती है, वह भी आ गयी। हम पांच लोग पापा के साथ अब मौजूद थे। मैं पापा के गिरते हीमोग्लोबिन से चिंतित था। पापा बहुत कमजोर हो चुके थे। शरीर पर कपड़ा अब टंगा हुआ सा दिखता। पापा का कॉलर बोन, अब महज कॉलर बन चुका था। लेकिन इस कंडीशन में भी पापा रेडिएशन लेने के लिए पैदल चलकर ही जाते। बोले व्हील चेयर पर तो नहीं बैठूंगा। इस दौरान हम कुल 28 दिन गुरुग्राम के स्टार होटल में रहे। मम्मी और भगिनी ने खाना बनाने का डिपार्टमेंट संभाल रखा था। मां के आने से मुझे बहुत सपोर्ट मिला। उन 28 दिनों में हमने तय किया कि पापा को बिलकुल ठीक करना है। हमने दिन-रात एक कर दिया। मैं सुबह पांच बजे ही उठ पापा के लिए जूस बनाने की प्रक्रिया में लग जाता। पत्तों के मिश्रण से जूस तैयार करता। उसके लिए गुरुग्राम को छान मारता। कहीं किसी के घर के सामने से कढ़ी पत्ता तोड़ लेता। नीम के पेड़ों से दातून तोड़ लाता। जो भी पापा के लिए बेहतर था, ढूंढ़-ढूंढ़ कर लाता। पापा को खुद से सब्जी खरीदना अच्छा लगता था। जब पापा स्वस्थ थे और उन्हें कैंसर डिटेक्ट नहीं हुआ था, तब जब भी वह मुझे लेकर सब्जी खरीदने बाजार जाते, पापा ही सब्जी चुना करते। मैं बस खड़ा रहता। मुझे सब्जियों के बारे ज्यादा जानकारी नहीं थी। लेकिन जबसे पापा बीमार हुए, रांची का ऐसा कोई भी सब्जी बाजार नहीं होगा, जहां मैं खुद सब्जी लेने गया नहीं। जहां भी पता चलता कि आज यहां बाजार लगने वाली है और वहां ताजी और अच्छी सब्जी मिलती है, मैं वहां जाता और खुद से सब्जियां चुनता। मैं एक-एक सब्जी चुन कर उठाता। मैं पापा को भथुआ यानि सफेद पेठा का भी जूस पिलाता। उसके लिए पूरा बाजार छान मारता। कई बार सफलता हाथ लगती, तो कई बार निराश होकर आता। लेकिन मैं उस दिन बाजार नहीं तो, कहीं न कहीं रांची के गांव में घुस कर, किसी के घर ही सही, इंतजाम तो कर ही लेता। कच्ची हल्दी के लिए कई बार भटकना पड़ता। पापा के लिए देसी अंडे ढूंढ़ कर लाता। गुरुग्राम में भी मैंने पापा के लिए ताजी सब्जियों का पूरा इंतजाम कर रखा था। एक दुकान वाले से दोस्ती कर ली थी। उसको राजनीति में बड़ा इंटरेस्ट था। वह देश की मौजूदा राजनीति पर अपनी राय देता। मैं मन मारकर उसकी कहानियां सुना करता, क्योंकि वह मुझे सफेद पेठा लाकर देता था।

इन 28 दिनों में मैं कई बार मंदिर गया, गुरुद्वारा भी गया। ईश्वर के सामने हाथ जोड़े। घुटनों पर बैठ प्रार्थना करता। मां भी शाम को मंदिर में बैठ प्रार्थना करतीं। अब रेडिएशन का सेशन कंपलीट हुआ। रेडिएशन वाले डॉक्टर ने कहा कि सेशन कंपलीट हो चुके हैं, अब तीन महीने के बाद फिर से पेटसिटी करेंगे। लेकिन 10 दिन के बाद फिर से एग्जामिन करेंगे। उसके बाद आप जा सकते हैं। हमने तय किया कि अभी कुछ दिन यहीं रुकेंगे। रेडिएशन का क्या असर होता है, प्रॉपर चेकअप के बाद ही रांची जायेंगे। मैंने रेडिएशन के बाद के साइड इफेक्ट के बारे में कई कहानियां सुन रखी थीं। रेडिएशन के बाद पापा ने होटल की बालकनी में वॉक करना शुरू कर दिया। बालकनी लंबी थी। लेकिन एक-दो दिन ही वाक कर पाये, उन्हें फीवर आने लगा। मैं फिर से रेडिएशन वाले डॉक्टर से मिला और कहा कि पापा को फीवर आ रहा है। उन्होंने कहा कि एक बार फिजिशियन से दिखा लीजिये। हमने मेदांता में ही फिजिशियन को दिखाया। उन्होंने कई टेस्ट करवाये। टेस्ट सब सही आये। उन्होंने कुछ दवा दी। कहा इससे ठीक हो जायेगा। पापा का फीवर ठीक भी हुआ। मैंने पापा और मम्मी से कहा कि आंकोलॉजिस्ट ने कहा है कि अभी और कीमो करेगा। पापा ने कहा मुझे अब कीमो नहीं कराना। अभी तो रेडिएशन हुआ है। मैं कीमो बर्दाश्त नहीं कर पाऊंगा। मुझमें अब शक्ति नहीं है। मुझे रांची ले चलो। मैं यहां नहीं रहूंगा। कीमो के लिए न तो पापा ही तैयार थे, न ही मां और मैं तो कतई नहीं। मुझे पता था कि अगर कीमो हुआ, तो मैं पापा को शायद रांची नहीं ले जा पाऊंगा, क्योंकि पापा के शरीर में अब खून के अलावा कुछ बचा नहीं था। पापा बस अपने विल पावर की बदौलत खड़े थे। तय हुआ कि जब पापा को बेहतर फील होगा, तब हम लोग कीमो के लिए जायेंगे। लेकिन अभी तो यह मुमकिन नहीं है। हम लोग रांची आ गये।

## मैं रहूं या ना रहूं, अखबार निकलना चाहिए

पापा रांची आकर खुश थे। 28 दिनों के बाद वह रांची आये थे। आते ही उन्होंने फिर से दफ्तर में एंट्री की। कुछ देर बैठे और बातें की। सब सही चल रहा था। मैं रोज की तरह पापा के लिए जूस बनाता। सुबह 6 से 12 बजे तक पापा में ही लगा रहता। पापा को जूस पिलाने के बाद नाश्ता करवाता। कभी-कभी ना खाने कि जिद करते, तो उन्हें अपने हाथों से खिलाता। पापा को नहलाने के बाद मैं फ्रेश होता और नहाने जाता। दिन में जब पापा खाने में आनाकानी करते, तो मम्मी बोलती रुकिए बड़ा बेटा को बुलाती हूं, क्योंकि पापा इस दौरान न मम्मी की सुनते, ना ही राहुल की। उसके बाद पापा तुरंत खा लेते। रात को हम दोनों भाई पापा के पास बैठते और उनका पैर दबाते। खूब बातें भी करते। पापा बोलते, बेटा तुम लोग हमेशा एक साथ रहना। अखबार को आगे बढ़ाना। काम नहीं रुकना चाहिए। मैं रहूं या ना रहूं अखबार निकलना चाहिए। हम दोनों भाइयों ने उनके सामने प्रण लिया, पापा अखबार भी निकलेगा और आगे बभी बढ़ेगा। आप चिंता मत करिये। आप जल्दी ठीक हो जाइयेगा। आपको कुछ हुआ थोड़े है। हम लोग सितंबर में फिर से गांव चलेंगे। फिर मस्ती करेंगे। पापा को सुलाने के बाद हम दोनों भाई सोने जाते। कुछ दिन के बाद पापा को फिर से फीवर आना शुरू हुआ। मुझे समझ में नहीं आ रहा था कि फिर से फीवर क्यों आ रहा है। अभी तो सारे चेकअप हुए। मैंने मेदांता में डॉक्टर से बात की। उन्होंने कहा कि यूरिन कल्चर करवा लीजिये। पता चला कि पापा को फिर से यूरिन इनफेक्शन हो गया है। अभी कुछ दिन पहले ही हम मेदांता में इसका ट्रीटमेंट करवा के आये थे। खैर पापा का ट्रीटमेंट शुरू हुआ और इनफेक्शन भी ठीक हो गया। लेकिन इस बीच पापा का हीमोग्लोबिन का गिरना बंद नहीं हुआ। मैं हर तीन-चार दिन में पापा के लिए ब्लड का इंतजाम करता और चढ़वाता। यह सिलसिला कैंसर ट्रीटमेंट के बाद से जो शुरू हुआ, रुकने का नाम नहीं लिया। मैंने कई बार डॉक्टर से पूछा भी ऐसा क्यों हो रहा है। उनका कहना था कि बोन मैरो सप्रेस होने के कारण होता है। ठीक हो जायेगा। बीच-बीच में पापा को बेहतर फील होता। वह योग भी करते। इस बीच कई रिश्तेदार पापा को देखने आते। मैंने उन्हें साफ मना कर रखा था कि आप लोग आइये, लेकिन कोई पापा से निगेटिव बात नहीं करेगा, और तो और, उनके सामने रोयेगा नहीं।

## रात को कई बार उठ पापा के कमरे में झांकता, पापा और मम्मी को सोता देख चला जाता

पापा अब बेड पर ज्यादा समय बिताते। बीच-बीच में मैं उन्हें चलाता। हल्का-फुल्का हाथ-पैर की थैरेपी कराता। व्यायाम कराता। योगा भी करवाता। पापा की पीठ का दर्द बीच-बीच में उठ जाता। हैवी पेनकिलर खाना पड़ता। जब भी मैं रात को सोने जाता, डर लगा रहता। रात को कई बार उठ पापा के कमरे में झांकता। पापा और मम्मी को सोया हुआ देख चला जाता। दिन में तीन बार मैं पापा की बीपी, हार्ट रेट और ऑक्सीजन लेवल को मॉनिटर करता। एक दिन अचानक पाया कि पापा का हार्ट रेट बढ़ा हुआ है। 140 से अधिक था। पापा को फीवर भी था और बीपी भी बढ़ा हुआ था। मैंने पापा को कुछ बोला नहीं। फीवर की दवा दी और थोड़ी देर वाच किया। हड़बड़ाया नहीं। मैंने उस दौरान पास के सैमफोर्ड अस्पताल में बात कर ली थी। मैंने राहुल को बोला गाड़ी निकलवाओ। मैंने मां को बताया अभी पापा को अस्पताल ले जाऊंगा, तुम लोग पैनिक मत होना। पापा का हार्ट रेट बढ़ा हुआ है। फिर मैंने पापा को हलके अंदाज में बोला पापा एक बार सैमफोर्ड अस्पताल चलते हैं। थोड़ा दिखा लेते हैं कि फीवर क्यों आ रहा है। पापा को मैंने नहीं बताया कि उनका हार्ट रेट बढ़ा हुआ है, नहीं तो वह पैनिक करते। पापा बोले हां ले चलो। मुझे भी थोड़ा अनइजी लग रहा है। पापा उठे और चलने लगे, मैंने कहा पापा चेयर पर बैठ जाइये। सीढ़ी क्यों उतरियेगा। वह चेयर पर बैठ कर सीढ़ी नहीं उतरना चाह रहे थे। मैंने कहा पापा प्लीज बैठ जाइये। पापा बैठे और हमने उन्हें सीढ़ियों से उतारा। गाड़ी में बिठा अस्पताल ले गये। पापा एडमिट हुए, जांच हुई तो पाया कि पापा के लंग्स में फिर से पानी भर गया था। लंग्स से पानी निकाला गया। करीब 1200 एमएल पानी निकला। उस दौरान ब्लड भी चढ़ाया गया। वहीं हीमोग्लोबिन वाला इशू तो था ही। फिर पापा चार-पांच दिनों में डिस्चार्ज हो गये। घर आकर मैंने पापा को कहा कि मेदांता में हमने कई बार डॉक्टर से पूछा भी कि लंग्स में पानी तो नहीं भरेगा न। लेकिन उनका कहना था कि इतनी जल्दी पानी नहीं भरता। उसके बाद कई चेकअप भी हुए थे। पाया गया कि पानी तो है, लेकिन अभी उतना नहीं है कि निकालना पड़े। हम तो डॉक्टर के भरोसे पर ही थे।

## पापा मेरे लिए अब मेरे बेटे हो चुके थे

खैर पापा अब पहले से बेहतर फील कर रहे थे। खाना-वाना भी अच्छे से खा रहे थे। सुबह जूस पीते, खाने में मिल्लेट्स की रोटी, सावां का चावल, या जौ का भात, किनुआ यानि मोटा अनाज खाते। गेहूं छोड़ कर। दिन में सत्तू पिया करते। फल खाया करते। शाम को फिर से मिल्लेट्स का आइटम और उसके बाद मसूर दाल, सहजन और उसके पत्तों का सूप देता। यही रूटीन चलता। रेडिएशन के बाद पापा को यूरिन करने में दिक्कत आती। बार-बार यूरिन होता तो वह उठकर बाथरूम नहीं जा पाते। बहुत कमजोरी महसूस होती। जब मम्मी आस-पास नहीं होती, तो मैं कई बार पापा का डायपर बदल देता। पापा शुरू में तो हिचकिचाते, लेकिन मैं नहीं मानता। बदल देता। वैसे डायपर बदलने में मुझे दिक्कत नहीं होती, क्योंकि मैं अपने तीन साल के बेटे रुद्रव के डायपर को कई दफा बदलता था। एक्सपर्ट हो चुका था। पापा में मुझे रुद्रव ही दिखता। पापा मेरे लिए अब मेरे बेटे हो चुके थे। डिस्चार्ज होने के तीन-चार दिनों के बाद मुझे लगा कि पापा का हीमोग्लोबिन टेस्ट करवा लेना चाहिए। मैंने पापा से पूछा कि पापा आपको कैसा लग रहा है। पापा ने कहा अच्छा लग रहा है। लेकिन मैंने टेस्ट करवा लिया। देखा हीमोग्लोबिन अभी ठीक है। तीन-चार दिन बाद फिर से देखा जायेगा। अगर पापा को अच्छा लगेगा, तो टेस्ट की जरूरत नहीं पड़ेगी। दो दिनों के बाद पापा को शाम में पेट में दर्द उठा। हमलोग फिर से पास के सैमफोर्ड अस्पताल गये। पापा एडमिट हुए। पापा को हेपिटाइटिस ए और जांडिस डिटेक्ट हुआ। इलाज शुरू हुआ। कंट्रोल करने की कोशिश की गयी। पाया गया कि कंट्रोल हो जायेगा, तो एक-दो दिन में डिस्चार्ज हो जायेंगे। गुरुवार की सुबह मैंने पापा को अस्पताल की गैलरी में वाक भी कराया। कुर्सी पर बिठा कर हाथ-पैर को रिलैक्स करवाया। यह पहली दफा था, जब मेरे छोटा भाई ने पापा की वीडियो बनायी, मेरी पत्नी ने तस्वीर ली। मैंने इलाज के क्रम में कभी भी पापा की तस्वीर नहीं निकाली थी। पापा को मैं फिर कमरे में ले गया। हम सभी पापा के साथ थे। मां दिन भर पापा के साथ अस्पताल में रहतीं। मैं घर आकर पापा के लिए कुछ बनाता रहता। पत्नी ने भी पूरा साथ दिया। रात 12 बजे जब मैं पापा को सुलाकर घर आया तो करीब 3 बजे फोन आया कि पापा सोये नहीं हैं। पापा को असहनीय पीड़ा हो रही है। मैं तुरंत अस्पताल गया। पापा को पॉटी करने में दिक्कत हो रही थी। फिर एनीमा के जरिये पापा को पॉटी करायी गयी। अब सुबह हो चुकी थी। मैं सुबह ही घर आया, पापा के लिए जूस बनाया और उसे लेकर अस्पताल आ गया। पापा को मैंने दूसरे कमरे में शिफ्ट करवाया। मैं और पापा एक सोफे पर बैठे। मां और भाई खड़े थे। पापा ने मेरे हाथों से जूस पिया। यह आखिरी जूस था, जो पापा ने मेरे हाथों से पिया। उसके बाद पापा सो गये। चार पांच घंटे नींद में सोये। उसके बाद उनकी आंख नहीं खुली। स्थिति बिगड़ने लगी। आइसीयू में शिफ्ट कराया गया। मैंने कैंसर स्पेशलिस्ट से भी बात की। उन्होंने रिपोर्ट्स देखी और कहा कि पापा को शांति से जाने दिया जाये। मुझे पता था कि पापा के पास एक साल से भी कम समय था। लेकिन मैंने अपने पिता के लिए हर वो प्रयास किया, जो एक आम इंसान के वश में हो। मैं अपने पिता के लिए रोज पहाड़ तो लाता, लेकिन वह बूटी कौन सी थी, जो उनके लिए संजीवनी का काम करती, उसकी पहचान नहीं कर पाया, बस ईश्वर यहीं जीत जाते हैं और इंसान यहीं पिछड़ जाता है। मेरे पापा मुझे छोड़ कर चले गये। मैं हार गया। पापा को बचा नहीं सका। पापा हमें छोड़ कर चले गये थे। पापा अब नहीं रहे, ,लेकिन उनका सपना 'आजाद सिपाही' अभी जीवित है, जिसे आगे बढ़ाना ही लक्ष्य है।

(समाप्त)

www.epaper.azadsipahi.in

30 अगस्त, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 310

ब्लूमबर्ग का दावा : जिनपिंग की सीक्रेट चिट्ठी से सुधरे भारत-चीन रिश्ते




# पूर्व मंत्री एनोस एक्का समेत दस आरोपी दोषी करार

- सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन की खरीद-बिक्री का मामला
- सीबीआइ की विशेष अदालत से एक आरोपी बरी
- आज सजा के बिंदु पर सुनवाई होगी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीबीआइ की विशेष अदालत ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का समेत 10 आरोपियों को दोषी करार दिया है, जबकि एक आरोपी गोवर्धन बैठा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। शनिवार को सजा के बिंदु पर विशेष अदालत में सुनवाई होगी। यह मामला सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन की खरीद-बिक्री करने से जुड़ा है।

**15 साल पुराने मामले में अदालत ने सुनाया फैसला:** सीबीआइ की विशेष अदालत ने सीएनटी एक्ट उल्लंघन के 15 साल पुराने मामले में शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। इसमें पूर्व मंत्री एनोस एक्का, पत्नी मेनन एक्का, रांची के तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात, राज किशोर सिंह, फिरोज अख्तर, ब्रजेश मिश्रा, अनिल कुमार, मणिलाल महतो, परशुराम केरकेट्टा और ब्रजेश्वर महतो को दोषी करार दिया गया है, जबकि एक आरोपी गोवर्धन बैठा को बरी कर दिया गया।

**2006 से 2008 के बीच खरीदी गयी थी जमीन:** पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने अपनी पत्नी मेनन एक्का के नाम से रांची के हिनू में 22 कट्ठा, ओरमांझी में 12 एकड़, नेवरी में चार एकड़ और चुटिया के सिरम टोली मौजा में नौ डिसमिल जमीन की खरीदारी की थी। इन सभी जमीन की खरीदारी मार्च 2006 से मई 2008 के बीच की गयी थी।

### एनोस एक्का पर ये है आरोप

एनोस एक्का पर झारखंड में मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग करने और फर्जी पते पर आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री करने का गंभीर आरोप है। प्रशासनिक पदाधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर जमीन की खरीदारी की गयी थी।

# दुनिया की नजरें ही नहीं भरोसा भी भारत पर: मोदी

- प्रधानमंत्री ने भारत-जापान ज्वाइंट इकोनॉमिक फोरम की बैठक को संबोधित किया
- जापानी पीएम ने कहा, भारतीय टैलेंट और जापानी तकनीक एक-दूसरे के लिए बने



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/ टोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के जापान दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में भारत-जापान ज्वाइंट इकोनॉमिक फोरम की बैठक को संबोधित किया। मोदी ने अपने भाषण में भारत को निवेश के लिए सबसे बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की नजरें ही नहीं, भरोसा भी भारत पर है। मोदी ने कहा कि जापान टेक्नोलॉजी में पावरहाउस है, तो वहीं भारत टैलेंट का पावरहाउस है। टेक्नोलॉजी और टैलेंट ही नेतृत्व कर सकते हैं। भारत और जापान में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

**डिजिटल पार्टनरशिप 2.0 पर काम शुरू:** प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा ज्वाइंट क्रेडिट मेकेनिज्म एनर्जी के लिए एक बड़ी जीत है। यह ग्रीन एनर्जी पार्टनरशिप हमारी अर्थव्यवस्था की तरह मजबूत है। इसी दिशा में हम सस्टेनेबल फ्यूल और बैटरी सप्लाई चेन पार्टनरशिप भी शुरू कर रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने दोनों देशों के लिए हाइ टेक्नोलॉजी सेक्टर में सहयोग बढ़ाने और प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस मामले में डिजिटल साझेदारी 2.0 और एआइ सहयोग पर काम किया जा रहा है। सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ मटेरियल हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर हैं।

**इशिबा बोले, 6 साल पहले वाराणसी गया था:** जापानी पीएम इशिबा ने कहा कि 6 साल पहले मुझे वाराणसी जाने का सौभाग्य मिला था। वहां मैं भारतीय इतिहास को देखकर हैरान रह गया था। मोदी और इशिबा की मौजूदगी में दोनों देशों के विदेश सचिवों ने हाइड्रोजन-अमोनिया और खनिज से जुड़े समझौते (एमओयू) की फाइल का आदान-प्रदान किया।

### 6 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य

मोदी ने कहा कि हमने अगले 10 सालों में जापान ने भारत में 10 ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) के निवेश का लक्ष्य रखा है। भारत और जापान के छोटे और मध्यम उद्योग (एमएसएमइ) और स्टार्टअप को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जायेगा। बताते चलें कि बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में प्रधानमंत्री का गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। मोदी ने कहा कि भारत और जापान की साझेदारी भरोसे पर बनी है। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों और दुनिया के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि का साझा सपना लेकर चल रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए जापान के पीएम इशिबा को भारत आने का न्योता दिया।

# पटना : कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर चले लाठी और डंडे

- भाजपा कार्यकर्ता पीएम पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन कर रहे थे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** पटना में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय यानी सदाकत आश्रम पर शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता भिड़ गये। उन्होंने एक-दूसरे पर लाठिया चलायीं। भाजपा का आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पथराव किया, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ करने की कोशिश की और पत्थरबाजी की। बता दें कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता भिड़ गये।

**प्रदर्शन के दौरान भारी हंगामा:** बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि मैं कांग्रेस के नेताओं को चेतावनी देता हूं। आपने मां का अपमान किया है। बिहार का एक-एक बेटा आपको इसका जवाब देगा। आपने प्रधानमंत्री का अपमान किया है, एक-एक भाजपा कार्यकर्ता इसका बदला लेगा। हम प्रदर्शन करने आये थे। शांतिपूर्ण प्रदर्शन था, लेकिन कांग्रेस कार्यालय के अंदर से ईंट और पत्थर चलाये गये। भाजपा के कार्यकर्ता बंदूक और ईंट से नहीं डरते। हम मां के अपमान का बदला लेकर रहेंगे। भाजपा विधायक अरुण कुमार ने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पत्थरबाजी में कई भाजपा कार्यकर्ताओं के सिर फूट गये हैं। भाजपा नेता ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है।

**कांग्रेस बोली, भाजपा को मिलेगा जवाब:** वहीं, कांग्रेस नेता डॉ आशुतोष ने कहा कि इसका करारा जवाब दिया जायेगा। यह सब सरकार की संलिप्तता से हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जो काम करवा रहे हैं, वह पूरी तरह गलत है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और प्रदर्शन भी किया।

### पीएम मोदी को गाली देने वाला रफीक गिरफ्तार

वहीं, बिहार पुलिस ने शुक्रवार को दरभंगा में एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गालियां देने वाले रफीक उर्फ राजा को गिरफ्तार कर लिया। राजा के खिलाफ दरभंगा के सिमरी थाने में शिकायत दर्ज की गयी थी। दरभंगा में बुधवार को कांग्रेस नेता मोहम्मद नौशाद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत मां को रफीक ने गाली दी थी।

## सुधांशु कुमार शशि बने दुमका के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने जिला जज रैंक के कई न्यायिक अधिकारियों के तबादले और नयी पदस्थापन की अधिसूचना जारी की है। आदेश के अनुसार, संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से अपने नये पदों पर योगदान योगदान दें। जारी सूची के अनुसार, पाकुड़ सिविल कोर्ट में प्रिंसिपल फैमिली कोर्ट के जज के पद पर कार्यरत सुधांशु कुमार शशि को दुमका सिविल कोर्ट का नया प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही गढ़वा सिविल कोर्ट में प्रिंसिपल फैमिली कोर्ट के जज के रूप में कार्यरत कौशल किशोर झा को गढ़वा सिविल कोर्ट का प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज बनाया गया है। वहीं, जमशेदपुर लेबर कोर्ट में सेवारत तौफीकुल हसन को रामगढ़ सिविल कोर्ट के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। हाइकोर्ट द्वारा जारी इस अधिसूचना में जिला जज रैंक के आधा दर्जन से अधिक जजों का स्थानांतरण किया गया है।

## विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी आज रांची पहुंचेंगे, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से करेंगे मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी शनिवार को रांची आयेंगे। वह मुख्यमंत्री आवास में सीएम सह झामुमो सुप्रीमो हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू प्रदेश, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ कांग्रेस और झामुमो के सांसद मौजूद रहेंगे।



## राज्यपाल से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

# सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआइ जांच की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में सूर्या हांसदा पुलिसिया एनकाउंटर के मुद्दे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल राजभवन पहुंचा और राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। सूर्या हांसदा एनकाउंटर केस मामले में दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से भली-भांति अवगत होंगे कि झारखंड के गोड्डा जिले में 11 अगस्त 2025 को आदिवासी समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की कथित पुलिसिया मुठभेड़ में हत्या कर दी गयी। 10 अगस्त को सूर्या हांसदा को पुलिस ने उनके रिश्तेदार के घर, ग्राम-नावाडीह, प्रखंड-मोहनपुर, जिला-देवघर से उठाया। 11 अगस्त को ललमटिया, महागामा में पुलिस ने एनकाउंटर दिखाकर उनकी हत्या कर दी। गिरफ्तारी के बाद न तो मेडिकल परीक्षण कराया गया और न ही सक्षम न्यायालय में पेश किया गया। सूर्या हांसदा गंभीर रूप से बीमार (टाइफाइड से ग्रसित) थे और हाल ही में वेल्लोर से इलाज कर लौटे थे।

सूर्या हांसदा चार बार बोरियो विधानसभा क्षेत्र से लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ चुके थे। वे ललमटिया स्थित चांद भैरव राजा राज विद्यालय संचालित कर सैकड़ों गरीब आदिवासी बच्चों की शिक्षा और पालन-पोषण की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वे अवैध खनन, आदिवासी भूमि पर कब्जा, धार्मिक शोषण और घुसपैठ जैसे मुद्दों पर संघर्षरत थे। किसी भी न्यायालय ने उन्हें अपराधी घोषित नहीं किया था। तथाकथित एनकाउंटर स्थल पर खून का कोई निशान नहीं मिला और पत्रकारों व स्थानीय लोगों को वहां जाने से रोका गया।

# बंदोबस्ती को लेकर तीन बार निकाली गयी निविदा में एक भी संवेदक ने नहीं लिया हिस्सा

- बंदोबस्ती में सुरक्षित जमा राशि का रेट अधिक को बताया कारण
- पशु हाट बाजार की बंदोबस्ती अवैध, सरकार ने पूर्व से ही लगा रखी है रोक




**गौतम पाल**

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरी तिलैया नगर परिषद में विभिन्न सैरातों की बंदोबस्ती को लेकर दो माह में तीन बार निकाली गयी। निविदा में एक भी संवेदकों ने हिस्सा नहीं लिया। इसके पीछे का कारण नगर परिषद द्वारा विभिन्न सैरातों की बंदोबस्ती को लेकर सुरक्षित जमा राशि में ज्यादा रेट की वजह बताया गया। विभिन्न सैरातों की बंदोबस्ती में अशोका होटल के पीछे सब्जी बाजार में हिस्सा लेने वाले संवेदकों ने बताया कि झुमरी तिलैया में बाजार कहीं भी व्यवस्थित नहीं है। चुंगी वसूली बंदोबस्ती में शामिल होने वाले संवेदकों ने बताया कि सड़कों पर लगने वाले ठेला, खोमचा वह अन्य सामग्री बेचने वाले लोग भी अतिक्रमण के कारण आये दिन डिस्टर्ब रहता है, ऐसे में सुरक्षित जमा राशि की रेट ज्यादा रखे जाने से फायदा नजर नहीं आता। इसी प्रकार सरकारी बस स्टैंड में छोटे व बड़े वाहनों की बंदोबस्ती, पूर्णिमा टॉकीज व महाराणा प्रताप चौक के समीप ऑटो/इ रिक्शा की बंदोबस्ती, श्रम कल्याण केंद्र के निकट छोटे व बड़े वाहनों की बंदोबस्ती, झंडा चौक व वीर कुंवर सिंह चौक स्थित फ्लाइओवर के नीचे पार्किंग की बंदोबस्ती के अलावा प्रखंड कार्यालय के समीप लगने वाले पशु हाट बाजार की बंदोबस्ती में सुरक्षित जमा राशि ज्यादा बढ़ा दी गयी है। अशोका होटल के पीछे सब्जी बाजार की बंदोबस्ती की सुरक्षित जमा राशि 13 लाख एक हजार, पुराना कार्यालय के निकट ऑटो इ- रिक्शा स्टैंड की बंदोबस्ती की सुरक्षित जमा राशि 6 लाख 15 हजार, सरकारी बस स्टैंड में छोटे व बड़े वाहन की बंदोबस्त की सुरक्षित जमा राशि 4.90 लाख, पूर्णिमा टॉकीज में महाराणा प्रताप चौक के निकट ऑटो इ-रिक्शा स्टैंड की बंदोबस्ती की सुरक्षित जमा राशि 8.67 लाख, श्रम कल्याण केंद्र के निकट छोटे व बड़े वाहनों की बंदोबस्ती की सुरक्षित जमा राशि 6.52 लाख, झंडा चौक फ्लाइओवर के नीचे पार्किंग की बंदोबस्ती की सुरक्षित जमा राशि 3.62 लाख, वीर कुंवर सिंह चौक के निकट पार्किंग की बंदोबस्ती की सुरक्षित जमा राशि 5.15 लाख तथा ब्लॉक रोड स्थित पशु हाट बाजार की बंदोबस्ती की सुरक्षित जमा राशि 50 हजार रखी गयी है। यहां बताना जरूरी होगा ब्लॉक रोड स्थित पशु हाट बाजार जो पूरी तरह अवैध है इस पर सरकार ने पहले ही रोक लगा रखी है। बावजूद अवैध तरीके से पशु हाट बाजार की बंदोबस्ती करायी जाती है। यह भी बताना जरूरी होगा कि ओवर ब्रिज के नीचे पार्किंग की बंदोबस्ती 2018-19 के बाद से हुई नहीं, जबकि अन्य विभिन्न सैरातों की बंदोबस्ती 2021 के बाद से करायी ही नहीं गयी। क्योंकि नगरस्पार्क क्षेत्र में स्थायी कुछ भी नहीं है। सड़क पर ही अस्थाई तौर पर बस पड़ाव का संचालन होता है। नाम नहीं छापने की शर्त पर संवेदकों ने बताया कि नगर परिषद विभिन्न सैरातों की बंदोबस्ती की सुरक्षित जमा राशि को इसलिए बढ़ा देती है ताकि कोई संवेदक हिस्सा ना ले।

# केंद्र सरकार के रबर स्टांप नहीं बनेंगे झारखंड सहित गैर भाजपा शासित राज्यः राधाकृष्ण किशोर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जीएसटी को लेकर 3-4 सितंबर को जीएसटी काउंसिल की होने वाली बैठक के पूर्व दिल्ली में हुए 8 राज्यों की बैठक में झारखंड सरकार की ओर से शामिल हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड का पक्ष रखते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की नेतृत्व में झारखंड सरकार संपूर्ण राज्य का विकास चाहती है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना झारखंड सरकार की प्राथमिकता है। जीएसटी के लागू होने से उत्पादक राज्य होने के कारण झारखंड को भारी आर्थिक क्षति हो रही है। किशोर ने कहा कि मेरे व्यक्तिगत अध्ययन के आधार पर प्रति वर्ष 3-4 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण ने कहा कि भारत देश इसलिए मजबूत है, क्यूंकि हमारे देश की समाजिक, आर्थिक व्यवस्था मजबूत है। संशोधित जीएसटी दर लागू किये जाने से सभी राज्यों के साथ-साथ देश को भी नुकसान उठाना पड़ेगा। इसका असर जीडीपी पर भी पड़ने वाला है।

बैठक में किशोर ने कहा कि जीएसटी के लागू होने से आर्थिक क्षति भाजपा शासित प्रदेशों को भी होगी। यह दूसरी बात है कि केंद्र में भाजपा नीत सरकार होने के कारण ये राज्य खुल कर बोल पाने के स्थिति में नहीं हैं। गैर भाजपा शासित 8 राज्य तभी के वित्त मंत्रियों ने बैठक में यह तय किया कि आगामी 3-4 सितंबर को दिल्ली में होने वाली जीएसटी की बैठक में केंद्र सरकार से यह मांग करेंगे कि जीएसटी के संशोधित दर के निर्धारण से झारखंड जैसे राज्यों को होने वाली आर्थिक क्षति की भरपाई केंद्र आर्थिक मुआवजा दे कर तब तक करे, जब तक कि राज्यों के राजस्व सुदृढ़ ना हो जायें। वित्त मंत्री राधाकृष्ण ने बैठक में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में प्रस्तावित दर से आम उपभोक्ताओं को कोई फायदा नहीं होने वाला है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in
04

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ गोमियां मार्ग स्थित नरकी में भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, और दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार युवक होंडा साइन बाइक से नरकी शुक्रवार बाजार से रंगामाटी जा रहे थे, विष्णुगढ़ से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से नरकी मोड़ बाजार से थोड़ी दूर पर बाइक चला रहे गोविंद गंझू 28 पिता गणेश गंझू सा रंगामाटी नरकी थाना विष्णुगढ़ निवासी की मौत दर्दनाक सड़क हादसे में घटनास्थल पर हीं हो गयी, और मुरली गंझू पिता सुखलाल गंझू, उम्र करीब 27 वर्ष, डुमरिया टांड़, कुल्ही, पिपरा रामगढ़ की हालत गंभीर है वहीं चोलेश्वर गंझू पिता हरिनाथ गंझू, उम्र करीब 28 वर्ष, रंगामाटी, नरकी, विष्णुगढ़ की हालत खतरे से बाहर है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सवारी गाड़ी में लादकर तत्काल विष्णुगढ़ सीएचसी लाया गया जहा, विष्णुगढ़ चिकित्सा प्रभारी डॉ. अरुण कुमार सिंह की निगरानी में डॉ योगेन्द्र कुमार की टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायलों के बेहतर इलाज को लेकर हजारीबाग रेफर कर दिया।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** धार्मिक आस्था और भक्ति के रंग में डूबा शहर उस समय आध्यात्मिक माहौल से सराबोर हो गया जब श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की गयी। यह कलश यात्रा कोडरमा रेलवे स्टेशन स्थित काली मंदिर से कथावाचक आचार्य रामकरण सहल और अनुप जोशी, नीलम जोशी यजमान के रूप में शामिल होकर प्रारंभ हुई। शोभायात्रा स्टेशन रोड, झंडा चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल श्री अग्रसेन भवन पहुंची। इस दौरान पूरा वातावरण राधे-राधे और गजब मेरे खाटू वाले जैसे भक्ति गीतों से गूंजता रहा। कलश यात्रा में महिलाओं ने पारंपरिक राजस्थानी, हरियाणवी परिधानों में भाग लिया वहीं श्रद्धालु पुरुष एकरूपता के साथ पीला कुर्ता-पजामा धारण किए हुए थे। भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। भागवत में शामिल पंडित बिकास भट्ट, अरविन्द, भगवान दीन मिश्रा, प्रभुनाथ पाण्डेय, बजरंगी शर्मा, अमरनाथ मिश्रा, नितेश चंद्रवंशी, के.के.अग्रवाल, लड्डू गोपाल राजगढ़िया, गौपाल शर्मा, कैलाश जोशी, सुशील जोशी, पवन जोशी, महेंद्र जोशी, राधेश्याम जोशी, विजय जोशी, लाला जोशी, मनोज जोशी, नरेन्द्र जोशी, चन्द्रशेखर जोशी, श्रेअंश जोशी, धीरज जोशी, केशव जोशी, ईशान जोशी, प्रवीण जोशी, संजय शर्मा, नरेन्द्र पाल, अरुण मोदी, संजय बनर्जी, पुष्पा जोशी, रीता शर्मा, संगीता शर्मा, किरण जोशी, सरोज जोशी, मंजु जोशी, ललीता शर्मा, रज्जु शर्मा, बेबी शर्मा, सुजाता जोशी, सीमा सहल, सरोज पांडेय, रुक्मणी जोशी, मोनीका शर्मा, शालिनी शर्मा, नैना जोशी, मुस्कान शर्मा, दिलीप मजुमदार, बिनोद सिन्हा, उपेन्द्र पाण्डेय, राजीव तिवारी शामिल हुए।

## राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में डीवीसी केटीपीएस ने मेजर ध्यानचंद की जयंती पर इंडिया मिशन फिटनेस, खेल भावना और अपने अधिकारियों की भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए फिट इंडिया मिशन के बैनर तले 29 से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर केटीपीएस के डीवीसी और सीआइएसएफ अधिकारियों के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य महा प्रबंधक सह परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर, जीएम तापस मिर्धा, अमन ज्योति, डीजीएम एच आर सुखमोय नायक, डीवीसी के गणमान्य व्यक्तियों का दीपेंद्र सिंह ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सीआइएसएफ कमांडेंट कुलदीप कुकरीती ने अपनी टीम के साथ शामिल हैं। कमांडेंट सरोज कुमार साहा, इंस्पेक्टर सतीश कुमार, सुनील कुमार, एसआइ कृष्णकांत कुमार, श्रीकांत, सुखविंदर, मणिकांतम अन्य सीआईएसएफ अधिकारी जोशीले मुकाबले में डीवीसी केटीपीएस ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 108 रन बनाए। सीआइएसएफ केटीपीएस ने सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 ओवर शेष रहते 109/7 का स्कोर बनाया और मैच जीत लिया। परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि यह उत्सव केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं था बल्कि आपसी सम्मान को मजबूत करने, दोस्ती को बढ़ावा देने और फिटनेस और टीम वर्क को बढ़ावा देने के बारे में भी था। फिट इंडिया मिशन के माध्यम से डीवीसी केटीपीएस अपने अधिकारियों को सीआईएसएफ के साथ सद्भाव और सौहार्द का पोषण करते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना जारी रखता है। मौके पर नवीन कुमार, संजय कुजुर सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## जिला खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने पत्थर और बालू खनिज के अवैध परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र अंतर्गत पत्थर, माईका एवं ब्लू स्टोन खनिज के अवैध खनन, परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई और प्रदूषण नियमों के तहत जिला अंतर्गत संचालित खनन पट्टा, क्रशर की जांच से संबंधित समीक्षा की। इसके साथ ही उपायुक्त ने खनन विभाग, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी के द्वारा अवैध खनन व परिवहन करने पर हुई कार्रवाई की भी जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में पत्थर और बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। साथ ही, बालू के अवैध भंडारण की भी जांच कर आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। उपायुक्त ऋतुराज ने वन क्षेत्र के अंतर्गत पत्थर, माईका और ब्लू स्टोन खनिज के अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त, जिले में संचालित खनन पट्टा धारकों और क्रशर इकाइयों की प्रदूषण नियंत्रण नियमों के तहत जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नागेश्वर प्रसाद यादव की 20वीं पुण्यतिथि मनी

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम गगरेसिंगा निवासी भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार यादव ने अपने पिता नागेश्वर प्रसाद यादव की 20वीं पुण्यतिथि अपने पैतृक आवास पर क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकतोओं और बुद्धिजीवियों के उपस्थिति में मनाया। लोगों ने बारी बारी श्रद्धासुमन अर्पित किया। स्व नागेश्वर प्रसाद यादव सरल स्वभाव, मृदुभाषी के साथ-साथ सामाजिक न्याय के सच्चे सिपाही थे। वे लगातार 1990 से 2005 तक स्वर्गीय रमेश प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि भी रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मरकच्चो जिप सदस्य गुड़िया यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, विजय यादव, पूर्व मुखिया सह समाजसेवी पोखराज गुप्ता, उत्तरी पंचायत मरकच्चो मुखिया रंजीत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि शंभू सिंह, रविंद्र पांडे, केदार यादव, मुखलाल कुशवाहा, महेश यादव, वासुदेव यादव, मुकेश ठाकुर, विकास यादव, मुकेश राम, श्रीकांत यादव, पवन यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# 34 मवेशी लदे कंटेनर को पुलिस ने पकड़ा, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के चौपारण थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के चोरदाहा चेक पोस्ट पर एक बड़े मवेशी तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक कंटेनर वाहन से क्रूरतापूर्वक भरे गये 34 मवेशी (24 भैंसा और 10 भैंस) बरामद किये और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। चौपारण थाना पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली थी कि एक कंटेनर वाहन (संख्या- यूपी 70पीटी-9647) बरही की ओर से चौपारण होते हुए बिहार की तरफ मवेशी ले जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए, चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक बिंदेश्वर महतो और सशस्त्र बल शामिल थे। गठित टीम ने तत्काल चोरदाहा चेक पोस्ट पर वाहन जांच शुरू की। इसी दौरान, संदिग्ध कंटेनर को रोका गया और उसकी तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान, कंटेनर के अंदर क्षमता से अधिक और अमानवीय तरीके से 34 मवेशी भरे पाये गये। पुलिस ने तत्काल कंटेनर और सभी मवेशियों को जब्त कर लिया। मौके से कंटेनर चालक कालका प्रसाद (पिता मैगोलाल प्रजापति, निवासी- गुलामीपुर हटवारा, थाना- सैनी, जिला- कौशाम्बी, उत्तरप्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद, उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

इस संबंध में चौपारण थाना में कांड संख्या- 235/25, के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(5)/3(5) और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(डी), (ई), (एच) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस रैकेट में शामिल अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## इचाक पुलिस ने छह चोरों को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** इचाक पुलिस ने छह चोर को पकड़ा है। सभी पर ट्रैक्टर का बैटरी चोरी करने का आरोप है। छह में चार अलौंजाखुर्द गांव के है, जबकि एक करियातपुर और एक मांगुरा गांव का रहने वाला है। इचाक पुलिस को सूचना मिली कि अलौंजा कला गांव में छह व्यक्तियों को ट्रेक्टर का बैटरी चोरी करते हुए देखा गया है। सूचना पश्चात थाना की गशित दल एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उक्त सभी व्यक्तियों को चोरी किए बैटरी के साथ पकड़कर थाना लाया गया। तत्पश्चात इस संबंध में बैटरी चोरी करने के आरोप में इचाक थाना कांड संख्या -126/25 धारा - 303(2)/317(2)/3(5) बिएनएस दर्ज किया गया। जिनमें आकाश कुमार मेहता पिता टुनटुन मेहता, प्रशांत कुमार मेहता पिता राजू मेहता, अंकित कुमार मेहता पिता वरुण चंद्र प्रसाद मेहता, पिंटू कुमार मेहता पिता रामचंद्र कुमार मेहता सभी ग्रामअलौंजाखुर्द, गौतम कुमार कसेरा पिता किसून साव कसेरा ग्राम करियातपुर, निरंजन कुमार मेहता पिता महेंद्र प्रसाद मेहता ग्राम-मंगूरा सभी थाना इचाक शामिल हैं। पकड़ाए सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## आर्य कर्ण निधि लिमिटेड का मैनेजर गया जेल

**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** आर्य कर्ण निधि लिमिटेड बड़कागांव के मैनेजर लकुरा गांव निवासी बालकृष्ण महतो पिता बैजनाथ महतो को बड़कागांव पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बड़कागांव निवासी अरुणिमा पोद्दार पति अनिल सोनी के आवेदन पर आर्य कर्ण निधि के कोर कमेटी के सीएमडी रंजीत कुमार सहित 8 सदस्यों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए बड़कागांव थाना कांड संख्या 198/25 के तहत मामला दर्ज की गई है। आवेदन में आर्य कर्ण निधि कोर कमेटी के सदस्यों पर लगभग 18 लाख रुपए गमन करने का आरोप लगाया गया है।

## संदिग्ध अवस्था में मिला टोटो चालक का शव

### विरोध में टोटो चालक रहे हड़ताल पर, डिस्ट्रिक्ट मोड़ को किया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में गुरुवार की देर रात एक अधेड़ व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया है। घटना शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर चौक के पास की है। मृतक के गले में कटे का निशान और चेहरे में घाव का निशान पाया गया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। मृतक की पहचान लोहसिंघना निवासी 55 वर्षीय फैज अहमद उर्फ कैश के रूप में हुई है जो इ-रिक्शा चालक था। घटना की सूचना पाकर आस पास के लोग ने फैज अहमद को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले गये जहां चिकित्सकों उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों और अन्य लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। वहीं अत्यंत परीक्षण के बाद जिला परिषद चौक पर आक्रोशित लोगों ने शव के साथ जाम लगा दिया। जिससे जिला परिषद चौक जाम होगया। आक्रोशित लोग इसे हत्या बता, हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इधर दिन भाई टोटो चालकों ने अपना टोटो बंद रखा, जिससे सड़क पर एक भी टोटो नहीं चले। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन भी डिस्ट्रिक मोड़ चौक पर मोर्चा संभाले थी।

## खेल दिवस के अवसर पर विभावि में 'रन फॉर विकसित भारत' का हुआ आयोजन

कुलपति के नेतृत्व में हुआ पदयात्रा

प्रधानमंत्री का विकसित भारत का सपना, हम सबका सपना : कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में शुक्रवार को विकसित भारत युवा कनेक्ट अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा को लेकर कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा के द्वारा सड़क सुरक्षा के महत्त्व को बताया गया और युवाओं के लिए संदेश जारी किया गया। इसी कड़ी में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में ह्यरन फॉर विकसित भारत @2047 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें हरी झंडी दिखाने से पूर्व युवाओं को संबोधित करते हुए। कुलपति ने विश्विद्यालय परिसर में पिछले वर्ष हुए दुर्घटना पर दुख और चिंता प्रकट किया और सड़क सुरक्षा अभियान को आरंभ करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के कारण आकस्मिक मानव पूंजी ह्रास को रोकने का प्रयास किया जायेगा और इसके लिए विश्वविद्यालय के युवाओं को सामाजिक रूप से जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि विकसित भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है और इसका निर्माण तभी संभव है जब हमारी युवा पीढ़ी जागरूक, सक्रिय और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध हो। यह दौड़ केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि एक प्रतीक है—हमारे देश को आगे ले जाने की दौड है। साथ ही यह नारा दिया- विकसित भारत @2047- हमारा सपना, हमारे प्रधानमंत्री जी का सपना।

इस कार्यक्रम के पश्चात विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम के सामाजिक प्रचार-प्रसार के लिए कुलपति के नेतृत्व में विश्व विद्यालय प्रशासनिक भवन से समाहरणालय तक पदयात्रा का आयोजन किया गया साथ ही हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को कुलपति के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर उनके द्वारा दिये गये संदेश की प्रति प्रदान की गयी, और इस अभियान को गति प्रदान करने के लिए प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करने को कहा गया इसमें पुलिस अधीक्षक ने भी संवहन सेवकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस अभियान की सराहना की और इसे आगे बढ़ाने में सहयोग का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय पदाधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कार्यक्रम नोडल पदाधिकारी, शोधार्थी, समाज के गणमान्य व्यक्ति, विभिन्न विभाग के विद्यार्थियों और हजारीबाग के युवक-युवतियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

### हजारीबाग झील के पास घंटों चला हाइवोल्टेज ड्रामा

## झील में खड़े बोट पर बैठ लड़की देती रही जान देने की धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता





**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर स्थित झील में शुक्रवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। जहां एक युवती ने झील में खड़े वोट पर बैठ अपनी जान देने की धमकी देते रही। पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। शुक्रवार दोपहर एक बजे के आसपास एक लड़की जो हाथ में मोबाइल लेकर झील पहुंची और झील में खड़ी बोट पर बैठ गयी। घंटों तक मोबाइल से तेज आवाज में बाते कर रही थी और जान देने की धमकी देती रही। मिली जानकारी के अनुसार लड़की शादी शुदा थी। मामले की जानकारी मिलते ही लोहसिंघना थाना की पुलिस मौके पर पहुंच लड़की को समझाने बुझाने का काफी प्रयास किया, मगर लड़की एक भी बात सुनने को तैयार नहीं हुई। स्थानीय गोताखोरों को पानी में उतार कर लड़की को पकड़ने की कोशिश की गयी तभी घंटों से बैठी लड़की बोट पर ही बेहोश हो गयी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे बोट पर पकड़ लिया। प्रशासन ने लड़की को कब्जे में लेकर अस्पताल ले गयी, जहां उसका इलाज जारी था। प्रशासन की मुस्तैदी और गोताखोर की साहस से लड़की को बचाया गया। कुछ माह पूर्व भी ऐसे ही एक युवक ने इसी झील में डूबकर अपनी इहलिला समाप्त की थी।

## ढौठवा में सांसद ने मंदिर निर्माण के लिए दिये टाइल्स, ग्रामीणों ने जताया आभार



**कटकमसांडी (आजाद सिपाही)।** कटकमसांडी के ग्राम पंचायत ढौठवा के दर्जनों ग्रामीणों ने हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल से मिलने सांसद सेवा कार्यालय हजारीबाग पहुंचे। मिलने के उपरांत कई विषय पे चर्चा परिचर्चा किया गया। इसी बीच ग्रामीणों ने ढौठवा में हो रहे मंदिर निर्माण जो लगभग 1600 सो स्क्वायर एरिया में टाइल्स लगाना है। इसी को लेकर सांसद से मंदिर के लिए टाइल्स का मदद मांगे। इस बीच सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हम कभी भी मंदिर या पूजा पाठ के लिए हमेशा से सहयोग कर रहे है और करते रहेंगे। इस बीच सांसद के सदर विधानसभा सभा प्रतिनिधि किशोरी राणा ने अपने हाथों से ग्रामीणों को टाइल्स सुपुर्द किया। इस बीच मौजूद ग्रामीणों ने सांसद के प्रति जताया आभार। मौके पर सदर विधानसभा सभा प्रतिनिधि किशोरी राणा, पूर्वी मंडल से सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र कुमार बीरू, पश्चिमी मंडल से सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, महामंत्री अरविंद यादव, भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता सहदेव यादव, उदय यादव और दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी ने खेल दिवस धूमधाम से मनाया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह और बादम कोयला खनन परियोजनाओं में बड़े उत्साह और उमंग के साथ खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर ने कर्मचारियों में फिटनेस, टीम भावना और सौहार्द को और मजबूत किया। कार्यक्रम की शुरुआत फिटनेस प्रतिज्ञा के साथ हुई, जिसमें सभी कर्मचारियों ने स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह सुब्रत कुमार दास और पीबी-एनडब्ल्यू परियोजना प्रमुख केरेडारी के. चंद्रशेखर, और परियोजना प्रमुख बादम अरुण कुमार सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया। इस अवसर पर बैडमिंटन, टेबल टेनिस और रस्सा कशी जैसे रोचक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों परियोजनाओं के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक और प्रतिस्पर्धात्मक भावना से भाग लिया। प्रतियोगिताओं ने कार्यस्थल पर एकता, टीम वर्क और स्वास्थ्य के महत्व को उजागर किया। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड अपने कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की सीबीआइ जांच हो: संजय मेहता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी और आजसू के महासचिव संजय मेहता ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता किया। इस दौरान झारखण्ड सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, कि झारखंड की कानून व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। यहां हत्या आम बात है। चाहे एनटीपीसी के डीजीएम का हत्या हो या हजारीबाग के मंजीत यादव और उदय साव का, या फिर रांची के कांके में अनिल टाइगर की हत्या हो। यह बताने के लिए काफी होगा कि झारखंड में हत्या का व्यवसाय खूब फल फूल रहा है। संजय मेहता ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह पुलिस की सोची समझी चाल थी, जिसके तहत मुख्य धारा में लौटे आदिवासी सूर्या हांसदा की हत्या कर उसे एनकाउंटर का रूप दिया गया। आजसू ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की है। क्योंकि सूर्या हांसदा ने चार बार चुनाव भी लड़ा था। आजसू पार्टी ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि उसी संथाल परगना क्षेत्र में दाहु यादव नामक क्रिमिनल को पुलिस पकड़ नहीं पा रही है। आजसू पार्टी के नेता ने दावा किया कि सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं बल्कि पुलिसिया मर्डर है।

## रामा सोनी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत जोरदाग, चट्टी बरियातू और पचड़ा क्षेत्र का दौरा झामुमो नेता सह समाजसेवी रामा सोनी ने किया। दौरे के दौरान विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर रामा सोनी ने ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि कोल खनन कंपनियों के कार्यों के कारण क्षेत्र की जनता को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। ग्रामीणों ने सड़क, प्रदूषण और रोजगार से जुड़ी कठिनाइयों को साझा किया। रामा सोनी ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द कराया जायेगा और इसके लिए संबंधित विभागों और प्रशासन से बातचीत की जायेगी। उन्होंने कहा कि पगार क्षेत्र में एक कार्यालय खोला जायेगा, जहां ग्रामीण व कार्यकर्ता अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे और समस्याओं का त्वरित निदान किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे संगठित रहकर अपनी समस्याओं को मजबूती से सामने रखें। मौके पर मुख्य रूप से आनंद सिंह, उमेश साव, कुंदन पाठक, बदल साव, शुभम सिंह, शंकर सोनी, शमीम अंसारी, निरंजन महतो, छोटन सिंह, मोहम्मद अरबाज, विकास साव सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## केरेडारी परियोजना के कोल स्टॉक यार्ड में आग लगने से लाखों का कोयला जल कर राख

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना के स्टॉक डंप यार्ड में आग लगने से कोयला जलकर राख हो गया है। इस बाबत कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की बीते एक पखवाड़े से भी ज्यादा समय से उक्त यार्ड में आग लगी हुई है ओर काला हिरा धू-धू कर जल रहा है। कोयले के जलने से निकलने वाले जहरीले धुवें से आसपास के गावों में भारी प्रदूषण फैल रहा है जिसका सीधा असर ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। आग लगने के कारणों पर कंपनी के एक अधिकारी से फोन पर पूछे जाने पर कंपनी के एक अधिकारी ने कहा की कोयले के अधिक स्टॉक होने व कोयले की ट्रांसपोर्टिंग बीते दिनों बाधित होने की वजह से खुद आग लगी जो स्वाभाविक है। फिलहाल कम्पनी के द्वारा आग बुझाने का भी प्रयास किया जा रहा है लेकिन जब तक आग बुझाई जायेगी तब तक लाखों टन कोयला जल कर राख हो चूका होगा जिसका करोड़ों में नुकसान कम्पनी को उठाना होगा। विदित हो की एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना में कोयले के खनन का कार्य बिजीआर माइनिंग इंफ्रा लिमिटेड कंपनी के द्वारा किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना एक व्यक्ति की मौत

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पांडे मोड पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।यह घटना शुक्रवार दोपहर 2:47 बजे की बताया गया। घायल व्यक्ति की पहचान लातेहार जिला के बनालात निवासी अक्षयवट सिंह के रूप में हुई। घटना के बाद प्राथमिक उपचार टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घायल 61 वर्षीय अक्षयवट सिंह की मौत टंडवा सीएचसी में इलाज के दौरान हो गया। डॉक्टर जयनारायण कुमार ने बताया कि दोनों हाथ टूट हुई थी अंदरूनी चोट बहुत थी घायल इलाज के मौका भी नहीं दिया। जानकारी के अनुसार घटना के बाद पांडेय मोड से आगे इंडियन ऑयल पंप परिसर में जेसीबी द्वारा मिट्टी का काम कर रहा था। मृतक रांची से बुलेट पर सवार घर बनालात आ रहे थे तभी पांडेय पंप के पास जेसीबी में टक्कर मार दी जिससे उनके शरीर में गंभीर चोट आई। हॉस्पिटल से पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया।

## अवैध मुहानों को बंद कराने गयी सुरक्षा विभाग की टीम को ग्रामीणों ने रोका



**मांडू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पुंडी परियोजना के अंतर्गत रबड़ी मोड़ के समीप अवैध मुहानों को बंद करने पहुंची सुरक्षा विभाग की टीम को ग्रामीणों ने रोक दिया। ग्रामीण मजदूरों ने कहा कि पहले रोजगार दो फिर मुहाना को बंद करो। मौके पर मौजूद परियोजना पदाधिकारी राम प्रवेश पासवान ने ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। सीसीएल प्रबंधन अवैध मुहानों को बंद कराने के लिए जेसीबी मशीन लेकर पहुंची थी, जिसे ग्रामीण घेर लिया था। इस दौरान ग्रामीणों और सुरक्षा कर्मियों के बीच जमकर नोक झोंक हुई। बाद मे ग्रामीणों को समझा बुझाकर वहां से जेसीबी मशीन को हटा लिया गया। मामले को लेकर शनिवार को ग्रामीणों और प्रबंधन की एक बैठक रखी गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना बंद होने से रोजगार की समस्या पैदा हो गयी है। परियोजना चालू रहने से रोजगार आसानी से मिल जाती थी। लेकिन बंद होने के बाद अपनी आजीविका चलाने के लिए अवैध खनन के कार्य में लगे हुए हैं। परियोजना पदाधिकारी राम प्रवेश पासवान ने कहा कि सभी अवैध खनन स्थल काफी जर्जर हालत में हैं जो कभी भी धंस सकता है। कहा कि प्रबंधन आम लोगों की सुरक्षा हेतु अवैध खदान पर डोजरिंग करायी जा रही थी। लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण डोजरिंग नहीं हो पायी। मौके पर परियोजना सुरक्षा प्रभारी राम प्रसाद बेदिया, मनीष कुमार, संजय पासवान, मो शमशाद व सीसीएल सुरक्षा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## गहदम झूमर प्रतियोगिता को लेकर हुई बैठक




**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के ग्राम डाडीडीह सरना हाई स्कूल के समीप गहदम झूमर प्रतियोगिता करवाने हेतु तैयारी समिति की बैठक की गयी। बैठक में तैयारी समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि 31 अगस्त को गहदम झूमर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल विशिष्ट अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी झामूमो के संजीव बेदिया शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में कोतो पंचायत के शाहीटांड, तिलैया टांड, महली टोला, डाडीडीह, कटिया, बारतुआ, पालु पंचायत के रोचाप, टेरपा, टॉकीसूद, पालु, किरीगरा, पारगढ़ा, पिपरिटोला, डोकाटांड सहित कई गांवों के प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसका आयोजन स्थल डाडीडीह (सरना हाई स्कुल के समीप किया जायेगा। इस मौके तैयारी समिति के गंगाधर महतो, गोपाल महतो, धनेश्वर महतो, सुरेश महतो, दिलीप महतो, गोविंद महतो, कामेश्वर महतो, देवचरण महतो, दिलेश्वर महतो, कमलेश, करण, सुजीत, सोनू, भवानी, महावीर, जागेश्वर, जिबलाल, लाटेश्वर, कमलनाथ, सूरज, रामावतार, दीपक, जमेश्वर, जुगेश्वर सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सीओ ने गोला दर्पण कंपनी के कार्यों को देखा



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला अंचल अधिकारी सीताराम महतो ने शुक्रवार चोकाद स्थित गोला दर्पण प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कंपनी के कार्यों को देखा। उन्होंने कार्यालय में कंपनी के किसनों के साथ बैठक की। जिसमें कंपनी द्वारा तैयार मधु, घी और रागी आटा को देखा। साथ ही तैयार करने की विधि की जानकारी ली। कंपनी का फूड सेफ्टी लाइसेंस को देखा। इस अवसर पर किसानों ने हो रही परेशानी की जानकारी को के समक्ष साझा की। जिसमें गोला सब्जी मंडी में किसनों को हो रही समस्या प्रमुख है। मौके पर नव कुमार महतो, सुरेंद्र महतो, मनरेगा वेंडर दिनेश महतो, महेंद्र प्रसाद, विजय रजवार, अनिल महतो, ब्रज किशोर महतो, विशाल पोद्दार, कुलेश्वर महतो, प्रकाश महतो, विनोद महतो, अनिता देवी आदि मौजूद थे।

## सीटू की हुई बैठक, 20 प्रतिनिधियों का हुआ चयन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन (सीटू) की रामगढ़ जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार को यूनियन के एरिया कार्यालय सेंट्रल सौंदा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के एरिया अध्यक्ष कॉ. जगरनाथ पासवान और संचालन कॉ. सुरेश प्रसाद सिन्हा ने किया। बैठक की शुरुआत में सीटू झारखंड राज्य के मुख्य संरक्षक सह झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, राज्य सीटू अध्यक्ष कॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन और कांग्रेस के पूर्व सांसद सह ट्रेड यूनियन नेता ददई दुबे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक मिनट का मौन रखा गया। इसके अलावा देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश, बादल फटने, बाढ़ और सीमा पर शहीद हुए जवानों को भी श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 5 सितम्बर 2025 को सयाल डी स्थित अंबेडकर हॉल में होने वाले सीटू रामगढ़ जिला सम्मेलन में यूनियन के 20 प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रतिनिधियों का चयन केंद्रीय अध्यक्ष कॉ. आरपी सिंह चंदेल और केंद्रीय सचिव कॉ. मनोज कुमार गुप्ता की मौजूदगी में किया गया। बैठक में जिन प्रतिनिधियों का चयन हुआ उनमें कॉ. ओमप्रकाश सिन्हा, कॉ. मनोज गुप्ता, कॉ. जगरनाथ पासवान, कॉ. सुरेश प्रसाद सिन्हा, कॉ. आजाद भुइयां, कॉ. सुरेश महतो, कॉ. राजेंद्र यादव, कॉ. गोविन्द लोहरा, कॉ. मित्तल गंझु, कॉ. रामेश्वर उरांव, कॉ. मनोज स्वर्णकार, कॉ. लाल मोहन मुंडा, कॉ. विक्की टंडन, कॉ. इंद्रजीत पटेल, कॉ. राजू विश्वकर्मा, कॉ. करमचंद उरांव, कॉ. दिगम्बर रजक, कॉ. रंजीत चौहान, कॉ. मनोज भुइयां और वैकल्पिक प्रतिनिधियों के रूप में कॉ. गंगाराम भुइयां और कॉ. सुरेश भुइयां का चयन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कॉ. आरपी सिंह चंदेल, कॉ. मनोज गुप्ता, कॉ. जगरनाथ पासवान, कॉ. आजाद भुइयां, कॉ. सुरेश प्रसाद सिन्हा और कॉ. गोविन्द लोहरा उपस्थित थे।

# हाथियों के झुंड ने व्यक्ति को कुचलकर मार डाला



आजाद सिपाही संवाददाता


**रजरप्पा।** रजरप्पा मंदिर मार्ग स्थित जनियामारा वन क्षेत्र (भुचुंगडीह) के समीप एक मजदूर को हाथियों ने कुचल कर मार डाला। ग्रामीण की पहचान गोला प्रखंड के बंदा पंचायत मुरपा गांव के निवासी मुस्ताक अंसारी उर्फ पहलवान पिता कादिर अंसारी (52 वर्ष) रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार मृत व्यक्ति शुक्रवार की अहले सुबह सीसीएल रजरप्पा वाशरी स्लरी लोडिंग का दैनिक मजदूरी करने साईकिल से जा रहा था। इस दौरान हाथियों के झुंड की चपेट में आने से दर्दनाक घटना हुई। प्रभागीय वन प्रमंडल अधिकारी (डिवीजनल फारेस्ट ऑफिसर) रामगढ़ नीतीश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वन और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना की जायजा लिया। इस दौरान डीएफओ की मौजूदगी में रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी ने मृतक के बेटा नुरुल अंसारी को 25,000 रुपये की राहत राशि दी गयी है, बाकी कागजी प्रक्रिया के बाद मुआवजे की राशि दी जायेगी। तत्पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया। डीएफओ ने मृतक के परिजन के सदस्य को रोजगार दिलाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने लोगों को सतर्क रहने और जंगल में न जाने की सलाह दी है। जल्द ही हाथियों को इलाके से खदेड़ा जाएगा। वही घटना को लेकर वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मौके पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, गोला पश्चिमी जिप सदस्य सरस्वती देवी, भुचुंगडीह पंचायत मुखिया सुनीता देवी, बंदा मुखिया कुलदीप साव, वनपाल यशवंत कुमार, शंकर उरांव, झारखंड के सदर इतेहादुल अंसार, सरफुद्दीन सहित पूर्व जिप सदस्य गोपाल चौधरी, झामुमों नेता जगरनाथ महतो के अलावा ठाकुर दास महतो, सुलेमान अंसारी, राजू कुमार, सरजू करमाली, अदालत अंसारी सहित हजारों ग्रामीण मौजूद थे। इधर, हाथियों ने सरजू करमाली और अजय करमाली का होटल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। साथ ही हाथियों ने खेत में लगे धान की फसल को भी रौंद डाला।

## सड़क दुर्घटना में पंचायत समिति सदस्य की मौत



**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के मुरपा फोरलेन पर बीती रात एक सड़क दुर्घटना में पुंडी के पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र महतो (46 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि पुंडी निवासी पंसस सुरेंद्र महतो अपने निजी काम कर अपनी बाइक से पुंडी अपने घर लौट रहा था। इसी बीच तीव्र गति क्रेटा कार ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सुरेंद्र महतो की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया है। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। वहीं, कुजू ओपी परिसर में मुआवजा को लेकर वार्ता की गयी। जिसमें मांडू विधायक तिवारी महतो, झामुमो नेता राजकुमार महतो, पीड़ित परिवार के सदस्य और कार मालिक शामिल रहे। वार्ता के दौरान पीड़ित परिवार को 7 लाख रुपये मुआवजा देने पर सहमति बनी। इसमें कार मालिक ने 50 हजार रुपये नगद और साढ़े छह लाख रुपये का चेक परिवार को प्रदान किया। वहीं, देर शाम पुंडी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

## श्री दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म की हुई पूजा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ ने शुक्रवार को मेन रोड स्थित दिगंबर जैन और रांची रोड स्थित पारसनाथ जिनालय में दसलक्षण पर्व के दूसरे दिन 'उत्तम मार्दव धर्म' की पूजा विधि विधान के साथ किया गया। प्रातः काल से जैन श्रद्धालु जिनालय में पहुंचकर पंडित निवेश शास्त्री के सानिध्य में जलाभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन में अत्यंत भक्तिमय तरीके से शामिल हुए। जलाभिषेक का सौभाग्य दिगंबर जैन मंदिर में राजकुमार, रिषभ काला परिवार, अरुणा जैन परिवार, राजेंद्र चुड़ीवाल, राजेश चुड़ीवाल परिवार, पद्म जैन, सुमन जैन परिवार, इन्द्रमणी देवी चुड़ीवाल परिवार और मांगीलाल जैन, मनोज चुड़ीवाल परिवार को मिला। वही, पारसनाथ जिनालय में अभिषेक एवं शांतिधारा का सौभाग्य स्व प्रेम चंद के पुत्र राजीव जैन को प्राप्त हुआ। मार्दव धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र चुड़ीवाल ने बताया कि चित में मृदुता और व्यहार में विनम्रता ही मार्दव है। जाति कुल रूप ज्ञान तप वैभव प्रभुत्व ऐश्वर्या संबंधी अभिमान मद कहलाता है। इन्हें विनश्वर समझ कर मानषकाय को जीतना उत्तम मार्दव धर्म कहलाता है। जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने कहा कि दशलक्षण धर्म के तीसरे दिन शनिवार को धर्ममय वातावरण में उत्तम आर्जव धर्म की पूजा होगी। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

## करमा कोलियरी में कोयला चोरी करने गये महिलाओं को सुरक्षा विभाग ने खदेड़ा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल करमा कोलियरी के ओबी डंप में बीती रात कोयला चोरी करने गयी दर्जनों महिलाओं को सुरक्षा विभाग ने खदेड़ दिया। जिसके बाद गुस्साये महिलाओं ने शुक्रवार की सुबह प्रबंधन और सुरक्षा विभाग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन कर पीओ कार्यालय का घेराव किया। क्षेत्र के ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि हमलोग सिर्फ जलावन के लिए कोयला लेने के लिए गये थे, अगर प्रबंधन द्वारा हमलोगों को जलावन के लिए कोयला की उपलब्धता नहीं कराये जाने पर कड़ा विरोध करेंगे। बाद में प्रबंधन व गशित दल द्वारा महिलाओं को कोयला चोरी नहीं करने की हिदायत देते हुए और समझा बुझाकर घर वापस भेज दिया गया। मालूम हो कि गत 5 जुलाई को करमा कोलियरी के खुली खदान में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से चार लोगों की मौत हो गई थी। जिसे अभी तक भुला नहीं पाया है। वहीं, करमा कोलियरी के ओबी डंप में पुनः स्थानीय ग्रामीण महिलाएं जान जोखिम डालकर कोयला चोरी करने में जुटी है। जो हादसों का इंतजार करता है। ऐसे में प्रबंधन और सुरक्षा विभाग द्वारा की गयी कार्रवाई को बुद्धिजीवी वर्ग सही ठहरा रहे है। इधर, स्थानीय प्रबंधन का कहना है कि पिछले माह अवैध खनन में हुई चार लोगों की मौत मामले में ग्रामीण व राजनीतिक दल के नेताओं ने जमकर विरोध जताकर जबरन सीसीएल से मुआवजा लिया गया था। लेकिन हमारे द्वारा कोयला चोरी व अवैध खनन पर रोक लगाकर क्षेत्र को सुरक्षित रखने काम किया जा रहा है, तो ग्रामीण महिलाएं उल्टा पीओ कार्यालय आकर विरोध कर रही है।

### श्री श्री शिवनाथ धाम मंदिर में गुंबद शिखर निर्माण को लेकर हुआ नगर भ्रमण

## 75 फीट के भगवान शिव मंदिर का निर्माण होगा: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** श्री श्री शिवनाथ धाम मंदिर सौदागर मोहल्ला न्यू कॉलोनी में भव्य मंदिर निर्माण को लेकर गुंबद शिखर विधिवत पूजा पाठ कर 75 फीट के ऊपर त्रिशूल शिखर लगाया गया। जिसमे यजमान मोहन अग्रवाल सह पत्नीक संध्या देवी के हाथों पुजारी श्रीकांत पांडेय ने समस्त पूजन कार्य करवाया। साथ ही सौदागर मोहल्ला, कोयरी टोला, कुंवर टोला, कपूर तला, न्यू कॉलोनी, बगीचा में जुलूस गाजा बजा के साथ सैकड़ों महिला पुरुष नाच गान के साथ भ्रमण किया। श्री श्री शिवनाथ धाम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि यह मंदिर भव्य और आकर्षक भगवान शंकर जी का मंदिर बनेगा। मंदिर की कुल ऊंचाई 75 फीट होगी। उन्होंने बटुआ कि गुंबद शिखर स्थापना में मंदिर समिति के पदाधिकारी और सैकड़ों महिला उपस्थित हुए। जिसमें मंदिर समित के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सचिव विजय सोनी, कोषाध्यक्ष अनिल रजक, सह कोषाध्यक्ष अशोक वर्मा, राजेश मुंडा, रामदेव पांडेय, मोती अग्रवाल, जवाहर वर्मा, रघु रजक, महेन्द्र ठाकुर, अमर राय, सुधीर अग्रवाल, सूरज कुमार, राजू गुप्ता, कृष्णा पाण्डेय, कार्तिक अग्रवाल, गुंबद निर्माण मिस्त्री निरंजन कुमार, ज्योति कुमारी, गुड़िया देवी, शांति देवी, अनीता देवी, शीला देवी, अनीता देवी, शोभा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

## जिले के आदिवासी बहुल 92 गावों का किया गया चयन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** डीसी फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर शुक्रवार को जिला समाहरणालय के सभागार में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (दजगुआ) के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ डीडीसी आशीष अग्रवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**जिले के आदिवासी बहुल 92 गावों का किया गया चयन:** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत रामगढ़ जिले में आदिवासी बहुल 92 गावों यथा पतरातू प्रखंड 63, गोला प्रखंड 15, मांडू प्रखंड 10, रामगढ़ प्रखंड 3 चितरपुर प्रखंड 1 का चयन किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युतिकरण, मोबाइल कनेक्टिविटी, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना अंतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शन, आधार कार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण, समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत छात्रावास और क्लासरूम का निर्माण, स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स, ट्राइबल मार्केटिंग सेंटर्स का निर्माण वन अधिकार पट्टा से आच्छादित व्यक्तियों को कृषि पशुपालन मत्स्य पालन से जोड़ने सहित 25 से अधिक योजनाओं का सैचुरेशन मोड में विभिन्न विभागों के द्वारा क्रियान्वित किया जाना है। डीडीसी ने जिला स्तरीय समिति को इस योजना के समयबद्ध क्रियान्वयन की सतत मॉनीटरिंग और गति शक्ति पोर्टल पर सभी योजनाओं का टारगेट आधारित प्रोग्रेस का आंकड़ा संधारण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी को आदि कर्म योगी अभियान से संबंधित शपथ भी दिलाई।

## व्हील चेयर का किया गया वितरण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** लघु उद्योग भारती की रामगढ़ जिला इकाई ने एक बार फिर समाज सेवा का परिचय देते हुए दिव्यांगजन की मदद में महत्वपूर्ण कदम उठाया। संगठन ने बड़काचुंबा निवासी काफी समय से लकवाग्रस्त कौशल्या देवी के लिए उनके पुत्र विकास कुमार को एक व्हील चेयर भेंट की। शुक्रवार को एक समारोह का आयोजन होटल शिवम इन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष विजय मेवाड़ ने बताया कि चुम्बा के मुखिया राजू बेदिया ने संगठन को दिव्यांग महिला की जरूरत से अवगत कराया था और तत्काल व्हील चेयर उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। संगठन ने बिना देर किए तुरंत मदद सुनिश्चित की। समारोह में लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष विजय मेवाड़, जिला इकाई अध्यक्ष मनमोहन सिंह लाम्बा, चुम्बा के मुखिया राजू बेदिया, वरीय भाजपा नेता रणजीत सिन्हा, नैना मेवाड़, संगीता बुधिया, शीतल अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, निकिता गोयल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष विजय मेवाड़ के प्रयास से मई 2025 में इसी क्रम में 125 ट्राई साइकिल एवं 50 श्रवण यंत्र जरूरतमंद लोगों को बांटे गए। लघु उद्योग भारती रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष मनमोहन सिंह लांबा ने कहा कि यह पहल न केवल दिव्यांगजन के जीवन में सहारा बनेगी बल्कि समाज को सेवा और संवेदना की नई दिशा भी देगी।

## बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोहाद गांव में संचालित सेक्रेट हार्ट स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर शुक्रवार को बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्राचार्य पप्पु कुमार द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है और हमलोगों को स्वास्थ्य के साथ मानसिक तनाव से मुक्त रखता हैं। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किया गया। इस मौके पर सफल छात्र-छात्राओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चे काफी खुश नजर आये प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विधायक जयराम के चतरा आगमन को लेकर बैठक

**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** कुन्दा बाजार टांड़ में शुक्रवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कुंदा प्रखंड कमेटी की बैठक लोकनाथ महतो जिला कमिटी सदस्य के नेतृत्व में आयोजित की गयी। बैठक में कुन्दा प्रखंड कमिटी को सशक्त बनाने, सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो सह डुमरी विधायक के सितम्बर माह में चतरा आगमन की तैयारी पर चर्चा की गयी। इस बैठक में केंद्रीय संगठन मंत्री- उगन भारती , जिला अध्यक्ष - कैलाश कुमार महतो, चतरा नगर अध्यक्ष मनोज यादव, चतरा नगर सचिव पप्पू स्नेही, जिला सदस्य- संदीप यादव, उमेश महतो, लोकनाथ महतो, रंजय पासवान, मुनारिक गंझू, मनोज भोक्ता, संतोष भारती, लखन यादव, जगदीश गंझू, राजदेव गंझू, अरुण भारती, सोहन महतो, सुनील चौधरी, बसन्त भारती, रवि महतो, विनोद महतो, मनीष कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. 33/ET/SBP/ENGG/2025-26, दिनांक: 20.08.2025

(1) ई-निविदा सं. 08-eT-SETT-SBP-25

**कार्य का नाम :** सहायक मण्डल अभियन्ता / सेटलमेंट / सम्बलपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन आवासीय एवं सेवा भवन में नियतकालिक कलर वॉशिंग एवं ह्वाइट वॉशिंग।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,20,95,475.05, बिड सिक्युरिटी : ₹ 2,10,500/-

(2) ई-निविदा सं. 09-eT-SETT-SBP-25

**कार्य का नाम :** सहायक मण्डल अभियन्ता / सेटलमेंट / सम्बलपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न सेवा भवन एवं आवासीय क्वार्टरों की छत का मरम्मत (Treatment)।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,67,94,702.68, बिड सिक्युरिटी : ₹ 2,34,000/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 06 (छह) महीने (दोनों क्रम सं. के लिए)।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 15.09.2025 को 1500 बजे (दोनों निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), सम्बलपुर

PR-532/Q/25-26



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा नोटिस**

सं०–25 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रिलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** निविदा सं०–08–डीडीयू–व०मं०इंजी०–III–25–26 वरीय मंडल इंजीनियर/III/डी०डी०यू० के अधीन डीडीयू यार्ड में ब्रिज नंबर 454, 735, 736 और 738 का पुनर्वास।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रूपये 22232746.41, **(iii) धरोहर राशिः** रुपये 261200, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 19.09.2025 को 12:00 बजे तक, **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारीः** www.ireps.gov.in, नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल
पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0848/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/25–26/32



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

सं. 29245852, दानापुर: दि. 28.08.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (भंडार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते है :–

1. आपूर्ति का नाम एवं स्थान : स्प्लाई, इंस्टॉलेशन एण्ड कमिशनिंग ऑफ ट्रॉली माउन्टेड मोबाइल सिवेज इवैक्युएशन मशीन। मेक–डीबीएक्सटी ऑर सिमिलर, 2. निविदा संख्या : 29245852C, 3. ई.म.डी. : ₹1,62,250/–, 4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 26.09.2025 को 14.00 बजे तक, 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.09.2025 को 14.00 बजे, 6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय, दानापुर

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

वरीय मंडल सामग्री प्रबंधक /
पूमरे/दानापुर

पीआर/0859/डीएनआर/भंडार/टी/25–26/32



**सूचना**

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का कार्यालय/दक्षिण पूर्व रेलवे/रांची (हटिया)**

**विक्रेताओं के पैनल में शामिल करने के लिए दर अनुबंध में प्रवेश करना, दवाओं, सर्जिकल और उपभोग्य सामग्रियों की स्थानीय खरीद (सीएमएस/आरएनसी के नकद-अग्रिम से) के लिए**

**क्रमांक: LP/Empanel/25-27/MEDRNC001C** **दिनांक: 28.08.2025**

दवाओं, सर्जिकल वस्तुओं और स्थानीय खरीद (सीएमएस/आरएनसी के नकद-अग्रिम से) के लिए विक्रेताओं के पैनल में शामिल होने के लिए, दर अनुबंध में प्रवेश के लिए प्रतिष्ठित दवा आपूर्तिकर्ताओं/फार्मेसी खुदरा विक्रेताओं/दुकानों/फर्मों/वितरकों से ऑनलाइन (IREPS के माध्यम से) बोली आमंत्रित की जा रही है। हटिया/दक्षिण पूर्व रेलवे में मंडल रेलवे अस्पताल/रांची की उपभोग्य वस्तुएं। रेलवे खुदरा खरीद के आधार पर औसत खरीद मूल्य रु. 37.02 लाख/वर्ष (लगभग) है। इच्छुक पूर्तिकर्ताओं/विक्रेताओं से अनुरोध है कि वे IREPS में **खुली निविदा संख्याः MEDRNC001C**, समापन तिथि 18/09/2025 में भाग लें। विवरण/दिशानिर्देशों के लिए वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in/** पर निविदा के साथ अपलोड किए गए बोली दस्तावेजों का पालन करें।

(PR-573) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# टैरिफ : वार्ता से रास्ता निकले

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की यह उम्मीद कि आखिरकार अमेरिका और भारत साथ आयेंगे, मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। अच्छी बात यह है कि अमेरिका के एकतरफा टैरिफ और कुछ तीखे बयानों के बावजूद बातचीत का रास्ता बंद नहीं हुआ है। वॉशिंगटन और नयी दिल्ली, दोनों मिल कर इस मसले को सुलझा सकते हैं।

**भड़काने वाले बयान :** भारत पर थोपे गये ट्रंप के 50% टैरिफ को लेकर अमेरिका में साफ तौर पर दो विरोधी स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। एक धड़ा कूटनीतिक सीमाओं के इतर जाकर बयानबाजी कर रहा है और जिसकी वजह से दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ा है। वहीं, दूसरे धड़े का मानना है कि रूस से तेल खरीदने के लिए केवल भारत को निशाना बनाना सही नहीं, जबकि सबसे बड़ा खरीदार चीन है। ऐसे माहौल में जरूरी है कि दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर संवाद जारी रहे। अच्छी बात यह है कि बेसेंट के मुताबिक, दोनों पक्ष मौजूदा हालात को लेकर चिंतित हैं और मसले को सुलझाना चाहते हैं।

**आपसी सहयोग जरूरी :** भारत-अमेरिका का रिश्ता केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। हाल के बरसों में दोनों ने सुरक्षा, तकनीक, ऊर्जा समेत दूसरे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाया है। चीनी मनमानी पर नियंत्रण के लिए अमेरिका को खासतौर पर भारतीय सहयोग की जरूरत है। इसी मकसद से क्वॉड का गठन किया गया, जिसे अमेरिकी सरकार ने तवज्जो भी दी।

> ारत पर थोपे गये ट्रंप के 50% टैरिफ को लेकर अमेरिका में साफ तौर पर दो विरोधी स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। एक धड़ा कूटनीतिक सीमाओं के इतर जाकर बयानबाजी कर रहा है और जिसकी वजह से दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ा है।

लेकिन, ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की वजह से क्वॉड के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, वॉशिंगटन में यह भी चिंता है कि पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका रिश्तों में जो प्रगति हुई थी, वह इन कुछ दिनों में बेकार हो गयी।

**दुनिया पर असर :** भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना लोकतंत्र। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और अमेरिका सबसे अमीर अर्थव्यवस्था। दोनों देशों के बीच टकराव बढ़ता है, तो असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। अमेरिकी मांग के अनुसार, भारत अगर रूस से खरीदारी बंद भी कर देता है, तो इससे ग्लोबल ऑयल सप्लाई बाधित होगी और तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। यूएस इस पहलू को लगातार नजरअंदाज कर रहा है।

**गतिरोध खत्म हो :** दोनों देशों के बीच पिछले एक दशक में द्विपक्षीय व्यापार लगभग दोगुना हो गया है और इसे 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन यह तभी संभव है, जब मौजूदा गतिरोध खत्म हो। इसके लिए बातचीत ही रास्ता है। अड़ियल रुख अपनाने के बजाय अमेरिका को भारतीय नजरिया समझने की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**इस साल अगस्त महीने की बात करें, तो उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बारिश ने मानों जैसे कहर ही ढा रखा हो। पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान से लेकर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड तक बारिश की मार के शिकार हैं। वहीं भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आयी हैं, जिसमें हाल ही में वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर आया भूस्खलन है। वहीं इसी महीने उत्तरकाशी के धराली में भी इसने तबाही मचायी थी।**

# भारत में क्यों बार-बार आ रही भूस्खलन और बाढ़ जैसी आपदा

**रवि वैश्य**

भारत के कुछ प्रांत इन दिनों बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहे हैं। इस स्थिति के चलते वहां का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। इस साल अगस्त महीने की बात करें, तो उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बारिश ने मानों जैसे कहर ही ढा रखा हो। पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान से लेकर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड तक बारिश की मार के शिकार हैं। वहीं भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आयी हैं, जिसमें हाल ही में वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर आया भूस्खलन है। वहीं इसी महीने उत्तरकाशी के धराली में भी इसने तबाही मचायी थी।

धराली में तबाही 5 अगस्त को घटित हुई, जब धराली गांव, जो उत्तरकाशी के कीर गंगा नदी के पास स्थित है, में अचानक बादल फटने के कारण गंगा में अचानक बाढ़ आ गयी और मलबा प्रवाह शुरू हो गया था, जो अपने पीछे तबाही के निशान छोड़ गया।

भारत के कुछ राज्यों में इस आपदा के चलते कई मौतें हो गयी हैं। वहीं माली नुकसान भी खासा हुआ है। कई सड़कें-पुल बारिश की भेंट चढ़ कर बह गये हैं, तो कहीं पर सड़कों टूटने से संपर्क मार्ग बुरी तरह से बाधित हुआ है।



**वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन से मची तबाही**

पवित्र तीर्थ स्थान वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर 26 अगस्त को भूस्खलन की घटना सामने आयी। इसमें पहाड़ी हिस्सा अचानक टूट कर नीचे खिसक गया। यह भूस्खलन तेज बारिश के कारण हुआ, जिसने पहाड़ी ढलान को अस्थिर कर दिया था। मलबा और पत्थर तीर्थयात्रियों पर अचानक टूट पड़े। जिसकी वजह से 34 तीर्थयात्रियों की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं उधमपुर-रामबन क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए कई भूस्खलनों की वजह से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बंद रहे।

> जम्मू में भी अगस्त महीने में रिकॉर्ड स्तर पर हो रही बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

**जम्मू में बाढ़ ने मचा रखी है तबाही**

जम्मू में भी अगस्त महीने में रिकॉर्ड स्तर पर हो रही बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश से जम्मू क्षेत्र की संचार व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। यातायात व्यवस्था भी लड़खड़ा गयी है। विभिन्न बाढ़ग्रस्त नदियों के किनारों और जलमग्न निचले इलाकों से काफी संख्या में लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस प्राकृतिक आपदा के सामने उन्होंने अपनी निराशा और लाचारी जाहिर की है। उमर ने बुधवार को कहा कि जम्मू इलाके में संचार व्यवस्था लगभग-लगभग पूरी तरह से ठप हो गयी है। ये हालात 2014 और 2019 के 'भयानक दिनों' की याद दिला रहे हैं, जब वह राज्य से एक तरह से कट गये थे।

**बाढ़ से पंजाब का जनजीवन अस्त व्यस्त**

हिमालयी क्षेत्रों और जलाशयों से जारी अतिरिक्त पानी के कारण पंजाब की नदियां-जैसे कि रावी, सतलुज, ब्यास उफान पर हैं, जिससे खेत, गांव और सड़के जलमग्न हो रही हैं। पंजाब के कई जिलों जैसे-पठानकोट, गुरदासपुर, होशियारपुर, कपूरथला, फिरोजपुर, फाजिल्का में बाढ़ से भारी तबाही हुई। बाढ़ और भारी बारिश के कारण स्कूल को 27 से 30 अगस्त तक बंद हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को लोगों को बचाने के लिए ऑफ-रोड वाहन, हेलीकॉप्टर और नावों का सहारा लेना पड़ा और वहां हालात काफी खराब बने हुए हैं।

**आखिर इस आपदा की वजह है क्या**

भारत में बार-बार बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं के पीछे वैसे तो कई कारण हैं, पर मुख्य रूप से इसके लिए प्राकृतिक कारण, मानव गतिविधियां और जलवायु परिवर्तन यह सभी जिम्मेदार हैं। जलवायु परिवर्तन- जलवायु परिवर्तन से असामान्य बारिश और आपदाएं सामने आ रही हैं। मानव गतिविधियां- प्रकृति के साथ खिलवाड़ वाली गतिविधियां, जिनमें जंगलों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण, सड़क/बांध निर्माण है। यह भी इसके लिए काफी जिम्मेदार हैं। प्राकृतिक भूगोल- हिमालय जैसे अस्थिर पर्वतीय क्षेत्र।

**बाढ़ के आने की वजहें**

अत्यधिक बारिश और बादल फटना, मानसून या अचानक तेज बारिश से नदियां उफान पर आ जाती हैं।

**नदियों में गाद जमना**

गाद भरने से नदियों की गहराई घट जाती है और पानी बाहर फैल जाता है।

**जलवायु परिवर्तन**

मौसम का पैटर्न बिगड़ने से कहीं सूखा तो कहीं अचानक बादल फटना जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

**वनों की कटाई और शहरीकरण**

जंगल कटने और शहरों में नालों को पाटने से पानी की निकासी रुक जाती है।

**बांध और जल-प्रबंधन की कमी**

कई जगह पुराने और कमजोर बांध समय पर पानी नियंत्रित नहीं कर पाते।

**भूस्खलन के आने की वजहें**

भारत में भूस्खलन की घटनाएं कई प्राकृतिक और मानवजनित कारणों से होती हैं, इनके बारे में समझ लें।

**भूवैज्ञानिक कमजोरियां**

हिमालय जैसे क्षेत्र जहां तलछटी या कमजोर चट्टानें होती हैं उनमें खनिज संरचनाएं, ज्वालामुखी एवं उथली भूमि संरचनाएं जैसे कारण भूस्खलन को बढ़ावा देते हैं।

**भूस्खलन को प्रेरित करने वाले कारक**

भूकंप, हिम पिघलना, बाढ़ और नदी किनारों का कटाव ये सभी भूस्खलन को उत्प्रेरित करते हैं।

**मानव जनित कारण**

कटाई और वनों की कटाई। पेड़ों की जड़ों से मिट्टी एक साथ बंधी रहती है। वनों की कटाई से यह सुरक्षा खो जाती है और भूस्खलन की आशंका बढ़ जाती है।

**असंगठित शहरीकरण**

अव्यवस्थित विकास, जैसे कि ढलानों पर इमारतों का निर्माण, बिना समझे भूमि का भार बढ़ा देता है।

**अधिक निर्माण और सड़क निर्माण**

पहाड़ों में सड़कें, इमारतें या अन्य निर्माण कार्य खराव एवं कतरन निर्माण से ढलानों की संरचनात्मक अखंडता को नुकसान पहुंचता है।

**जल प्रबंधन की अस्थिरता**

बांध, जलाशय, या जल निकासी प्रणालियों में कमी ढलानों को कमजोर बनाती है।

**खनन और खुदाई**

खनन कार्यों से ढलानों पर दबाव या अस्थिरता बढ़ जाती है, जिससे भूस्खलन लागू हो सकते हैं। प्राकृतिक आपदाएं तो पहले भी आती रही हैं और आगे भी आती रहेंगी पर लोगों को इससे बचने के लिए जो भी प्रयास हों वो करने होंगे। नहीं तो ऐसी स्थितियों से दो-चार होना ही पड़ेगा।

## कोल्हान और बोकारो की खबरें

# ट्रक की चपेट में आने से ड्यूटी पर तैनात चौकीदार की मौत

**चालक गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इचागढ़।** चौका थाना क्षेत्र के नागासरेन चौक पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में चौकीदार नारायण गोरायी की मौत हो गयी। शुक्रवार को राज्यपाल के जमशेदपुर आगमन को लेकर ड्यूटी पर तैनात नारायण गोराई ट्रक की चपेट में आ गये और मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। हादसा इतना भयावह था शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस बीके अनुसार नारायण गोराई इचागढ़ थाना में पदस्थापित थे। उधर उनकी अचानक मौत की सूचना मिलते ही परिजनों और सहकर्मियों में मातम छा गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विधायक ने 15 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का किया उद्घाटन



**ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण का अवसर : संजीव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड के डोमजुड़ी पंचायत में टाटा स्टील और टाटा पावर के संयुक्त उपक्रम इंडस्ट्रियल एनर्जी लिमिटेड द्वारा निर्मित 15 मेगावाट क्षमता वाला अत्याधुनिक सोलर पावर प्लांट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति पोटका विधायक संजीव सरदार ने दीप प्रज्जलित व फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक श्री सरदार ने कहा यह परियोजना झारखंड की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। जो कार्बन उत्सर्जन कम करने और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में सहायक होगी। विधायक संजीव सरदार ने बताया प्लांट से स्थानीय युवाओं को रोजगार व प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। साथ ही सीएसआर के तहत इलाके में स्वच्छ पेयजल, बेहतर बिजली आपूर्ति और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी कदम उठाए जायेंगे। उन्होंने विश्वास जताया यह मॉडल भविष्य में झारखंड के अन्य ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों को भी नवीकरणीय ऊर्जा एवं सामुदायिक विकास की राह दिखाएगी।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य हिरेनमोय दास, विद्या सागर दास, टाटा पावर के विजयंत रंजन, जगमीत सिंह सिद्धू और बसुदेव हांसदा सहित कई सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सीएसआइआर एनएमएल ने पीआइ चेक परियोजना का दूसरा चरण संपन्न किया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सीएसआइआर नेशनल मेटालर्जिकल लेबोरेटरी ने फिनोम इंडिया सीएसआइआर हेल्थ कोहोर्ट नॉलेजबेस परियोजना के तहत सैंपल संग्रहण का दूसरा चरण सफलतापूर्वक संपन्न किया। बीते 23 से 28 अगस्त तक चले कार्यक्रम में लगभग 390 प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य परीक्षण में भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य वैज्ञानिक डॉ. रघुबीर सिंह ने इसे भारतीय मानकों के लिए रेफरेंस रेंज स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। परियोजना का संचालन डॉ. अंसु जे. कैलाथ के नेतृत्व में एनएमएल टीम ने किया।जबकि आगंतुक टीम का नेतृत्व डॉ. अंकिता साहू (सीएसआइआर-आईजीआईबी) ने की। मौके पर सीएसआईआर एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधुरी के मार्गदर्शन को परियोजना की सफलता का श्रेय दिया गया।**

## झारखंड में सवर्ण आयोग गठन की मांग तेज, सवर्ण महासंघ फाउंडेशन ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड में सवर्ण समाज के लिए सवर्ण आयोग गठित करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इसी कड़ी में सवर्ण महासंघ फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल महामहिम संतोष गंगवार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। फाउंडेशन का कहना है स्वतंत्रता के बाद से अब तक सवर्ण समाज को न तो राजनीतिक सांगठनिक पहचान मिली है और न ही संवैधानिक सुरक्षा। परिणामस्वरूप आज की परिस्थितियों में सवर्ण समाज अपने अधिकारों से वंचित और उपेक्षित महसूस कर रही है।संगठन ने आरोप लगाया पिछले सात दशकों से सवर्ण समाज के खिलाफ राजनीतिक कुंठा और भ्रामक प्रचार किया गया, जिसके कारण उनकी सामाजिक राजनीतिक हिस्सेदारी लगातार घटती चली गयी। ज्ञापन में कहा गया है जबकि अन्य वर्गों के लिए आयोग, मोर्चा और सुरक्षा कवच बने,लेकिन सवर्ण समाज अब भी संरक्षण से वंचित है। सवर्ण महासंघ फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी यदि जल्द ही आयोग का गठन नहीं किया गया, तो राज्यव्यापी आंदोलन की राह अपनाई जायेगी। फाउंडेशन का कहना है आयोग के गठन से सवर्ण समाज की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का सही आकलन हो सकेगा और उन्हें संवैधानिक स्तर पर पहचान और अधिकार मिल पायेंगे।

## नर्सिंग इस्पात कंपनी विस्तार का विरोध तेज



**चौका (आजाद सिपाही)।** चौका थाना क्षेत्र के नर्सिंग इस्पात कंपनी का विस्तार के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध तेज होने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कंपनी उनके समस्याओं की अनदेखी कर रही है। इसमें मजदूरी दर, कृषि नुकसान और प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया विश्वकर्मा पूजा के दौरान जब वे अपनी बात रखने पहुंचे तो कंपनी प्रबंधन गेट से उन्हें खदेड़ दिया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों के साथ मारपीट की। उन्होंने कहा कंपनी प्रबंधन महिला समितियों को प्रलोभन देकर जनसुनवाई में शामिल करने की कोशिश कर रही है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कंपनी परिसर में होने वाली जनसुनवाई का बहिष्कार करते है। साथ ही चेतावनी दी वे विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे और अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करते रहेंगे। उनकी प्रमुख मांग है प्रस्तावित विस्तार योजना को रद्द किया जाए और कंपनी को किसी अन्य स्थान पर स्थापित किया जाये।

# निदेशक प्रभारी बीरेंद्र तिवारी ने किया बोकारो रेलवे स्टेशन परिसर में इस्पात उद्यान का लोकार्पण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** बीएसएल द्वारा बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन परिसर में विकसित इस्पात उद्यान का लोकार्पण 29 अगस्त को निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक पीके रथ, अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक अनीष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक प्रिय रंजन, बोकारो क्षेत्र के क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक विनीत कुमार, बीएसएल के विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, बीएसएल, भारतीय रेलवे के वरीय अधिकारी और बोकारो नगरवासी उपस्थित थे। इस्पात उद्यान का विकास बीएसएल द्वारा अपने सीएसआर के अंतर्गत किया गया है। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि बोकारो इस्पात संयंत्र सदैव सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अग्रणी रहा है।

# सेल-एसआरयू और आइओसीएल के बीच एमओयू : रामगढ़ स्थित एसआरयू संयंत्र को मिलेगी पाइप्ड नेचुरल गैस आपूर्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी सभागार में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल) भारत सरकार की दो महारत्न कंपनियों के बीच दिनांक 29 अगस्त को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी बीके. तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक पीके रथ, अधिशासी निदेशक मनोज कुमार शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक आरके सिंह, मुख्य महाप्रबंधक राजन आनंद, महाप्रबंधक एके बेहरा, महाप्रबंधक एवं यूनिट इंचार्ज पीके गुप्ता तथा महाप्रबंधक केशरी नंदन सहित सेल-एसआरयू और आइओसीएल के अन्य वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस एमओयू के अंतर्गत रामगढ़ स्थित सेल-एसआरयू यूनिट (आईएफआईसीओ संयंत्र) को पाइप्ड नेचुरल गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। पीएनजी के उपयोग से न केवल ईंधन दक्षता और परिचालन सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, बल्कि फर्नेस ऑयल के भंडारण, परिवहन और हीटिंग से जुड़े जोखिम भी समाप्त होंगे। इसके अतिरिक्त, रिफ्रेक्ट्री ईंटों की गुणवत्ता में सुधार होगा, पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण मानकों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित होगा तथा कार्बन डाइऑक्साइड, कण पदार्थ और अन्य हानिकारक गैसों के उत्सर्जन में भी उल्लेखनीय कमी आयेगी।

## सेल 'रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और इनोवेशन' के लिए स्कोप एमिनेंस अवार्ड से सम्मानित

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को साल 2022-23 के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंटऔर इनोवेशन के क्षेत्र में शानदार काम करने के लिए प्रतिष्ठित स्कोप एमिनेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार भारत की राष्ट्रपतिमाननीय द्रौपदी मुर्मू ने 29 अगस्त को नयी दिल्ली में स्कोप द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रदान किया। सेल की ओर से यह सम्मान निदेशक मनीष राज गुप्ता ने ग्रहण किया। सेल को मिले इस सम्मान पर बात करते हुए सेल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि यह पुरस्कार हमारी अनुसंधान एवं विकास टीमों द्वारा उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास और सेल में नवाचार और प्रचालन के बीच गहरे तालमेल को दर्शाता है। यह एक ऐसे फ्यूचर-रेडी इस्पात उद्योग के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जो भारत की जरूरतों को पूरा कर सके और दुनिया भर में मुकाबला कर सके।**

# सात सौ बोरा यूरिया खाद लदा ट्रक जब्त, चालक फरार

**गढ़वा में खाद की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर होगी सख्त कार्रवाई: उपायुक्त**

**जिला कृषि पदाधिकारी ने सैंपल संग्रह कर जांच के लिए भेजा गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सजगता एवं तत्परता से खाद के अवैध परिवहन का भंड़ाफोड़ हुआ है। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई में बीती रात करीब 700 बोरा यूरिया खाद से लदा एक ट्रक जब्त किया गया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर चिनियां थाना पुलिस और प्रशासनिक दल द्वारा संयुक्त रूप से की गयी।

विदित हो कि 27 अगस्त 2025 की रात्रि लगभग 10:30 बजे चिनियां थाना प्रभारी को गश्ती के क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बिलैतीखैर के समीप एक संदिग्ध ट्रक खाद से लदा हुआ चिनियां-गढ़वा की ओर आ रहा है।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस बल ने उक्त ट्रक को चेकिंग हेतु रोकने का प्रयास किया। इसी बीच लगभग 11:05 बजे पुलिस को देखते ही ट्रक चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। पुलिस बल द्वारा चालक को पकड़ने का प्रयास किया गया, किंतु अंधेरे का लाभ उठाकर वह फरार हो गया।

जांच के क्रम में ट्रक के अंदर पीले रंग के बोरे में लगभग 700 बोरा यूरिया खाद पाया गया, जिस पर प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना, भारत यूरिया अंकित है। मौके पर किसी प्रकार के वैध दस्तावेज नहीं पाये गये। प्राप्त जानकारी पर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया तथा उनके निर्देशानुसार उक्त वाहन को खाद सहित चिनियां थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया। खाद की वैधता सुनिश्चित करने हेतु जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान द्वारा सैंपल लेकर जांच हेतु भेजा गया है। फिलहाल वाहन चालक/स्वामी द्वारा खाद से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किये गये हैं। मामले की गहन जांच की जा रही है तथा खाद के अवैध परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक विधि-सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने खाद की अवैध परिवहन की रोकथाम की दिशा में प्रशासनिक टीम की संयुक्त कार्रवाई की सराहना की और अवैध गतिविधियों पर हमेशा सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्रवाई करने तथा खाद की कालाबाजारी, अवैध परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी निगरानी रखते हुए इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई का निदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि खाद की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर एवं उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना स्थानीय प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में थाना प्रभारी ने चलाया जागरूकता अभियान



**सगमा (आजाद सिपाही)।** सगमा प्रखंड क्षेत्र के बीरबल गांव स्थित मान्यता प्राप्त ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राउत के नेतृत्व में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, महिला सुरक्षा और डायन प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। थाना प्रभारी ने बच्चों को विशेष रूप से डिजिटल नशा यानी मोबाइल और इंटरनेट की लत से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल का अधिक उपयोग बच्चों के स्वास्थ्य, पढ़ाई और मानसिक विकास पर नकारात्मक असर डालता है। इसीलिए सभी को इससे दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों पर भी जोर दिया, जैसे हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और ट्रैफिक लाइट के नियमों का पालन करना। उन्होंने कहा कि ये नियम केवल कानून के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए बनाये गये हैं। इस दौरान स्कूल के दिव्यांग शिक्षक अजय यादव के कार्य के प्रति समर्पण को सराहते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि विकलांगता के बावजूद उनका शिक्षा में योगदान प्रेरणादायक है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि इसहाक अंसारी, डायरेक्टर महताब आलम, प्रधानाध्यापिका बेबी खातून, शिक्षक योगेंद्र कुमार यादव, राम विनय यादव विकास ठाकुर सहित स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं का 'फेस कैप्चर' प्रशिक्षण




**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड सभागार में 29 अगस्त 2025 को समेकित बाल विकास परियोजना अंतर्गत रंका, रमकंडा एवं चिनियां प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविकाओं का एक दिवसीय फेस कैप्चर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र में लाभुक बच्चे, गर्भवती एवं धातृ महिलाओं का प्रशिक्षक द्वारा डिजिटल फेस कैप्चर करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके संबंध में महिला पर्यवेक्षिका रानी गीता ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में लाभुकों का आधार के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है और अब इनका फोटो ऑनलाइन करना जरूरी है तथा एक क्लिक में लाभुक का फोटो दिख जाये, उसके लिए सेविकाओं को मोबाइल में फेस कैप्चर कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार की सिस्टम लागू करने का उद्देश्य सही लाभुकों को लाभान्वित करना और गलत को रोकना है। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका सरस्वती कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर विवेक कुमार सहित काफी संख्या में तीनों प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थीं।

## रंका में हाथी ने घर गिराया घर, खाया अनाज



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना वन क्षेत्र अन्तर्गत चुतरू पंचायत के ग्राम बान्दु निवासी सुरेंद्र राम पिता ब्रह्मदेव राम के घर को 28 अगस्त 2025 के रात्रि में हाथी ने गिरा दिया और घर में रखे चावल, गेहूं, मक्का और आलू खा गए तथा खेतों में लगे मक्का के फसल को बर्बाद कर दिया। घर के लोग चुपके से निकल कर अपनी जान बचायी। किसी की जान जाने की खबर नहीं है। लोगों का कहना है कि वन विभाग के किसी भी पदाधिकारी ने देखने नहीं पहुंचे हैं।चुतरू पंचायत के लोग हाथियों के आतंक से दहसत में जीने को मजबूर हैं और कोई सुनने वाला नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि बहुत मुश्किल से गरीब मजदूर किसान खेती बाड़ी करते हैं और वह भी हाथी चौपट कर दे और समय पर मुआवजा भी ना मिले तो मरने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है। भुक्तभोगी परिवार ने सरकार से शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी से बचाव के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है ताकि जान माल की क्षति होने से बचा जा सके।

## कांडी में खेल दिवस पर निकाली प्रभातफेरी




**कांडी (आजाद सिपाही)।** खेल दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कांडी में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए थाना रोड से डूमरसोता मोड़ तक निकली और पुनः विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान छात्राओं ने कई उत्साहवर्धक नारे लगाए। प्रभात फेरी के बाद विद्यालय में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को खेल का महत्व बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की वार्डन आर उषा कुमारी ने कहा कि हमारे जीवन में खेल का विशेष महत्व है। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और आज के समय में खेल को कैरियर के रूप में भी अपनाया जा सकता है।सभा में शिक्षकगणों ने भी छात्राओं को अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना की सीख दी। छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने खेल को शिक्षा के साथ जोड़कर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## एसपी ने पुलिस निरीक्षक कार्यालय का किया निरीक्षण

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने शुक्रवार को भवनाथपुर थाना के पुलिस निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने पुलिस निरीक्षक कार्यालय में अभिलेखों की रख रखाव, संधारण व केस डायरी की गहन जांच के साथ पुलिस कर्मियों की कार्यशैली की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को केस से संबंधित कई अहम दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अंचल क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में है। बिगत तीन वर्षों के दौरान अंचल कार्यालय में लंबित केस और इसके निष्पादन के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। कहा कि पिछले तीन चार वर्षों में अंचल में चोरी, डकैती, लूट पाट और हत्याओं की घटनाओं में कमी आयी है, इसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिया गया है। इस मौके पर श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआइ दिनेश सिंह, एएसआइ नारायण प्रसाद, उपेंद्र राम, जगबंधु महतो, मकबूल अंसारी, उदय यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## सिविल सर्जन डॉ कैनेडी ने भवनाथपुर सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** गढ़वा के सिविल सर्जन डॉ जॉन कैनेडी ने सीएचसी भवनाथपुर में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, जनरल वार्ड, कार्यालय सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। इसके साथ ही सभी चिकित्सकों द्वारा देखे जाने वाले मरीजों की पंजी का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी में उपलब्ध संसाधनों और चल रही सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पत्रकारों द्वारा जब 108 एंबुलेंस सेवा की बाधित स्थिति, डिजिटल एक्स-रे मशीन तथा खराब पड़ी सीबीसी मशीन के बारे में अवगत कराया गया तो सिविल सर्जन ने स्पष्ट किया कि भवनाथपुर सीएचसी की ग्रामीण आबादी के अनुपात में यहां चिकित्सक और कर्मी सीमित संसाधनों के बीच बेहतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अधिक से अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा ताकि मरीजों को सुविधाजनक चिकित्सा मिल सके। उन्होंने कहा कि 108 एंबुलेंस सेवा को सुचारु करने, सीबीसी मशीन और डिजिटल एक्स-रे मशीन को चालू कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने की दिशा में शीघ्र कदम उठाए जायेंगे। डॉ. कैनेडी ने यह भी माना कि सीएचसी भवन की कमी, कर्मियों के लिए आवासीय सुविधा का अभाव तथा लैब की उचित व्यवस्था जैसी समस्याएं हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही लैब को शिफ्ट कर सुचारु रूप से संचालित कराया जाएगा और आवासीय सुविधा की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जायेंगे। इस मौके पर गढ़वा डीडीएम सुजीत मुंडा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह, डॉ रंजन दास, शैलेन्द्र कुमार, डॉ पंकज पाठक, डॉ अभिनीत विश्वास, आयुष्मान प्रभारी गुप्तेश्वर प्रसाद, सुनील पटेल, अरुण लकड़ा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## विद्यालय में गलत तरीके से नियुक्ति को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भीतर भंडरिया देवस्थल के प्रागण मे एकलव्य विद्यालय में गलत तरिके से नियुक्ति को लेकर भीतर भंडारिया के ग्रामीण का एक बैठक आहूत की गयी। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ग्रामीण को प्राथमिकता के आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया किया जाना चाहिए था। लेकिन एकलव्य विद्यालय में बाहरी लोगों का नियुक्ति कर दिया गया है। आज हम सब ग्रामीण एकजुट होकर देव स्थल के प्रागण में में बैठक किया। बैठक में सर्वसम्मति से आवेदन का प्रतिलिपि बनाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी भंडरिया, उपायुक्त गढ़वा, डाल्टनगंज, चैनपुर, भंडारिया विधायक को प्रतिलिपि आवेदन बनाकर देने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीणों की बात अगर सुनी नहीं जाती है तो बाध्य होकर आंदोलन करने की बाते कही। इधर एकलव्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि डीडब्लू के आदेश पर रखा गया है लेकिन अभी तक किसी का डॉक्यूमेंट का प्रक्रिया नहीं किया गया है।

## धुरकी में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त चालक फरार

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा गांव में अवैध बालू परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू लोड कर कदवा गांव से होकर गुजर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कर दिया है। साथ ही इस मामले में आगे की कार्रवाई हेतु खनन विभाग, गढ़वा को प्रतिवेदन भेजा गया है।

## सूली में सांसद ने बहुउद्देशीय भवन का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम ने गढ़वा जिला अंतर्गत रमकंडा प्रखंड के पंचायत चेते के आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्र ग्राम सुली में पीएम जनमन योजना के तहत लगभग 60 लाख रुपये की लागत से बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास किया। विदित है कि केंद्र सरकार द्वारा गढ़वा जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के अंतर्गत 8 स्थानों पर बहुउद्देशीय भवन स्वीकृत किया गया है। सांसद श्री राम ने प्रधानमंत्री जनजातीय नागरिक महाअभियान (पीएम जनमन) के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि हमारी केंद्र की मोदी सरकार के इस पहल का उद्देश्य सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ बेहतर सड़क और दूरसंचार संपर्क और पीवीटीजी घरों और आवासों में स्थायी आजीविका के अवसर जैसी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करना है और इस हेतु केन्द्र सरकार सतत प्रयत्नशील हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, प्रफुल्ल सिंह, राम सरिख चन्द्रा, रमकंडा मंडल अध्यक्ष श्री राजकुमार विश्वकर्मा, सतीश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यादव और शिव नारायण चन्द्रा सहित ग्रामीण जनता उपस्थित रहें।

## बकोइया में पेट्रोल पंप का उद्घाटन



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकोईया में शुक्रवार को राजलक्ष्मी पेट्रोल पंप का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन एसडीएम संजय कुमार पांडे, राधा कृष्ण मंदिर के महंत श्रीश्री 1008 बाबा केशव नारायण दास एवं समाजसेवी अनवर खान के कर कमलों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया गया। राजलक्ष्मी पेट्रोल पंप के ऑनर और नगर पंचायत के युवा समाजसेवी मारुतनंदन सोनी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम संजय कुमार पांडे ने कहा कि मारुतनंदन सोनी द्वारा किया गया यह प्रयास जनहित में एक सराहनीय कदम है, जिससे किसानों, वाहन चालकों और आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। मारुतनंदन सोनी ने कहा कि यह पेट्रोल पंप 24 घंटे खुला रहेगा, ताकि किसी भी समय पेट्रोल-डीजल से संबंधित कठिनाई का समाधान हो सके।

## बीरबल में दुकान से सौ बोरा यूरिया खाद जब्त



**सगमा।** गढ़वा जिले के सगमा प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव में शुक्रवार को प्रशासन ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए यूरिया खाद की कालाबाजारी का भंडाफोड़ किया। अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मीर्धा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल प्रभारी विमल कुमार सिंह के नेतृत्व में यह छापेमारी की गयी। कार्रवाई के दौरान पंकज कुमार गुप्ता की दुकान से यूरिया खाद की 100 बोरी बरामद की गयी, जिसे अवैध रूप से जमा कर उंचे दामों पर किसानों को बेचा जा रहा था। अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर खाद को जब्त करते हुए मौके पर ही दुकान को सील कर दिया गया। इस दौरान बिटिएम अंबुज जायसवाल, धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राउत, जिप सदस्य प्रतिनिधि ताराचंद यादव समेत कई अन्य लोग भी मौजूद थे। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि पंकज कुमार गुप्ता, जो वींढमगंज थाना क्षेत्र के फुलवर गांव निवासी हैं, बीरबल गांव में अपने बहनोई अजय साह के यहां रहकर इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे थे। वे सरकारी यूरिया खाद को इकट्ठा कर क्षेत्र के किसानों को अधिक कीमत पर बेचते थे, जिससे इलाके में कृत्रिम खाद संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।

## शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सिंदुरिया पंचायत के पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गांव में प्रभात फेरी निकाल गया। विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात बच्चों और शिक्षकों द्वारा मेजर ध्यानचंद जी का जीवनी को बताया गया। विद्यालय शिक्षक राकेश कुमार चौबे ने कहा कि मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को हम राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। खेल से ही हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। खेल हमारे अनुशासन की भावना को जगाता है। प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने कहा की हमें ध्यानचंद से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। बच्चों को खेल का शपथ दिलाया गया। उसके पश्चात विद्यालय में वर्ग 1 से 5 में 50 मीटर दौड़, बोरी दौड़ तीन टांग दौड़, चम्मच दौड़ वर्ग 6 से 8 में 100 मी दौड़, 200 मी दौड़ और कबड्डी खेलाया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश चौबे ने किया। इस मौके पर शिक्षक उदय कुमार, चंदेश्वर कुमार, परमल साह, बाल संसद के सभी मंत्री एवं बच्चे उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एसडी मेमोरियल एकेडमी में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बोड़ा दौड़, बिस्किट रेस, कुर्सी रेस, 100 मी का दौड़, मैथ रेस, सुई धागा प्रतियोगिता, चम्मच मार्बल तथा साइकिल रेस शामिल हुए। प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार एवं निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्रा द्वारा खेल दिवस के विषय में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में गौतम कुमार, नसरीन खातून, अंशु कुमारी, रंजीत शाह, देव कीर्ति टोप्पो आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।


**कार्यालयः—असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लातेहार।**

**Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.**

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT)लातेहार के अंतर्गत सदर अस्पताल लातेहार में संविदा/अनुबंध के आधार पर फिजियोथेरेपिस्ट के पद पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

विज्ञापन सं0–03/2025 (DMFT)

**DMFT** के तहत जिला लातेहार के अंतर्गतप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्र प्रखण्ड लातेहार में लाभूकों का नेत्र जाँच करानें हेतु **Eye Screening Centre** का संचालन किया जाना है। **Eye Screening Centre** का संचालन तथा घर–घर जाकर लाभूकों को नेत्र जांत्र करानें से संबंधित कार्य हेतु अनुबंध/संविदा के आधार पर औपबंधिक एवं अस्थायी रूप से नीचे वर्णित पदों की सेवाएँ **Competency based interview** के आधार पर चयनोपरांत प्राप्त की जानी है। पदों का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 | पदनाम | आवश्यकता आधारित कोटिवार कुल रिक्ति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | आ0क0व0 | अ0जा0 | अज0जा0 | कुल |
| 1 | Optometrist | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 2 | Project Cordinator | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 3 | Patient Coordinator | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 4 | Mobiliser | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |

नोटः–रिक्तयों की संख्या में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है।

- उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्ते, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट **http://latehar.nic.in** पर देखा जा सकता है।
- ईच्छुक उम्मिदवारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–18.09.2025को अधोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष चयनसमिति के कार्यालय वेश्ममें निर्धारित अर्हता संबंधी शैक्षणिक, तकनीकी एवं कार्यानुभव से संबंधित प्रमाण पत्रों एवं व्यक्तिगत पहचान हेतु आधार कार्ड की की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ **Competency based interview** में शामिल होना सुनिश्चित करेंगें।

सिविल सर्जन, लातेहार

PR 360676 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–64/2025–26

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.09.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 08.09.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.09.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Main Building (Internal & External) Paver Block and Other work in VC Residence Near Marwari Women's University at Telephone Exchange Road, Upper Bazar Ranchi | 4809600 | 96200 | 5000 | Two Months |
| 2 | Construction of Car Shed, SS Grill in Boundary Wall and Miscellaneous work of Main Building in the Campus of "F" Type Staff Quarter No. -01/19 (Hon'ble Judge Residence) at Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 4903600 | 98100 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 360754 Building (25-26)_D

# भीठा में विक्षिप्त ने पत्नी की हत्या कर शव को घर में ही दफनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के भीठा गांव में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आयी है। विगत 24 अगस्त की रात गांव के रघु उरांव ने अपनी पत्नी फूलो उरांव की हत्या कर शव को घर में ही दफना दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों को 28 अगस्त को हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने भंडरा पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह, दंडाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी के नेतृत्व में दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को घर से बाहर निकलवाया। तत्पश्चात रांची से पहुंची फॉरेंसिक जांच टीम ने पूरे मामले की जांच की। शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपी रघु उरांव का आपराधिक इतिहास रहा है। वर्ष 2010 में उसने अपने पिता धनमासी उरांव की हत्या कर दी थी। वहीं 2014 में उसने अपनी चाची की भी हत्या का प्रयास किया था। इधर पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी है।

# गणेशपुर में मां-बेटे की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

मुकेश कुमार सिंह

**सरयू/ लातेहार।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के गणेशपुर पंचायत में गुरुवार की रात्री करीब एक बजे मोहनलाल उरांव ने अपनी 30 वर्षीय पत्नी सोनामुनी देवी एवं 3 वर्षीय पुत्र सूरज उरांव को धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी। साथ ही घर में रखे करीब 5 हजार रुपये को फाड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही गारू थाना प्रभारी पारसमणी, छिपादोहर थाना के एसआइ रितेश कुमार राव, एएसआइ इंद्रजित तिवारी, आनन्द कुमार, आइआरबी 4 (सेट 137) के सब-इंस्पेक्टर सरोजकुमार दास ने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस द्वारा हत्या में प्रयोग किया गया औजार एवं फटे नोट को बरामद कर लिया गया है।



**आरोपी ने कहा :** गिरफ्तार आरोपी लालमोहन उरांव ने बताया की मेरा विवाह सोनामुनी देवी के साथ 8 वर्ष पहले हुआ था। हमारे दो बच्चे सागर उरांव 5 वर्ष एवं सूरज उरांव 3 वर्ष है। गुरूवार की रात्री में खाना खाने के बाद पत्नी के साथ शराब पीने को लेकर बहस होने लगा। बात बढ़ गयी और दोनों के बीच मार-पीट प्रारंभ हो गया। जिससे गुस्से में आकर मैंने पत्नी एवं छोटे बेटे को घर में रखे लोहे के औजार से प्रहार कर मार डाला।

**सागर उरांव ने बताया :** मृतिका के बड़े बेटे सागर उरांव ने कहा कि शोर सुनकर नींद खुला तो मैंने देखा की मां और पापा झगड़ा कर रहे है। इसी दौरान पापा ने लोहा से मां एवं छोटा भाई को मार दिया। मुझे बोला की पढ़ने वाला बच्चा को नहीं मारते है, और छोड़ दिया। वहीं आरोपी की मां सुधनी देवी ने कहा कि मेरा बेटा और उसकी पत्नी मिल कर घर के पास ही एक छोटा सा दुकान चलाते थे। लालमोहन काम करने के लिए मजदूर को बाहर भी भेजता था। हमलोग गांव में ही दूसरे मकान में रहते है। सुबह में पता चला की लालमोहन ने अपनी पत्नी और छोटे बेटे को मार डाला है।

**ओपी प्रभारी ने कहा :** सरयू टीओपी प्रभारी राजेश मुर्मु एवं चिपरू पिकेट प्रभारी राजेन्द्र महतो ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही हमलोग घटना स्थल पर गये। जहां पता चला की आरोपी बगल के गांव में ही है। ग्रामीणों की मदद से पता करते हुए आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया गया।

# भोजपुरी-नागपुरी संगीत को बचाने के लिए लाल विजय शाहदेव ने की पहल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** यूट्यूब के दौर में जहां सुर-ताल से अनजान गायक और नौसिखिये लोग संगीत के नाम पर अश्लीलता परोस रहे हैं, वहीं भोजपुरी और नागपुरी संगीत की असली पहचान खतरे में पड़ती जा रही है। इसी चिंता को देखते हुए प्रसिद्ध फिल्म निर्माता लाल विजय शाहदेव ने दोनों भाषाओं के समृद्ध संगीत और संस्कृति को बचाने की मुहिम शुरू की है। लाल विजय शाहदेव इससे पहले हिंदी फिल्म लोहरदगा, हिंदी-नागपुरी फुलमनिया और भोजपुरी फिल्में नाच बैजू नाच, मेरे नैना तेरे नैना तथा कोख जैसी चर्चित फिल्में बना चुके हैं। उनकी शॉर्ट फिल्म द साइलेंट स्टैच्यू आज भी कान्स फिल्म फेस्टिवल में सर्वाधिक चर्चित फिल्मों में गिनी जाती है। अब वे अपने यूट्यूब चैनल आकृति सिनेमास पर उच्चस्तरीय संगीत एलबम लेकर आ रहे हैं। इसकी शुरूआत शनिवार, 30 अगस्त की सुबह 6:30 बजे झारखंडी संस्कृति और भोजपुरी-नागपुरी संगम गीत 'चल धान रोपे' से होगी। शाहदेव का कहना है कि भोजपुरी और नागपुरी संगीत को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। इसमें हमारी मिट्टी की खुशबू और हमारी संस्कृति की पहचान है। मैं चाहता हूं कि दर्शक इस असली संगीत का आनंद लें और इस मुहिम से जुड़ें।

# बजरंग दल अमला टोली समिति ने किया भजन-कीर्तन का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बड़ा तालाब स्थित बजरंग दल अमला टोली गणेश पूजा समिति के तत्वावधान में गणेश उत्सव के अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष राजकुमार साहू, आजीवन संरक्षक परमानंद साहू तथा संरक्षक बजरंग साहू, सामु साहू, विनय साहू, राजू विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा, कार्तिक विश्वकर्मा ने अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत किया। रात्रि 9 बजे से भजन-कीर्तन की शुरूआत हुई। घाघरा से आए गायक अमर पाठक एवं नीरज पांडेय ने गणेश वंदना करी सुमिरनवा तोहार हो गौरी के ललनवा प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। वाद्य यंत्रों पर सहयोग करते हुए आनंद पांडेय (नाल), अमर पाठक (ऑर्गन), महावीर कुमार (पैड), पारस कुमार (बैंजो), रमेश पांडेय (ताशा) ने कार्यक्रम में समा बाँध दिया। गणेश वंदना के बाद देर रात तक अन्य कलाकारों ने भी भजन प्रस्तुत किए, जिन पर भक्तगण भक्ति भाव से झूमते रहे। कार्यक्रम के उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। समिति पिछले 34 वर्षों से लगातार यह आयोजन करती आ रही है, जिसमें मुहल्लेवासियों और लोहरदगा के अन्य भक्तों का निरंतर सहयोग मिलता आ रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रूप से श्रीकांत प्रमाणिक, महेंद्र प्रसाद, रामनाथ कास्कार उर्फ रामू, सुशील सिंह, नवदीप साहू, अमरेश विश्वकर्मा, बिनय प्रसाद, प्रदीप साहू, नवीन कुमार, रामचरितमानस यज्ञ समिति के सक्रिय सदस्य प्रमोद प्रजापति, समिति सदस्यगण सूरज साहू, रंजीत विश्वकर्मा, दिव्यांशु कुमार, आशीष साहू, शनि साहू, अक्षत साहू, श्याम साहू, गुड्डू साहू, विक्की विश्वकर्मा, आर्यन गुप्ता, करण गुप्ता, पवन साहू, शिवम साहू समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी कॅरियर की अपार संभावनाएं : डीसी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा में खेल विभाग की ओर से गुलेल प्रतियोगिता और गेंड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डॉ ताराचंद, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और अन्य अतिथियों द्वारा मेजर ध्यानचंद की तस्वीर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। कार्यक्रम में उपायुक्त ने मुख्य अतिथि के रूप से कहा कि आज हम हॉकी के जादूगर कहे जानेवाले मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप से मना रहे हैं। मेजर ध्यानचंद का फील्ड हॉकी में भारत के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा है। एक समय में भारतीय फील्ड हॉकी की टीम विश्व में नंबर एक की टीम हुआ करती थी जो मेजर ध्यानचंद के कारण था। आज हम क्रिकेट, शतरंज, तीरंदाजी जैसे खेलों में आगे हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम में सिमडेगा, खूंटी जिले की अधिकतर खिलाड़ी हैं। उपायुक्त ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ आज खेल के क्षेत्र में भी कॅरियर की बहुत संभावनाएं हैं। आप अगर किसी पसंदीदा खेल में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं तो बहुत संभावनाएं हैं। खेल हमारे संस्कृति का हिस्सा रहा है। आप प्रयास करें तो जिला, राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान खेल के क्षेत्र में बना सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि देश की आबादी के अनुपात में ओलंपिक खेलो में मेडल की संख्या काफी कम है जिसे बढ़ाने की जरूरत है। गुलेल और गेंड़ी प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में अलग-अलग प्रथम तीन विजेताओं को कप, प्रमाण पत्र व किट देकर पुरस्कृत किया गया। सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब में बरवाटोली, भण्डरा, निंगनी, चिरी, हेंदलासो के क्लब को 25-25 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा और अन्य उपस्थित थे।

# फुटपाथ विक्रेताओं को वेंडर जोन में शिफ्ट करें : सुखदेव भगत

## सड़क सुरक्षा की बैठक में सांसद ने दिये पदाधिकारियों को निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सुखदेव भगत, सांसद, लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में सांसद द्वारा लोहरदगा जिला के शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए पूरे शहरी क्षेत्र, पावरगंज-अपर बाजार पथ, पावरगंज से मैना बगीचा, न्यू रोड आदि को जाममुक्त व अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश प्रशासक नगर परिषद को दिया।

सांसद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है जिसमें विशेषकर कम उम्र के किशोर जो हेल्मेट नहीं पहन कर दोपहिया वाहन चलाते हैं, उन्हें ज्यादा नुकसान पहुंचा है। परिवहन विभाग लगातार ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई करे। प्रखंड मुख्यालयों में भी चेकिंग की जाय। सड़क पर स्टंट करने वाले और मोडिफाइड साइलेंसर वाले दोपहिया वाहन चालकों का दोपहिया वाहन जब्त करें। ऑटो चालक जो बैठने के लिए सीट से अधिक संख्या में यात्रियों को बिठाते हैं, वैसे ऑटो चालकों पर कार्रवाई करें। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के लिए ट्रक चालकों का वाहन चालन का लाइसेंस की जांच करें। शराब पीकर वाहन चलाने वाले सभी वाहन चालकों की जांच की जाय।नये सभी जांच नियमित रूप से चलायी जाय। राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग अपने-अपने पथों में दुर्घटना संभावित क्षेत्र में स्पीड कम करने के लिए रम्बल स्ट्रिप लगवाएं। घुमावदार संकीर्ण रास्तों से झाड़ियों व बड़े घांसों की कटाई कराएं। झुकी व सूखे पेड़ को वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर हटवाएं ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। लोगों की सुविधा व जागरूकता के लिए साइनेज लगवाएं। जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने, छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावक को यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दिए जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं से सड़क सुरक्षा समिति को अवगत कराया। सांसद ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। लोगों में ट्रैफिक सेंस और सिविक सेंस उत्पन्न करने की आवश्यकता है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को लोकहित में कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में उपायुक्त डॉ ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, सदस्य नेसार अहमद, पवन गौतम, मनोज भगत, कुणाल अभिषेक समेत अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी गण व सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

# बरवाडीह स्टेशन से कोयला चोरी करते युवक गिरफ्तार



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बरवाडीह ने शुक्रवार सुबह एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बरवाडीह स्टेशन के पूरब साइड स्थित केबिन के पास से कोयला चोरी करते हुए एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी के निर्देश पर सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार राय, आरक्षी पीके यादव एवं आरक्षी ज्योतिष कुजूर द्वारा गुप्त निगरानी के तहत की गयी। सुबह लगभग 8 बजे मालगाड़ी से गिरते कोयले के साथ एक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अमेरिका सिंह (उम्र 35 वर्ष), पिता मंगर सिंह, ग्राम लेदगाई, थाना बरवाडीह, जिला लातेहार (झारखंड) बताया। गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु आरपीएफ पोस्ट बरवाडीह लाया गया। सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार राय द्वारा दी गयी लिखित शिकायत के आधार पर आरपीएफ पोस्ट बरवाडीह में कांड संख्या 01/2025, दिनांक 29.08.2025 के तहत आरोपी अमेरिका सिंह के विरुद्ध भारतीय रेलवे संपत्ति (अनधिकृत कब्जा) अधिनियम, 1966 की धारा 3 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। इस मामले की जांच उपनिरीक्षक राम कुमार मींज को सौंपी गयी है। वहीं, आरोपी को अग्रिम न्यायिक कार्यवाही के लिए न्यायिक दंडाधिकारी, रेलवे न्यायालय, डाल्टेनगंज भेज दिया गया है।

# सर्वेयर और स्वयंसेवी शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सर्वेयर तथा स्वयंसेवी शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण में संबंधित पोषक क्षेत्र के सर्वेयर तथा स्वयंसेवी शिक्षकों को कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। राज्य संसाधन समूह के सदस्य शिक्षक सह प्रशिक्षक शिव कुमार प्रजापति द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि इस कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से ऊपर के सभी निरक्षरों का सर्वे कर ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित करना है। साथ ही जन चेतना केंद्र के माध्यम से पठन पाठन का कार्य संचालित कर उन्हें साक्षर करने का कार्य करना है। इनका प्रत्येक वर्ष मार्च तथा सितंबर में आकलन परीक्षा आयोजित की जायेगी प्रशिक्षण में कार्यक्रम के मुख्य चार चरणों सर्वेक्षण तथा पंजीकरण, शिक्षार्थियों को स्वयंसेवी शिक्षकों के साथ टैगिंग और जन चेतना केंद्रों का संचालन तथा प्रमाणीकरण पर विस्तृत चर्चा की गयी। वही प्रशिक्षक के द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य है समाज में सभी निरीक्षरकों को साक्षर कर बुनियादी शिक्षा हासिल कराना एवं व्यवसायिक कौशल का विकास करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी सर्वेयर तथा स्वयंसेवी शिक्षक के अलावे बीपीओ प्रकाश रंजन, बीआरपी अम्बिका शरण पाण्डेय तथा सभी सीआरपी, बीआरपी, सिनी टाटा ट्रस्ट के उदित कुमार, सर्वेयर शिक्षक बुधन राम,मेराज अंसारी,रेणु प्रजापति, प्रतिमा कुमारी, संजीत कुमार,अमित नायक समेत अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# 2.5 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 28 अगस्त को गुप्त सूचना के आधार पर की गयी, जिसके मुताबिक एक युवक पलामू से ब्राउन शुगर लाकर बरवाडीह में बेचने की तैयारी में था। जानकारी के अनुसार, आरोपी एक काले और नीले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से कुटमु से बरवाडीह की ओर आ रहा था। सूचना मिलते ही लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम और थाना प्रभारी अनुप कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए संदिग्ध मोटरसाइकिल का पीछा किया और चालक को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार युवक की पहचान विपिन कुमार





(उम्र करीब 25 वर्ष), ग्राम खुरा, थाना बरवाडीह, जिला लातेहार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग 2.5 ग्राम ब्राउन शुगर, एक सिल्वर रंग का छोटा इलेक्ट्रॉनिक तराजू और मोटरसाइकिल बरामद की गयी। पुलिस ने इस संबंध में बरवाडीह थाना कांड संख्या 53/25, दिनांक 28.08.2025 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 22 और 27 के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। छापेमारी में थाना प्रभारी अनुप कुमार के साथ-साथ सुनील कुमार मंडल, अनुराग कुमार, आरक्षी पिथो सोरेन और आरक्षी अरुण सिंह शामिल थे।

# पीएम की मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजयुमो ने दर्ज करायी प्राथमिकी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) लोहरदगा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को लोहरदगा थाना पहुंचकर कांग्रेस के दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई। भाजयुमो ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जो बेहद निंदनीय है। मौके पर भाजयुमो झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की यह टिप्पणी शर्मनाक है। अगर भविष्य में कांग्रेस के कार्यकर्ता इसी तरह की बयानबाजी करते रहे तो भाजपा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ईंट का जवाब पत्थर से देंगे। उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाये। शिकायत दर्ज कराने के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, जिला मंत्री मिथुन कुमार, राजकुमार साहू, पवन सिंह, सुनील कुमार, सचिन सिंह समेत युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जीवन में निरंतर अभ्यास से सफलता प्राप्त की जा सकती है : एसडीपीओ



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड के निदेश के आलोक में झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा (शिक्षा विभाग) के तत्वाधान में खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025-26 के तृतीय चरण में एथलेटिक्स एवं बैंड प्रतियोगिता का आयोजन डायट कैम्पस चीरी तथा केजिबिभी सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, लोहरदगा, कुजरा में की गयी। तृतीय चरण के एक दिवसीय खेल का विधिवत उद्घाटन जिला एसडीपीओ, लोहरदगा श्रद्धा केरकेट्टा, जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा, अभिजीत कुमार, एपीओ, एमलीन सुरीन तथा प्रतिभागियों आदि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। अंडर 14, 17 और अंडर 19 बालक एवं बालिकाओं के सभी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी सात प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों के प्रखंड स्तरीय विजेता टीम यथा सरकारी मध्य, उच्च,केजीबीभी और एकलव्य विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, हर्डल, शार्ट पुट, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो सहित विभिन्न स्पधाओं का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन डायट चीरी में किया गया। बालक और बालिकाओं के कुल 9 बैंड दलों का प्रतियोगिता का आयोजन कुजरा,लोहरदगा के प्रांगण में किया गया। जिसमें बालिकाओं के कुल 7 दल और बालकों के 02 बैंड दलों का प्रदर्शन किया गया। मौके पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने सभी प्रतिभागियों से कहा कि सभी बैंड दलों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। आपको हार जीत से हतोत्साहित नहीं होनी चाहिए। जीवन में निरंतर अभ्यास से सफलता प्राप्त किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा, अभिजीत कुमार ने कहा कि बैंड का प्रदर्शन एक साथ टीम भावना को परिलक्षित करता है। जिससे जीवन में अनुशासन और समयबद्धता का बोध कराता है। सभी विजेता टीम को हमारी शुभकामनाएं हैं कि राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रौशन करें। विजयी प्रतिभागी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पंचायत सहायक की मनमानी सें ग्रामीण परेशान





**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के पंचायत छेंचा में नियुक्त पंचायत सहायक की मनमानी से इस पंचायत के ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने बीडीओ रेशमा रेखा मिंज से पंचायत सहायक को हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है पंचायत सहायक कैलास राम जो कभी-कभी पंचायत भवन में आते है, वही शिव प्रसाद अपने निजी विद्यालय में ब्यस्त रहते है इनको पंचायत से कुछ लेनादेना नही है। प्रियंका भारती का पिछले आठ वर्ष पहले शादी हो गयी। वही विकेश कुमार सिंह का पंचायत भवन से कोई मतलब नही है। इन पंचायत सहायक पर आरोप है कि ये पंचायत में कभी नही बैठते है जिससे वृद्धा पेंशन, आवासीय, जाति , आय प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र कई महीनो से बनाने में परेशानी हो रही है। जबकि इन पंचायत सहायको को सरकार की तरफ से हर महीना 2500 रुपये मानदेय भी दी जाती है। इसके बावजूद भी पंचायत सहायक पंचायत भवन में नही आते है और न ही ग्रामीणों को फॉर्म भरने में सहायता करते है।

# सिद्धिविनायक गणपति के भजनों पर कलाकारों ने दी नृत्यों की प्रस्तुति

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर महाकाल क्लब गणेश पूजा समिति, कृषि मार्केट लोहरदगा के तत्वावधान में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रात्रि 8 बजे से नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जो देर रात तक चला। समिति के पदाधिकारियों एवं भक्तों ने सिद्धिविनायक गणपति बप्पा को माल्यार्पण कर माथा टेका। इसके बाद पूरे परिसर में ह्लगणपति बप्पा मोरयाह्व एवं ह्लजय श्रीरामह्व के नारों से गूंज उठी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा, जय श्रीराम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू, योगी सेना के जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर तथा संरक्षक अजय पंकज, रितेश साहू, अशोक साहू, मिथुन टोप्पो, गौरव अग्रवाल उर्फ गुड्डु एवं आकाश कुमार साहू मौजूद थे। नृत्य प्रतियोगिता में कुल 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमे ऑफिशियल लोहरदगा डांस एकेडमी, अमर बरियर रांची, प्रिंसी कुमारी, प्रगति कुमारी, ग्रेट टैलेंट डांस अकैडमी, जिज्ञासा सोलो, जागृति कुमारी, शैली कुमारी, रोहित पॉप, जीत रॉक स्टेट डांस अकैडमी, आरडीए ग्रुप, मैजिक मूव्स रांची, दुबराज महली, प्रिंस राज एवं आँचल कुमारी, अमृता कुमारी, रितिका कुमारी, माही कुमारी, रूपा मुंडा, पिहू साहू, नैन्सी मिंज, आरोही कुमारी, आराध्या कुमारी, दीपा कुमारी गुप्ता, एलीना किंडो, अनन्या कुमारी, प्रीति शर्मा थे। सभी प्रतिभागियों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। बच्चों और कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। सिद्धिविनायक गणपति बप्पा के भजनों पर प्रस्तुत नृत्यों ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। प्रतिभागियों में से चयनित कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार आर वरियर रांची (5100 और शील्ड), द्वितीय पुरस्कार जीत रॉक स्टेट डांस अकैडमी (3100 और शील्ड), तृतीय पुरस्कार ऑफिशियल लोहरदगा डांस अकैडमी (2100 और शील्ड) और अन्य प्रतिभागियों को भी 1000 एवं शील्ड देकर प्रोत्साहित किया गया। समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। महाकाल क्लब आगे भी इसी तरह के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# संवेदक ने आहर में ही बना दिया शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन, बारिश होते ही जलमग्न

## स्वास्थ्य सेवा ठप, ग्रामीण परेशान, संवेदक-दोषी विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 11 के डिहरिया गांव का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 11 के डीहरिया गांव में शहरी स्वास्थ्य केंद्र का भवन को आहर में बना दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बरसात में आहर पानी से लबालब भर गया है, जिस कारण स्वास्थ्य केंद्र का यह भवन जलमग्न हो गया। भवन में पानी भर जाने से वहां रखी हजारों रुपये की दवा एवं फर्नीचर भी बर्बाद हो गये। इस कारण यहां स्वास्थ्य सेवा ठप सी हो गयी है। विभागीय लापरवाही एवं संवेदक की मनमानी का खामियाजा आज ग्रामीणों एवं स्वास्थ्य विभाग को उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में 55 लाख रुपये की लागत से उक्त भवन का निर्माण कराया गया था। जिसे संवेदक ने अपनी सहूलियत के चलते आहार में बना दिया। निर्माण के समय भी ग्रामीणों ने विरोध किया था, लेकिन संवेदक ने ग्रामीणों की एक न सुनी और मनमाने तरीके से भवन को आहार में बना दिया। संवेदक ने पिछले वर्ष स्वास्थ्य विभाग को भवन सौंप भी दिया। जिसके बाद विभाग की ओर से शहरी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार शुरू कर दिया गया। पर इस दिन लगातार हो रही बारिश के कारण आहार भरने लगा और स्वास्थ्य केंद्र के भवन में पानी घुसने लगा। देखते ही देखते शहरी स्वास्थ्य केंद्र का यह भवन जलमग्न हो गया। शुक्रवार को ग्रामीणों से मिली शिकायत के बाद पूर्व नप अध्यक्ष के प्रतिनिधि सह वरिष्ठ राजनेता नईमुदिन अंसारी ने स्वास्थ्य केंद्र भवन का स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को पत्र लिखकर संवेदक और दोषी विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करेंगें। जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन भी करेंगें।



बारिश के पानी में डूबा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।

### किराये का मकान लेकर संचालित किया जा रहा स्वास्थ्य केंद्र: डॉ राजेंद्र

उधर, विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है। तत्काल एक किराये के मकान में स्वास्थ्य केंद्र को संचालित किया जा रहा है। उन्होंने भी स्वीकार किया कि दवा, उपकरण और फर्नीचर को नुकसान पहुंचा है।

# विघ्नहर्ता भगवान गणेश सभी का मंगल करें : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में आयोजित गणपति महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने चैनपुर स्थित सिद्धिविनायक क्लब, कश्यप मोहल्ला, हिंदू एकता दल, मुख्य बाजार और जय किसान संघ की ओर से आयोजित गणेश पूजा में भाग लिया और भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कहा कि गणेश चतुर्थी का यह पर्व हम सभी को आपसी भाईचारे, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। यह आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आयोजको की सराहना करते हुए भगवान गणेश से शहर की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। दूसरी ओर, विभिन्न पूजा पंडालों में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। प्रथम महापौर ने आयोजकों से अपील करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह समाज में आपसी एकता और सहयोग को भी बढ़ावा देते हैं।

## स्कूल से राशन और गैस सिलेंडर की चोरी

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत भड़गांवा पंचायत के रानीताल उत्क्रमित मध्य विद्यालय में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आयी है। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचे तो पाठशाला कक्ष का ताला टूटा पाया। उन्होंने रसोई घर और स्टोर रूम में घुसकर देखा तो वहां रखे सामान चोरी हो गये थे। इसमें मिड-डे मील में इस्तेमाल होने वाले दो रसोई गैस सिलेंडर और करीब 40 किलों चावल शामिल हैं। चोरी हुए सामान की कीमत 10 हजार रुपये बतायी जा रही है। प्रधानाध्यापक दीपक कुमार चंद्र ने चोरी की सूचना पुलिस को दी है। उन्होंने चैनपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। बतातें चलें कि उक्त विद्यालय में 18 जनवरी 2024 को भी चोरी की घटना हुई थी। तब चोरों ने तड़ित चालक की चोरी कर ली थी।

# छत्तरपुर नप सहित अन्य क्षेत्रों के संवेदक गंभीरता दिखायें और तय मानक के अनुसार काम करें: डीसी

## मेदिनीनगर नगर निगम, नगर पंचायत और नगर परिषद के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले के विभिन्न नगर पंचायत, नगर परिषद और मेदिनीनगर नगर निगम की ओर से संचालित कार्यों की अद्यतन जानकरी ली गयी। साथ ही विभिन्न निर्देश भी दिये गये। इस दौरान डीसी ने विभिन्न नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी को स्थानीय लोगों के बेहतरी के मद्देनजर योजनाओं को क्रियान्वित करने को कहा। मेदिनीनगर नगर निगम की समीक्षा के क्रम में डीसी ने वार्ड 23 में निर्माण किये जा रहे इनडोर स्टेडियम के प्रगति की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि कार्य प्रगति पर है। इसके अलावे वार्ड 13 अंतर्गत बनने वाले वेंडर मार्केट में पार्किंग की सुगम व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य कराने की बात कही। साथ ही अंबेडकर पार्क में स्टील रेलिंग के कार्य को समय पर पूरा कराने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। अमृत योजना अंतर्गत योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गयी। लगे हाथ पीएम आवास शहरी के अद्यतन स्थिति की भी जानकरी ली। इसी तरह छत्तरपुर, हुसैनाबाद और हरिहरगंज नगर पंचायत में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान अर्बन वाटर सप्लाई, बस एवं ऑटो स्टैंड के निर्माण के लिए जमीन की उपलब्धता, स्ट्रीट लाइट नया अधिष्ठापन एवं मरम्मती, साफ-सफाई, होल्डिंग टैक्स वसूली, प्रॉपर्टी टैक्स, एफएसटीपी, सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, पार्कों के निर्माण कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि छत्तरपुर नगर पंचायत सहित अन्य क्षेत्रों से संवेदक द्वारा लगाये जा रहे स्ट्रीट लाइटों में तय मानक के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यपालक पदाधिकारियों से इस विषय पर गंभीरता बरतते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने पर बल दिया। इसी तरह छत्तरपुर नगर पंचायत और विश्रामपुर नगर परिषद के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दवाओं की कमी को लेकर नाराजगी जताते हुए संबंधितों को सिविल सर्जन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध करने की बात कही। इस मौके पर मेदिनीनगर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त, सभी संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।



# स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा विभाग से सबंधित समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान डीसी ने मध्याह्न भोजन योजना, समग्र शिक्षा अभियान, विद्यालय में बच्चों की इनरोलमेंट, पोषाक वितरण, डिजिटल शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं अन्य विद्यालय की आवश्यकता, नामांकन, स्कूल किट, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई के माध्यम से चयन, आइसीटी प्रोग्राम एवं स्मार्ट क्लास एवं स्टीयरिंग समिति से जुड़े विभिन्न कार्यों की बिंदुबार समीक्षा करते हुए प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और सुदृढ़ करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही बच्चों का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित कराने और अनुपस्थित बच्चों को स्कूल लाने के लिए प्रयास कार्यक्रम के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने अभियान के तहत विद्यालय से बाहर रह गये बच्चे, प्रवासी बच्चे एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के माता-पिता तक पहुंचने का प्रयास करने का निर्देश दिया, ताकि शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति स्कूलों में सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान डीसी ने आउट आफ स्कूल एवं ड्रॉप आउट प्रतिशत, शिक्षक-छात्रों की स्कूलों में उपस्थिति के अलावा मिड डे मिल वितरण और आवंटन की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में बेहतर तरीके से कार्य करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अलावा बीआरसी भवन की स्थिति, सभी सरकारी विद्यालयों की आधारभूत संरचना की स्थिति, केंद्रीय विद्यालयों की स्थिति, शिक्षकों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, विद्यालयों में सुव्यवस्थित इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लास, विद्यालयों में पौधारोपण, पुस्तक वितरण, खेलकूद, एमडीएम, इको क्लब, पुस्तकालय समेत अन्य एजेंडा की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। लगे हाथ जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में डीसी ने मुख्य रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण की स्थिति, रसोई सेड, विद्यालयों में खाद्यान्न की प्रत्येक माह समय पर उपलब्धता, विद्यालयों में पोषण वाटिका (किचन गार्डन) की स्थिति के अलावा विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सहित एवं स्कूलों में रसोईयों की आवश्यकता की बिन्दुआर समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर डीडीसी पीयूष सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, शिक्षा विभाग के अधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकरी रोहित कुमार विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।




## रेहला में इंद्राणी टीवीएस टेंपो शोरूम का शुभारंभ



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला-बीमोड़ मुख्य पथ पर इंडियन पेट्रोल पंप के सामने शुक्रवार को इंद्राणी टीवीएस टेंपो शोरूम का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ, एसबीआई के रेहला शाखा प्रबंधक बैजनाथ सिंह, लेखापाल श्याम कुमार, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय और शोरूम के प्रोपराइटर संतोष चौबे ने संयुक्त रूप से किया। शोरूम के प्रोपराइटर ने बताया कि टीवीएस कंपनी का इलेक्ट्रॉनिक एवं सीएनजी सहित हर मॉडल का टेंपो उपलब्ध है। शोरूम खोलने का उद्देश्य केवल व्यवसाय करना नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इस मौके पर आलम अंसारी, नवीन पांडेय, विकेश पांडेय, सिंटू यादव, हिमांशु सिंह, मुकुल सिंह, प्रेम तिवारी, भूषण चौबे, मनु चतुर्वेदी, शक्तिधर दुबे, मुकुल पांडेय और बबन पाठक आदि मौजूद थे।

## होटल इंपीरियल हाइट्स में फ्लेवर फ्यूजन फूड फेस्टिवल की शुरुआत



**देवघर (आजाद सिपाही)।** होटल इंपीरियल हाइट्स के ट्वाइलाइट रेस्टोरेंट में फ्लेवर फ्यूजन फूड फेस्टिवल की शुरूआत शुक्रवार से हुई, जो सात सितंबर तक चलेगी। इस खास मौके पर खाने को अलाकार्टे के आधार पर तैयार किया जा रहा है, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक व्यंजनों का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। स्टार्टर्स में मेहमानों के लिए ग्रिल्ड कॉर्न (भुट्टे), पकौड़े, इंडियन स्टाइल चिकन सॉसेज और मुर्ग नूरानी कबाब जैसे खास व्यंजन परोसे जाएंगे। वहीं, मुख्य भोजन में अरबी का कोफ्ता करी, कढ़ी पकौड़ा, स्टफ्ड कोलोकेशिया लीव्स, मुर्ग शाहजहानी, मुर्ग टिक्का लजीज और राजस्थानी स्वाद का लाल मास शामिल है। होटल के जनरल मैनेजर राजू चौधरी ने बताया कि फ्लेवर फ्यूजन विभिन्न व्यंजनों और तकनीकों का संगम है। इस बार के फेस्टिवल में क्षेत्रीय सामग्रियों का उपयोग कर एक अनोखा स्वाद प्रस्तुत किया गया है।

## शिविर में युवाओं ने किया रक्तदान

**देवघर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल के साथ ही सामाजिक सरोकार को जोड़ते हुए देवघर के इनडोर स्टेडियम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। जिला खेल संघ पदाधिकार (डीएसए) के सचिव आशीष झा ने कहा कि रक्तदान महादान है। खिलाड़ियों को सिर्फ खेल तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वहीं, रक्तदाता जीत आर्यन ने कहा कि हर किसी को अवसर मिलने पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदाता केशव कुमार ने अपना 51वां रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान से न सिर्फ आत्मसंतोष मिलता है, बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवनदान भी मिलता है।

## खेल मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं: नमन प्रियेश लकड़ा



**देवघर (आजाद सिपाही)।** पर्यटन कला, संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुक्रवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कहा कि खेल न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों के जरिए तनाव को दूर कर आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना विकसित होती है। प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों ने बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। वहीं, बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। इ दौरान इंडोर स्टेडियम में आयोजित रक्तदान शिविर के माध्यम से रक्तदान के महत्व पर भी जागरूकता फैलाई गई और रक्तदान करने वालों को सम्मानित भी किया गया। वहीं, डीडीसी पीयूष सिन्हा ने कहा कि खेल से न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती मिलती है, बल्कि यह बच्चों में आपसी सम्मान और टीम भावना को भी बढ़ाता है। कहा कि आज शिक्षा के साथ ही खेलों का महत्व और अधिक बढ़ा है। इनके माध्यम से बच्चे अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर सरस्वती विद्या मंदिर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, वरिष्ठ शिक्षक शशि कुमार, शारीरिक शिक्षक अभिषेक पाठक ने किया। इस दौरान सभी ने मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगितायें आयोजित हुए। जिसमें दौड़, लंबी कूद गणित दौड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, कबड्डी जैसे रोचक खेल शामिल थे। वहीं, शारीरिक शिक्षक अभिषेक पाठक ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। खेल से अनुशासन और संगठन शक्ति का विकास होता है। वहीं, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि मेजर ध्यानचंद जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, रणजीत मिश्रा, राजकुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, छाया कुमारी, संजय सिन्हा, चंदन कुमार आदि मौजूद रहे।

## ट्री मैन ने श्राद्ध कर्म में शामिल होकर किया पौधरोपण

# समाज हित के लिए समर्पित स्व. कौशल किशोर मिश्रा का जाना दुखद : डॉ कौशल

**कहा- सेजिया के साथ ही पौधा दान से ही मिलेगी मृतक की आत्मा की शांति**

**वरिष्ठ पत्रकार सतीश सुमन के पिता के श्राद्धकर्म-श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे लोग, दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि**



पर्यावरण धर्म की प्रार्थना और शपथ दिलाते ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** औरंगाबाद जिले के परता गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार सतीश सुमन के पिता स्व कौशल किशोर मिश्रा के श्राद्ध कर्म में गुरुवार को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल भी शामिल हुए। इस दौरान स्व कौशल किशोर मिश्रा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी स्मृति में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा लगाया। कहा कि श्राद्ध में सेजिया के साथ पौधा दान करने से ही मृतक की आत्मा को शांति मिलती है। कहा कि सदैव समाज हित के लिए समर्पित स्वर्गीय कौशल किशोर मिश्रा का अलविदा होना दुःखद ही नहीं, समाज की अपूरणीय क्षति भी है। स्व मिश्रा समाज को आईना दिखाने का काम किये थे। वे मृदुभाषी एवं गरीबों के लिए समर्पित व्यक्ति थे। कहा कि वर्तमान दौर में बहुत ही कम ऐसे लोग देखने को मिलते हैं, जो पारिवारिक जिम्मेदारी के बाद भी जनहित एवं समाज हित में बराबर सक्रिय रहते हों। उधर, उनके श्राद्ध कर्म में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, पत्रकार एवं प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित होकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसमें अभिषेक सिंह, अभिमन्यू सिंह, दिलीप तिवारी, प्रकाश शंकर सिंह, वरीय अधिवक्ता महेंद्र तिवारी, अधिवक्ता सतीश मिश्र, अधिवक्ता विकास कुमार, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, अधिवक्ता प्रभात कुमार, नवीन सहाय, उपेंद्र मिश्र, लक्ष्मी नारायण तिवारी, प्रभात सुमन, हम पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव, सीटू पाठक, एडीपीआरओ विजय ठाकुर, अजीत तिवारी, गौरव कुमार, वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र शर्मा, संजय सहाय, अरविंद कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार, अरुण शुक्ला, राणा अरुण सिंह, शेखर सिंह, संजय सिंह उमेश, नीलकमल, आनंद कुमार, श्रवण पांडेय, अरुण शर्मा आदि शामिल थे।

## लायंस क्लब मधुपुर शाखा ने गरीबों में भोजन बांटा

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी ने 'फूड फॉर हंगर' कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को हाजी गली स्थित काजल टेक्सटाइल के समीप गरीब एवं आसहाय 60 पुरुष-महिलाओं को भोजन कराया गया। क्लब के जोनल चेयरपर्सन लायन शौकत नाज ने असहायों को स्वादिष्ट भोजन परोसा। कहा कि यह प्राथमिक संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति केवल भोजन की कमी के कारण जीवन न गंवाए।

## नुक्कड़ नाटक और जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभावित लाभुकों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी कराने के साथ हीी आपूर्ति विभाग की ओर से चलाई जाने वाली विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन और जागरूकता रथ का संचालन जिले के सभी पंचायतों में किया जा रहा है। इस कड़ी में प्रचार रथ एवं नुक्कड़ नाटक की टीम जिले के प्रखंडों एवं गांवों में भ्रमण कर आमजन को खाद्य, सार्वजनिक वितरण और सरकार की उपभोक्ता मामले विभाग की योजनाओं की जानकारी दे रहा है। लाभुकों को विभागीय योजनाओं के साथ ही अयोग्य लाभार्थियों द्वारा धोखाधड़ी किये जाने की स्थिति में दंडात्मक प्रावधान, वन नेशन-वन राशन कार्ड के तहत सुविधा, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया तथा पीजीएमएस पोर्टल के बारे में भी जागरूक करेगा। जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को विभाग की ओर से संचालित झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा, मुख्यमंत्री नमक वितरण, मुख्यमंत्री दाल वितरण, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण व चीनी वितरण योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की जानकारी दी जाएगी। जिले के विभिन्न प्रखंडों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के योजनाओं का प्रचार किया जा रहा है। प्रचार रथ एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पीवीटीजी, आपूर्ति शृंखला, दुर्गम व पहाड़ी, हाट बाजार, चौक चौराहों व चिह्नित स्थलों पर आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा कार्यक्रम के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की पूरी जानकारी भी दी जा रही है।

## मांझाटोली में गणेश पूजा धूमधाम से हुई



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शंख मोड़ मांझाटोली में गणेश पूजा समिति के द्वारा गणेश पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। कई दिनों तक चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने गणपति बप्पा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, वहीं पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। समिति के अध्यक्ष निलेश कुमार झा ने बताया कि यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को मजबूत करता है। इससे सामाजिक समरसता बढ़ती है। इस अवसर पर निलेश मेहता, रिषभ प्रसाद, शेखर कुमार, उत्तम प्रसाद, मनीष कुमार झा, सुरज कुमार सिंह, पंकज राय, विपुल प्रसाद, सतीश दास,गुलाब सिंह, राजीव कुमार, रंजीत राय, गौरव सिन्हा, गोबिंद रजक,संतोष दास,दामोदर साव,दिलीप सिंह, हर्ष कुमार, कुंदन कुमार, सागर सिंह और श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

## 20 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ दो गिरफ्तार



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट पुलिस ने गुरुवार देर शाम 20 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ दो युवकों को धर दबोचा है। पुलिस के गिरफ्त में आने वाले युवक अंकित साहू 23 और विकास साहू 27 दोनों ग्राम उमड़ा थाना पालकोट के रहने वाले है। पुलिस ने इनके पास से 20 ग्राम ब्राउन सुगर के अलावे तीन मोबाइल फोन और एक स्कूटी जब्त किया है। मामले को लेकर पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बतलाया कि पालकोट प्रखंड इलाके में ब्राउन सुगर का सफ्लाई करने वाले नशे के सौदागरों के टोह में काफी समय से पालकोट पुलिस लगी थी। इसी बीच गुरुवार को बसिया एसडीपीओ नाजिर अख्तर को उमड़ा के उक्त दोनों युवकों के द्वारा ब्राउन सुगर के परिवहन की जानकारी मिली। जिसके बाद बसिया एसडीपीओ नाजिर अख्तर के नेतृत्व में पुलिस एंबुस लगा कर उनके आने का इंतजार करने लगी तभी दो युवकों को स्कूटी में आते देख कर उन्हें रोक कर पूछताछ शुरू की गयी। पुलिस के पूछताछ से घबराकर दोनों युवकों ने उनके पास 20 ग्राम ब्राउन शुगर होने की बात स्वीकार किया। युवकों को पुलिस पालकोट थाना ले गयी तथा पूछताछ के बाद सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है छापेमारी दल में बसिया एसडीपीओ नजीर अख्तर, पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार, सब इंस्पेक्टर विश्वजीत कुमार चेतन, एएसआइ देवनारायण महतो सहित पुलिस बल शामिल थे।

## तुंबा टोली के ग्रामीण कीचड़ भरे रास्ते पर चलने को मजबूर, सड़क बनवाने की मांग



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के मेराल पंचायत अंतर्गत मेराल गांव के टोला तुम्बा टोली में ग्रामीणों को कीचड़ भरी सड़क से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है ।बारिश से पूर्व सड़क मरम्मत का कार्य नहीं कराए जाने के कारण गांव के मुख्य मार्ग की हालत बदतर हो गयी है। जिस पर अब बारिश के कारण कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है। कहीं-कहीं तो घुटनों-घुटनों पानी भरा और कीचड़ नजर आता है। आवाजाही के लिए मुख्य मार्ग पर करीब 500 मीटर तक रास्ता कीचड़ में तब्दील है। रास्ते में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां कीचड़ पसरा है। जिसके कारण लोगों को सड़क मार्ग से निकलने में काफी परेशानी हो रही है। इसके बावजूद भी सड़क निर्माण नहीं कराया जा रहा है। इसी सड़क से होकर 25 घरों की बस्ती के ग्रामीणों को आए दिन प्रखंड मुख्यालय कामकाज के लिए एवं अन्य स्थानों पर आना- जाना पड़ता है ।अगर जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान देती और समय से पहले रोड पर गड्ढों की भराई हो जाती तो आज यह स्थिति नहीं होती। इसी रास्ता का उपयोग सभी ग्रामवासी करते हैं। वहीं गांव में सड़क निर्माण के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वही गांव के अब्राहम तिग्गा, क्रेशन एक्का, अल्फ्रेड केरकेट्टा, ममन्ती तिग्गा, जसिंता एक्का, फिलसीता एक्का, एलिस तिग्गा ने बताया कि जनप्रतिनिधियों को कई बार सड़क निर्माण को लेकर कहा गया लेकिन किसी ने इस पर शुद्ध नहीं लिया। आये दिन हमारे बच्चे कीचड़ में तब्दील सड़क पर गिरते हैं ।हमारे गांव तक मोटरसाइकिल तो दूर की बात पैदल चलना भी इस सड़क पर भारी पड़ता है। पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है ।जल्द से जल्द प्रशासन इधर भी नजर डालें ।और हमारे गांव तक पहुंचने वाली सड़क की मरम्मती कराये। ताकि हम सभी को चलने में सुविधा हो सके।

## हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ गुमला में आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सुप्रसिद्ध नस हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार 30 अगस्त दिन शनिवार को गुमला में रहेंगे। वे पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि ससमय पहुंच कर रोगी डॉ अनिल से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

## केओ कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** केओ कॉलेज, गुमला में 30 अगस्त दिन शनिवार, प्रातः 8:30 बजे एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कॉलेज की पत्रिका का विमोचन, नूतन छात्रों का अभिनंदन, करम पर्व संध्या समारोह, साथ ही इनडोर स्पोर्ट्स कक्ष एवं पुस्तकालय रीडिंग रूम का उद्घाटन संपन्न होगा। इस अवसर पर सांसद, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र, सुखदेव भगत जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कॉलेज प्रशासन ने सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया है कि वे समय पर कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। यह कार्यक्रम छात्रों में नयी ऊर्जा और प्रेरणा का संचार भी करेगा।

# उर्वरक की कालाबाजारी और किल्लत को लेकर किसानों ने टावर चौक किया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिले में उर्वरक की किल्लत व कालाबाजारी को लेकर झारखंड प्रतिज्ञा महिला एसोसिशन की अध्यक्ष देवकी देवी के नेतृत्व में किसानों ने टावर चौक को जाम कर दिया। जाम से सड़क के चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जाम का नेतृत्व कर रही देवकी देवी ने बताया शहर के कई दुकानों में उर्वरक की कालाबाजारी हो रही है किसानों को 6 से लेकर 700 रुपए तक प्रति बोरा बेचा जा रहा है। रायडीह के लेंप्स में 450 रुपए प्रति बोरा की दर से कालाबाजारी हो रही है जिस पर विभाग मौन है। विभाग की मिली भगत से यह सारा खेल चल रहा हैं। मौके पर जामकर्ताओं ने यूरिया की कालाबाजारी बंद करो, किसानों को लूटना बंद करो, झारखंड सरकार होश में आओ आदि के नारे लगा रहे थे।

जाम की सूचना पर कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर टावर चौक पहुंचे और जामकर्ताओं को समझाने लगे। कृषि पदाधिकारी ने कहा पूरे जिले में उर्वरक का आवंटन नहीं होने से किसानो को उर्वरक नहीं दिया जा रहा है। उर्वरक वितरण के बारे में पूछने पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। सिर्फ इतना कहा कि स्टेट में उर्वरक नहीं है। आने पर किसानों के बीच वितरण किया जायेगा। लेकिन उर्वरक कब आयेगा किसी को नहीं पता। इधर शहर के चेयर मैन गली स्थित शंकर खाद दुकान में सुबह 7 बजे से ही किसानो की लंबी लाइन लगी थी। किसानों ने बताया इस दुकान में 350 प्रति बोरा उर्वरक दिया जा रहा है सुबह के 11 से एक ट्रक उर्वरक हजारीबाग से आया और संचालक द्वारा उसे प्रति किसान को एक बोरा 350 रुपया में बेचना शुरू किया गया। मामले की जानकारी पर सदर एसडीओ राजीव नीरज दुकान पहुंचे और संचालक से सरकारी दर 266 रुपए 50 पैसा में किसानों को उर्वरक बेचने की बात कही। दुकान के संचालक में कहा की हजारीबाग से उर्वरक आया है परिवहन में पैसा खर्च हो जाता है जिसके कारण 350 रुपए में बेचा जा रहा है दिस पर एसडीओ ने सरकारी दर 266.50 रुपए में उर्वरक बेचने की बात कही। वही गुमला बीडीओ अशोक चोपड़ा शंकर खाद बीज दुकान पहुंचे और कुछ देर अपनी निगरानी में किसानों के बीच सरकारी दर पर खाद्य बेचवाया। उनके जाने के बाद कृषि विभाग की ओर से एक कमी को दुकान में निगरानी के लिए लगा दिया गया। इधर एसडीओ को सूचना मिली थी कि में रोड स्थित कृषि क्रांति मिशनरीज की दुकान में 550 को प्रति बोरा पूर्वक बेचा जा रहा है सूचना पर उक्त दुकान में छापेमारी की गयी लेकिन वहां से उर्वरक नहीं मिला। एसडीओ ने दुकानदार को उर्वरक नहीं बचने की चेतावनी दी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने जीता सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला के भैया बहनों ने लोहरदगा में आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का खिताब अपने नाम किया। इस शानदार जीत से पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है।

प्रतियोगिता में छह मुख्य विषय थे संस्कृति बोध, वैदिक गणित, संस्कृत, इंग्लिश, विज्ञान, और संगणक। इन सभी विषयों में विद्यालय की टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हर विषय में शिशु, बाल, किशोर और तरुण ये चार वर्ग शामिल थे और सभी ने मिलकर स्कूल को यह गौरवपूर्ण स्थान दिलाया।

इस शानदार उपलब्धि पर भैया बहनों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा यह उपलब्धि सिर्फ एक जीत नहीं है बल्कि यह हमारे विद्यालय के शिक्षण और आप सभी की प्रतिभा का प्रमाण है। आप सभी ने जिस तरह से तैयारी की और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वह सच में सराहनीय है।

विजेता टीमें अगली प्रांतीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। विज्ञान विषय की टीम 30 अगस्त को बाघमारा में, संस्कृति बोध की टीम 15 सितंबर को ललमटिया में और वैदिक गणित की टीम बिरसानगर में आयोजित प्रतियोगिता में अपनी दावेदारी पेश करेगी। इस सफलता पर स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंहा, और आचार्य राजेश कुमार सहित सभी अधिकारियों ने टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। सभी विजयी प्रतिभागियों को वंदना सभा में सम्मानित भी किया गया। पूरी प्रतियोगिता का आयोजन आचार्य रविंद्र कुमार की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## शैलेश उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड के कश्मार क्षेत्र स्थित जोरी मैदान में आयोजित पांच दिवसीय शैलेश उरांव स्मृति फुटबॉल टूनामेंट का समापन शुक्रवार को फाइनल मैच के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रखंड प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, बीडीओ सुलेमान मुंडरी, विशिष्ट अतिथि स्वर्गीय शैलेश उरांव की पत्नी सुनीता देवी, उप प्रमुख चंदन सिंह, सचिव सुखदेव उरांव अध्यक्ष रामदेव राम गोप कोषाध्यक्ष जगनारायण सिंह अनिल कुमार भारती ब्रह्मदेव उरांव प्रहलाद महतो एवं कसमार क्षेत्र के सभी विद्यालयों के शिक्षकों के साथ अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूआत की। फाइनल मैच प्राथमिक विद्यालय बालिका वर्ग में आरसी प्राथमिक विद्यालय जोरी बनाम उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बोरांग के बीच खेला गया जिसमें जोरी की टीम 1-0 से जीत हासिल की। वहीं बालक वर्ग में बेठट के टीम ने पेनल्टी शूटआउट में2-0 से बोरांग को हरा कर जीत दर्ज की। जबकि मध्य विद्यालय बालक वर्ग में अवंरा टोली बनाम रेहलदग के बीच खेला गया जिसमें रेहलदाग की टीम ने 2-0 से अवरां टोली की टीम को हरा कर जीत हासिल की वहीं वालिका वर्ग मे मध्य विद्यालय रेहलदाग ने जमटी को 3-0 से हराकर जीत दर्ज की। जिन्हें अतिथियों द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान प्रखंड प्रमुख ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा निश्चित रूप से खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में अच्छा प्रदर्शन किया है उन्होंने कहा खेल के माध्यम से कैरियर की असीम संभावनाएं हैं। खिलाड़ियों आप सभी मेहनत करते रहे सफलता अवश्य मिलेगी। बीडीओ ने आयोजक कश्मार क्षेत्र के शिक्षक मंडलि की सराहना करते हुए कहा कि स्वर्गीय शैलेश उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को पिछले 25 सालों से अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल रहा है आप सभी यह सिलसिला को जारी रखें ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अच्छा प्रदर्शन कर आगे बढ़ सकें। सुनीता देवी ने कहा कि मेरे पति द्वारा प्रारंभ किए गए टूनामेंट को लगातार 25 साल से कसमार क्षेत्र शिक्षक मंडली के द्वारा सफल संचालन कर उन्हें सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है जिसके लिए मैं संघ की आभारी हूं।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**गुमला। गुमला शहर से सटे चेटर बस्ती स्थित तालाब में डूबने से चेटर निवासी 22 वर्षीय श्रवण उरांव पिता तुलसी उरांव की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की शाम 4 बजे की है। घटना की सूचना पर गुमला थाना के एसआइ विनय कुमार महतो घटना स्थल पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। वहीं पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।**

# नि:स्वार्थ सेवाभाव से बच्चों को हॉकी सिखा रहे नॉर्बट कुजूर

मो वारिस



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को हॉकी प्रशिक्षण संस्थान मांझाटोली में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अतिथियों और प्रशिक्षु खिलाड़ियों के द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर उनको याद किया गया। इस अवसर पर कुड़ोछत्रपुर पंचायत के मुखिया चुंया कुजूर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन है जिन्होंने देश के लिए हॉकी के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है उनको हॉकी के जादूगर के नाम से जाना जाता है उनके जीवन से भी प्रेरणा लेकर हम सब को आगे बढ़ना है ।खेल के क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाएं हैं आप सभी खेल को लगन व मेहनत से खेलते हुए अपना करियर खेल के क्षेत्र में उज्जवल बना सकते हैं ।उन्होंने आगे कहा कि पंचायत आपसबों का हरसंभव मदद करने का प्रयास करेगा। ततपश्चात बालक और बालिकाओं के बीच हॉकी का प्रदर्शनी मैच भी हुआ जिसका शुरूआत आगत अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

बताते चलें कि मांझाटोली में हॉकी का प्रशिक्षण की शुरूआत एक रिटायर्ड सीआइएसएफ जवान नॉर्बट कुजूर के द्वारा 2015 में किया गया था। उन्होंने बताया कि मैं सीआइएसएफ में था और जब रिटायर होकर घर आया तब मेरे मन में समाज के लिए कुछ करने का ख्याल आया तो देखा कि इस क्षेत्र के बच्चे स्कूल छुट्टी होने के बाद गांवों में इधर उधर घूमते रहते हैं तब मैंने निश्चय किया कि क्यों ना बच्चों को खेल का प्रशिक्षण दिया जाए।और इसी जज्बा व जुनून के साथ मैं 2015 में बच्चों के लिए हॉकी के आवश्यक सामान जुटाया और आरसी बालक मध्य विधालय के मैदान में हॉकी का प्रशिक्षण का शुरूआत किया ।तब से अनवरत यह जारी है जहां स्थानीय बच्चे प्रतिदिन शाम को हॉकी सिखने के लिए काफी संख्या में आते हैं। नॉर्बट कुजूर अभी गुमला जिला हॉकी संघ के महासचिव भी हैं।

प्रशिक्षण के लिए फिलहाल टाटा ट्रस्ट की ओर से एक प्रशिक्षक की बहाली की गयी है जो प्रतिदिन शाम को बच्चों को हॉकी के गुर सिखाती है जिससे बच्चे काफी लाभान्वित हो रहे हैं। यहां के चार खिलाड़ी गुमला जिला जुनियर हॉकी टीम से खेल रहे हैं साथ ही एक खिलाड़ी का चयन सबजूनियर टीम में भी हुआ है। एक खिलाड़ी अनीशा एक्का का चयन राज्य स्तर के लिए भी हुआ जो अभी साईं प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षणरत है। खेल दिवस के मौके पर मुखिया चुंया कुजूर, खेल प्रशिक्षक नॉर्बट कुजूर, प्रशिक्षक स्मिता टेटे,अनुप फ्रांसिस कुजूर, महेश केरकेट्टा, स्कूल के प्रधानाचार्य और खेलप्रेमियों के साथ खिलाड़ी मौजूद थे।

## प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय से 12 हजार रुपये की चोरी

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखण्ड के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय पोजेगा में बीती रात चोरी की बड़ी घटना सामने आयी है। चोरों ने विद्यालय की अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 12 हजार रुपये नगद चुरा लिए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सुबह जब विद्यालय खुली तो विद्यालय के प्रधान शिक्षिका अमित शोभा कुजूर ऑफिस पहुंची तो देखा कि ऑफिस का ताला टूटा पड़ा है अंदर में रखे अलमीरा खुला है अलमीरा में रखे 12 हजार भी गायब है। अमिता सोभा कुजूर ने पालकोट थाना में लिखित आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्यालय भवन में रात के समय सुरक्षा व्यवस्था न होने का फायदा उठाकर चोर अंदर घुस गये। उन्होंने पहले दरवाजा का ताला तोड़ा और फिर कार्यालय कक्ष में रखी अलमारी को तोड़कर नकदी उड़ा ले गये। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विद्यालय प्रबंधन ने इस घटना को सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर चूक बताया है और प्रशासन से विद्यालय परिसर में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि यदि विद्यालय सुरक्षित नहीं रहेगा तो बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता रहेगा फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घाघरा के युवा शिवम कला के रंगों में सजायेंगे उपायुक्त का चित्र



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड से निकलकर एक युवा कलाकार ने अपनी कला से सबको चौंका दिया है। घाघरा निवासी लव प्रसाद सिंह के पुत्र शिवम कुमार सिंह इन दिनों गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित का पेंटिंग तैयार कर रहे हैं। यह पेंटिंग वह स्वयं अपने पिता के साथ जाकर उपायुक्त को उपहार स्वरूप भेंट करेंगे। शिवम न सिर्फ एक कुशल चित्रकार हैं, बल्कि उनकी पहचान अब जिले और राज्य की सीमाओं को लांघकर राष्ट्रीय स्तर पर बन चुकी है। वह पेंसिल स्केच से लेकर रंगीन पेंटिंग तक में दक्ष हैं और उनकी कला को ऑनलाइन माध्यम से देश भर से लोग ऑर्डर करवा रहे हैं। शिवम का मानना है कि एक कलाकार के लिए सबसे बड़ा सम्मान तब होता है जब उसकी कला से समाज के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया जा सके। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के प्रति सम्मान जताते हुए उन्होंने यह पेंटिंग पूरे समर्पण और भावनात्मक जुड़ाव के साथ बनाई है। शिवम जैसे युवाओं की कला और सोच न केवल जिले की प्रतिभा को पहचान दिला रही है, बल्कि यह भी सिद्ध कर रही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उनका यह प्रयास निश्चित रूप से जिले के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक साबित होगा।

## चिल्ड्रेन एकेडमी में मेजर ध्यानचंद की जयंती मनी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेन एकेडमी इंग्लिश मीडियम प्लस टू स्कूल रंहे घाघरा में शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती उत्साहपूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मेजर ध्यानचंद को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें दौड़, बैलून रेस, बैलून स्टेपिंग, रस्साकशी, कुर्सी दौड़ समेत कई खेलों में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में जन्मे ध्यानचंद ने कठिन परिश्रम और लगन से पूरी दुनिया में भारतीय हॉकी का परचम लहराया। उन्हें ह्लहॉकी का जादूगरह्व यूं ही नहीं कहा गया, बल्कि उनके खेल ने भारत को ओलंपिक में कई स्वर्ण पदक दिलाए। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन और कठोर परिश्रम सबसे महत्वपूर्ण है। खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है और यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। इस मौके पर मुख्य रूप से विजय साहू, मीना देवी, रीना मिंज, रश्मि टोप्पो, प्रेमचंद कुमार, अजीत लकड़ा, राहुल नाग, माइकल उरांव, दुर्गावती कुमारी, आरती कुमारी, तारामणि देवी, शोषण गुलाब सुरीन, रेशमा केरकेट्टा, निधि लकड़ा, विभा लकड़ा, अनूप कुजूर, आरती तिर्की, दिव्यानी कुमारी और अंजनी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।


**Govt. of Jharkhand**
**Department of Mines and Geology**
**District- Khunti**
**Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats**
(Through E-Procurement mode over https://www. jharkhandtenders.gov.in)

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई-नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :-

1.ई-नीलामी कार्यक्रम:-

| NIT No.-MINES/KHUNTI/SAND | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/-रू0+ GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई-नीलामी से पूर्व प्री- बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारंभिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1/2025 | Group-A Sand Ghats of Khunti<br>1. Barkuli(4.36)<br>2. Barkuli(6.95)<br>3. Nichitpur Ulihatu<br>4. Pandu<br>5. Koinara Jarakel | | | | | |
| 2/2025 | Group-B Sand Ghats of Khunti<br>1. Budhiroma<br>2. Maipa<br>3. Ramjay<br>4. Diyankel<br>5. Churgi<br>6. Sode (7.10)<br>7. Sode (10.21)<br>8. Kudri Okra Simla & Dorma | 30.08.2025 | 01.09.2025 (3:00 बजे अपराह्ण समाहरणालय समागार में) | 03.09.2025 3:00 PM एवं 12.09.2025 4:00 PM | 16.09.2025 5:00 PM | 18.09.2025 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 6:00 बजे अपराह्न तक |
| 3/2025 | Group-C Sand Ghats of Khunti<br>1. Sargia<br>2. Gurbera<br>3. Gobindpur<br>4. Diyankel Kasmar<br>5. Manhatu Kasmar (5.00)<br>6. Manhatu Kasmar (5.20)<br>7. Banai Kocha | | | | | |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई-नीलामी प्रक्रिया, ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **www.jharkhandtenders.gov.in** से करायी जाएगी।
4. ई-नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https:// www. jharkhandtenders. gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा- नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई-प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम-3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई-पोरक्योमेंट/ई-नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

ह0/-
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्ड, खूँटी

ह0/-
जिला कोषागार पदाधिकारी,
खूँटी

ह0/-
जिला खनन पदाधिकारी,
खूँटी

ह0/-
अपर समाहर्ता,
खूँटी

ह0/-
उप निदेशक, खान
दक्षिणी छोटानागपुर अंचल,
राँची

ह0/-
उपायुक्त
खूँटी

PR 360768 Mines and Geology(25-26)D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# इस्पात नगर में गणेशोत्सव की धूम, दर्शन को उमड़ रहा आस्था का जनसैलाब

## सिटी सेंटर में 110 फीट ऊंचा पंडाल एवं भव्य प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

- मजदूर मैदान के गणपति थाना पंडाल की सर्वत्र चर्चा, थानेदार के रूप में विराजे हैं विघ्नहर्ता गणेश

आजाद सिपाही संवाददाता







**बोकारो।** इस्पात नगर में इस साल भी गणेशोत्सव धूमधाम से मनायी जा रही है। विभिन्न पूजा पंडालों में भव्य प्रतिमाऐं स्थापित कर धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सेक्टर 4 स्थित पूजा पंडालों और यहां स्थापित प्रतिमाओं की चर्चा जिले भर में हो रही है। विघ्नहर्ता भगवान गणेश के दर्शन को आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। सिटी सेंटर सेक्टर-4 में गणेश मंडली की ओर से आयोजित गणेशोत्सव में इस बार 110 फीट ऊंचा भव्य पंडाल मथुरा के वृंदावन का चंद्रोदय मंदिर की प्रतिकृति के रूप में बनाया गया है। जिसमें 26 फीट ऊंची भगवान गणेश की प्रतिमा रखी गई है। यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आयोजकों ने बताया कि पूरे नौ दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान सहित महाभोग प्रसाद, भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष राजकुमार, उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, प्रवीण कुमार महासचिव धीरज कुमार, सचिव रवि रोशन, चंदन गुप्ता, ढब्बू सिंह और आलोक वर्मा आदि पूरे मनोयोग से आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। वहीं, मजदूर मैदान में हनुमान दल की ओर से आयोजित गणेशोत्सव में पूजा पंडाल एवं स्थापित भगवान गणपति की प्रतिमा जनाकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पुलिस थाना की प्रतिकृति लिए बने पूजा पंडाल एवं थानेदार के रूप में विराजमान विघ्नहर्ता भगवान गणेश के दरबार में श्रद्धालु आस्था पूर्वक अपनी फरियाद लेकर आ रहे हैं। पूजा समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह, सचिव विकाश सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार,एवं मेला प्रभारी आनंद कुमार आदि सफल बनाने में सक्रियता से जुटे हैं।

# उभरती तीरंदाजी प्रतिभाओं को इएसएल स्टील ने दिया सम्मान



### इनमें से कुछ युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियां

- यवना यादव (10 साल, मुनीदीह गांव) : 2022 में नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप किड्स में गोल्ड मेडल और 2023 एवं 2025 में एनटीपीसी चेरुकुली लेनिन मेमोरियल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल।
- कृतिका कुमारी (सियालजोड़ी ): 2024 में मिनी नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल, जो प्रतिदिन अपने गांव से साइकिल चलाकर अभ्यास के लिए आती हैं
- चित्रंजन टुडू (भागाबांध) : 2023 में नेशनल गेम्स में झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी नेशनल्स में सिल्वर मेडल जीता और 2024 में सरकारी छात्रवृत्ति प्राप्त की।

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर इएसएल स्टील लिमिटेड अपने वेदांता ईएसएल आर्चरी अकादमी के युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियों का सम्मान कर रहा है। बोकारो की यह अकादमी ग्रामीण बच्चों को गांव से महानता तक पहुंचने का मौका दे रही है। 2018 में स्थापित इस अकादमी में आज 55 से अधिक बच्चे पेशेवर कोचों से प्रशिक्षण ले रहे हैं। यहां उन्हें अभ्यास के साथ ही तीरंदाजी के उपकरण, पौष्टिक आहार, फिटनेस और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अवसर दिया जाता है। अब तक अकादमी के खिलाड़ियों ने 185 मेडल जीते हैं, जिनमें से 10 राष्ट्रीय स्तर पर हैं। इस अवसर पर ईएसएल स्टील के सीएसआर हेड कुणाल दरिपा ने कहा कि 'राष्ट्रीय खेल दिवस हमें यह सिखाता है कि खेल केवल जीतने के लिए नहीं, बल्कि जीवन को नई दिशा देने के लिए भी होते हैं। ईएसएल आर्चरी अकादमी के जरिए हम गांव-गांव की प्रतिभाओं को सामने ला रहे हैं और उन्हें बड़े सपनों तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं।'

## जलापूर्ति योजना में हो रहे विलंब पर डीसी ने जतायी कड़ी नाराजगी

# संवेदक, विद्यांचल कंस्ट्रक्शन पर नामजद प्राथमिकी एवं सर्टिफिकेट केस का निर्देश

- लोकहित के कार्य में बाधा पहुंचाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी आदित्य रंजन।

**धनबाद।** पेयजलापूर्ति की जितनी भी योजना है, वह आमजनों को सुचारू पानी आपूर्ति करने के लिए बनाई जाती है। केवल टावर (पानी की टंकी) बनाने के लिए नहीं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में बसने वाले लोगों के घर तक स्वच्छ एवं निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित हो। उक्त बातें डीसी आदित्य रंजन ने कही। वे शुक्रवार को जलापूर्ति और जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की समीक्षा के दौरान जलापूर्ति योजना में हो रहे विलंब पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने दयाबांसपहाड़ की एक योजना में विलंब के कारण संवेदक, विद्यांचल कंस्ट्रक्शन पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने एवं सर्टिफिकेट केस करने का निर्देश दिया। वहीं निरसा-गोविंदपुर उत्तर एवं दक्षिण जलापूर्ति योजना की धीमी प्रगति पर भी डीसी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इसके संवेदक ने बताया कि योजना पूरी करने में विभिन्न तरह की बाधा उत्पन्न की जा रही है। जिस कारण कार्य में विलंब हो रहा है। इस पर डीसी ने सामुदायिक लाभ एवं लोकहित के कार्य में बाधा पहुंचाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही योजना के लिए पथ निर्माण विभाग, रेलवे, एनएचएआई और डीवीसी आदि के पास लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना, बाघमारा ग्रामीण जल आपूर्ति योजना, महुदा बस्ती और आसपास के गांव, पत्थलगड़िया, तोपचांची, बलियापुर, टुंडी- कोल्हार- जाताखूंटी, मोहिलिडीह-लटानी- रूपन जलापूर्ति सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने संवेदकों को पूरी हो चुकी योजना का हैंडओवर लेटर देने और पीएचईडी 1 एवं 2 के कार्यपालक अभियंता को हर सप्ताह पूरी हो गई योजना का हैंड ओवर लेने के लिए बैठक करने का निर्देश दिया। लगे हाथ जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में डीसी ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के तहत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर पीएचईडी 1 के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुमार, पीएचईडी 2 के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार मंडल, कनीय अभियंता के अलावा योजना के संवेदक आदि मौजूद थे।

## सोनाराम मांझी की पेंशन मौके पर ही हुई स्वीकृत

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित डीसी के जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से लोग उपस्थित हुए। इस दौरान प्राप्त आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई की गई और कई मामलों में मौके पर ही निर्णय लेकर आवेदकों को राहत प्रदान की गई। इसी क्रम में चंदनकियारी प्रखंड के तेतुलिया ग्राम निवासी सोनाराम मांझी, जो लंबे समय से पेंशन स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रहे थे, का मामला उठते ही डीसी के निर्देश पर संबंधित शाखा द्वारा तत्काल ऑन स्पॉट पेंशन स्वीकृत किया गया। डीसी ने जनता दरबार के दौरान अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों का निवारण शीघ्र किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, बीडीओ-सीओ को जन शिकायत कोषांग की ओर से जारी पत्र प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर कोषांग को लिखित जवाब समर्पित करना सुनिश्चित कने को कहा। इस दौरान बीसीसीएल से संबंधित अनुसूचित जाति (एससी) समाज के लोगों द्वारा किए गए शिकायत पर सुनवाई के क्रम में डीसी ने विशेष रूप से उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्गों एवं वंचित समुदायों से संबंधित शिकायतों के निपटारे में गंभीरता और संवेदनशीलता बरतें।

## करम महोत्सव का आयोजन, युवतियों ने किया झूमर नृत्य

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** प्रकृति के महापर्व करमा पर्व के अवसर पर पिछरी स्थित महतो टोला में शुक्रवार को करम महोत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसमें युवतियों-महिलाओं ने करमा पर्व के गीतों पर सामूहिक झूमर नृत्य कर लोगो का मनमोहा। पिछरी उतरी पंचायत की मुखिया कल्पना देवी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

शुद्धि पत्र सूचना

पत्रांक–646 दिनांक–28.08.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID/Latehar/ F2-13/2025-26 जिसका PR No-359909 Water Resource (25-26) D है , को निम्न प्रकार से संसोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | बांझाबहेर नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य प्रखंड–हेरहंज। |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 10.09.2025 |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 20.09.2025(3.00बजे अपराह्न तक) |
| 4 | फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 5 | ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.09.2025 (5.00बजे अपराह्न तक) |

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
लातेहार।

PR.NO.360715 Water Resource(25-26):D


# चित्तरंजन में चिरेका खेलकूद संगठन की तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित



- विजय कुमार और किरण बधान ने स्पोर्ट्स फ्लैग फहराकर किया खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर रेलनगरी चित्तरंजन में चिरेका खेलकूद संगठन की ओर से शुक्रवार से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आर्चरी अकादमी मैदान में मुख्य अतिथि चिरेका महाप्रबंधक सह संरक्षक चिरेका खेल कूद संगठन विजय कुमार चिरेका-महिला कल्याण संगठन अध्यक्षा किरण बधान की ओर से स्पोर्ट्स फ्लैग फहराकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने कहा कि आप अपनी खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए चिरेका और देश का नाम रोशन करें। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रथम दिन महिला-पुरुष वर्ग में तीरंदाजी के अलावा बैडमिंटन, बिलियड्र्स, चेस, टेबल टेनिस खेल प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद हुए। 31 अगस्त तक चलने वाले इस खेल समागम में विभिन्न उम्र वर्ग में अधिकारी-कर्मचारी महिला पुरुष-बालक-बालिका के लिए विविध दिवस पर अलग-अलग कुल सात तीरदांजी, बैडमिंटन, बिलियड्र्स, चेस, फुटबॉल, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल खेल श्रेणी में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अंतिम दिवस 31 अगस्त को महप्रबंधक और अध्यक्षा, चिरेका-महिला कल्याण संगठन की ओर से विजेता प्रतिभागी खिलाडियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस मौके पर चिरेका खेलकूद संगठन के महासचिव सह सीएमएम-टीएम चिरेका रविंद्र प्रसाद, चिरेका-महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं और सभी विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## पंख एक नयी दिशा की टीम आरपीएफ जवानों के परिवारों को सिखायेगी केक बनाने के



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पंख एक नई दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को 10 वीं वाहिनी रेलवे सुरक्षा विशेष बल धनबाद प्रांगण में कौशल विकास केंद्र जिसमें रेलवे सुरक्षा विशेष बल के सदस्यों के परिवारों को केक मेकिंग का कोर्स सिखाया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता और पूरी टीम ने मिलकर कोर्स का उद्घाटन किया। इस मौके पर रेलवे सुरक्षा विशेष बल के अधिकारी जेम्स पॉल किंडो सैन्य सहायक, घनश्याम मीणा सहायक समादेशक, दिनेश मणि तिवारी मंडल इंस्पेक्टर, रुपेश कुमार कल्याण इंस्पेक्टर, विश्वजीत मंडल इंस्पेक्टर, मोहम्मद सोहेल खान इंस्पेक्टर, जसवीर सिंह इंस्पेक्टर, निर्मल कुमार दास इंस्पेक्टर आदि के अलावा संस्था की कोषाध्यक्ष सुषमा प्रसाद, उपाध्यक्ष नम्रता गुप्ता, गायत्री गुप्ता, शशि शेखर गुप्ता, मनीष गुप्ता, साधना सूद, कल्पना रंजन, नीतू मुस्कान और रंजना सिंह आदि मौजूद थीं।

## युवक की चाकू मार कर हत्या, हमलावर का थाना में आत्मसमर्पण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो में आपसी विवाद में दोस्त ने दोस्त की चाकू मारकर हत्या कर दी। यह घटना सिटी थाना क्षेत्र स्थित एलएच कॉलोनी की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की बाबत जानकारी ली। वहीं, हत्यारोपी अमन झा ने खुद को सिटी थाना में आत्मसमर्पण कर दिया है। इस घटना में शामिल अन्य आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहे है। जानकारी के अनुसार मृतक बीएसएल एल एच का रहनेवाला रवि कुमार बताया जाता है। पुलिस ने इसे मोबाइल को लेकर आपसी विवाद में घटी घटना बताया है। बताया गया कि दोस्तो के बीच किसी बात को लेकर आपस में बहस बाजी हुई, जिस पर एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी और उसके दोस्त ने मिलकर घायल को कॉपरेटिव कॉलोनी स्थित कृष्णा नर्सिंग होम के गेट के बाहर छोड़कर फरार हो गये। कृष्णा नर्सिंग होम द्वारा घायल को एंबुलेंस से बोकारो जेनरल अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी का मोबाइल मृतक के बॉडी के पास छूट जाने की वजह से आरोपी ने पकड़े जाने के डर से सिटी थाना में आत्मसमर्पण कर दिया। इधर पुलिस जांच में जुट गयी है और बाकी आरोपी की धड़ पकड़ को लेकर छापेमारी कर रही है। सिटी थाना पुलिस भी घटना स्थल में जांच करने के लिए पहुंची। बताया जा रहा है कि मृतक दो भाई है। मृतक रवि छोटा भाई था।

मृतक के चचेरे भाई राहुल चौधरी ने कहा कि मृतक और आरोपी दोस्त है ऐसे में पहले से किसी बात को लेकर मनमुटाव था। जहां आरोपी ने चाकू मार कर हत्या कर दिया और एक आरोपी का मोबाइल छूट जाने और पकड़े जाने की वजह से सिटी थाना में आत्म समर्पण कर दिया और बाकी फरार हो गया।

सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने कहा की मोबाइल को लेकर मृतक और आरोपियों के बीच लड़ाई हुई, जिसके बाद चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। हत्या का एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है।

# मारपीट से आक्रोशित जूनियर डॉक्टरों ने एसएनएमएमसीएच में बंद किया ओपीडी

## मांगें पूरी नहीं होने पर इमरजेंसी सेवा ठप करने की धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता



### अस्पताल में पसरा रहा सन्नाटा

वहीं, जूनियर डॉक्टरों की ओर से ओपीडी सेवा ठप करने से कई सीनियर डॉक्टर भी अस्पताल नहीं पहुंचे। जिस कारण शुक्रवार को अस्पताल के टीबी विभाग, एंटी रेबीज, एक्स-रे अल्ट्रासाउंड समेत जांच घर और विभिन्न ओपीडी चेंबरों में सन्नाटा पसरा रहा।

**धनबाद।** एसएनएमएमसीएच में गुरुवार की शाम आधे दर्जन जूनियर डॉक्टरों के साथ हुई मारपीट की घटना ने तूल पकड़ लिया है। नाराज जूनियर डॉक्टरों ने शुक्रवार को अस्पताल की ओपीडी सेवा अनिश्चितकालीन बंद करा दी और ओपीडी के समक्ष सभी धरने पर बैठ गये है। जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि देर रात प्रबंधन और प्रशासन के साथ हुई वार्ता के बाद फिलहाल मध्य रात्रि आपातकालीन सेवा को चालू कर दिया गया है। प्रबंधन और प्रशासन के साथ बैठक होनी है। इसमें हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो दोपहर के बाद आपातकालीन सेवा भी अनिश्चितकाल के लिए ठप कर देंगे।

### बैरंग लौटे मरीज

इधर, ओपीडी ठप होने के कारण दूर दराज से इलाज करने आने वाले मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। केंदुआ से इलाज कराने आई 35 वर्षीय सोनी देवी को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा। सोनी बुखार से पीड़ित है। कहा कि इतनी दूर से आए हैं। सोचा डॉक्टर को दिखा लेंगे पर यहां तो हड़ताल है। वहीं, तोपचांची से आई कुमारी ज्योति को अस्पताल पहुंचने के बाद पता चला कि सभी डॉक्टर हड़ताल पर हैं और ओपीडी सेवा भी बंद है। जबकि टुंडी से आए अजय गोस्वामी के पैर में दिक्कत है। वे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। कहा कि पैर की नियमित जांच करानी होती है। आज जांच नहीं हो पाई, जिससे काफी परेशानी हो रही है। अब हमें निजी अस्पताल में जाना पड़ेगा।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, चतरा।**

सर्वसाधारण के लिए सूचना।

चतरा जिला अन्तर्गत टण्डवा थाना कांड सं0–90/2018, दिनांक–21.05.2018, धारा–385/386/387 भा0द0वि0 एवं 17(i)(ii) सी0एल0ए0 एक्ट के फिरार अप्राथमिकी अभियुक्त तुलसी गंझू, पे0–देवी गंझू, सा0–मासीलौंग, थाना–टण्डवा, जिला–चतरा के विरूद्ध निर्गत इस्तेहार का तामिला कराने के उपरान्त भी ये माननीय न्यायालय के आदेश का अवहेलना करते हुए फिरार है। यदि इस संबंध में किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी टण्डवा/पुलिस निरीक्षक टण्डवा अंचल/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, टण्डवा/पुलिस अधीक्षक, चतरा के कार्यालय के फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक चतरा–9431706359
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टण्डवा–9771815777
पुलिस निरीक्षक टण्डवा अंचल–8340584346
पु0नि0–सह–थाना प्रभारी टण्डवा–6206353913

पुलिस अधीक्षक,
चतरा।

PR 360729 Police(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
(डी0एम0एफ0टी0 मद)
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/18/2025-26(2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत नेतरहाट में CONSTRUCTION OF AGANWADI KENDRA AT AIGU NETARHAR का कार्य। | Gr_2 | 1903700 | 38100 | 5000 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 30.08.2025 से दिनांक 06.09.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 08.09.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.360670 Rural Development(25-26):D

# ब्लूमबर्ग का दावा : जिनपिंग की सीक्रेट चिट्ठी से सुधरे भारत-चीन रिश्ते

## राष्ट्रपति मुर्मू को लिखा- हम ट्रंप के टैरिफ से परेशान, फिर तय हुआ मोदी का चीन दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने अमेरिका-भारत सौदों से चीन के हितों को हो सकने वाले नुकसान पर चिंता जताई थी। यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है। दरअसल, मार्च में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन के खिलाफ अपने व्यापार युद्ध को और तेज कर रहे थे, तभी बीजिंग ने भारत से गुपचुप तरीके से संपर्क साधना शुरू कर दिया था। चिट्ठी के जरिए उन्होंने दोनों देशों के संबंधों में सुधार की संभावनाएं टटोली थीं। इसके बाद ही दोनों देशों के संबंध बेहतर होने शुरू हुए। इसके कुछ महीने बाद मोदी के चीन जाने का प्लान बना।

**पीएम मोदी तक पहुंचायी गयी चिट्ठी :** रिपोर्ट में एक भारतीय अधिकारी के हवाले से दावा किया गया है कि यह चिट्ठी पीएम मोदी तक भी पहुंचाई गयी थी, ताकि वे इस बात का आकलन कर सकें कि रिश्तों को बेहतर बनाने की कितनी संभावनाएं हैं। चिट्ठी में चीन ने खास तौर पर इस चिंता को जताया था कि भारत और अमेरिका के बीच होने वाला कोई भी समझौता चीन के हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें में यह भी लिखा गया था कि बीजिंग की ओर से संबंध सुधारने की कोशिशों का नेतृत्व एक प्रांतीय अधिकारी करेगा।

**दो फैसलों से बढ़ी भारत की नाराजगी :** ब्लूमबर्ग का कहना है कि जून तक भारत ने जिनपिंग की चिट्ठी का कोई ठोस जवाब नहीं दिया था, लेकिन तब हालात तेजी से बदले भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक बातचीत विवादों में फंस गई। मैगजीन ने इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया कि भारत खास तौर पर दो बातों से नाराज था। पहले तो ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान में सीजफायर कराया, जिसे भारत ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। भारत की स्थिति को कमजोर करने की कोशिशों से मोदी सरकार पहले ही नाराज थी, फिर इसके बाद भारत पर 50% टैरिफ लगा दिया गया। इन दोनों फैसलों ने भारत-अमेरिका संबंधों में असंतोष और तनाव को हवा दी थी। इसके बाद भारत ने जून में चीन की ओर से आयी पहल का गंभीरता से जवाब देना शुरू किया।




**7 साल बाद चीन जा रहे पीएम मोदी :** इसके बाद हालात तेजी से बदले। अगस्त आते-आते भारत और चीन ने 2020 के गलवान घाटी संघर्ष से आगे बढ़ने के लिए सीमा विवाद सुलझाने की कोशिशों को दोगुना करने पर सहमति जतायी और अब पीएम मोदी सात साल बाद चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट यह भी मानती है कि ट्रम्प के टैरिफ से पहले ही भारत और

### इकोनॉमी बेहतर करने के लिए चीन के साथ बेहतर रिश्ते जरूरी

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन से बेहतर संबंध करने को लेकर भारत में पिछले साल से ही माहौल बनना शुरू हो गया था। जनवरी 2024 में ही मोदी सरकार ने सोचना शुरू कर दिया था कि अगर चीन से रिश्ते सुधरें, तो डगमगाती अर्थव्यवस्था को मदद मिल सकती है, क्योंकि 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा पर सेना तैनात रखने में बहुत खर्च हो रहा था।

### ट्रंप की वजह से भारत-चीन नजदीक आये : एक्सपर्ट

ब्लूमबर्ग लिखता है कि भारत और चीन की नजदीकी का असर सीधे अमेरिका पर पड़ रहा है। पिछले कुछ दशकों में वॉशिंगटन लगातार नयी दिल्ली को अपने साथ जोड़ कर बीजिंग का मुकाबला करना चाहता था, लेकिन ट्रंप ने अचानक भारत पर 50% टैरिफ लगा दिया, जिससे मोदी सरकार हैरान रह गयी और दिल्ली ने बीजिंग की ओर रुख करना शुरू किया। अमेरिकी थिंक टैंक कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस के विशेषज्ञ एशले टेलिस ने तंज कसा कि ट्रंप असली शांतिदूत निकले, जिन्होंने भारत और चीन को करीब ला दिया, क्योंकि उन्होंने भारत को दुश्मन की तरह ट्रीट किया।

## राजभवन के 'ब्रह्मपुत्र विंग' समेत कई अन्य परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर का अभूतपूर्व विकास हुआ : अमित शाह

**राहुल गांधी के मंच से मोदीजी की स्वर्गीय माताजी के लिए घोर अपशब्द का प्रयोग कर राजनीति का सबसे घृणित काम किया है, जरा भी शर्म बाकी है, तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुवाहाटी स्थित असम राजभवन के नवनिर्मित 'ब्रह्मपुत्र विंग' का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्घाटन किया। 41 करोड़ की लागत से निर्मित इस भवन में ब्रह्मपुत्र नद के मनोहारी परिवेश में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। इस नवनिर्मित परिसर में राज्यपाल कार्यालय, अतिरिक्त आयुक्त कार्यालय, सम्मेलन कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष, पुस्तकालय, राज्यपाल सूट और प्रेसिडेंशियल सूट जैसी सुविधाएं हैं। इन कार्यक्रमों में उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार में असम के विकास की गाथा पर विस्तार से चर्चा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की निर्णायक लड़ाई का भी उल्लेख किया।



साथ ही उन्होंने बिहार में राहुल गांधी के मंच से कांग्रेस नेताओं द्वारा आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी पूज्य दिवंगत माताजी के खिलाफ प्रयोग किये गये घोर अपशब्दों की भी निंदा की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष दिलीप सैकिया, केन्द्रीय सर्वानंद सोनवाल, असम सरकार में मंत्री पवित्रा मार्गरेट, असम गण परिषद के अध्यक्ष अतुल बोरा, भाजपा प्रदेश प्रभारी हरीश द्विवेदी सहित अन्य गणमान उपस्थित रहे।

इस अवसर पर असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, असम के पूर्व राज्यपाल तथा वर्तमान पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, पूर्व राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित, प्रो जगदीश मुखी, असम सरकार में मंत्री रंजीत कुमार दास सहित राज्य के मुख्य सचिव रवि कोटा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन से पूर्व अमित शाह ने गौ पूजन किया और राजभवन प्रांगण में पौधा लगाया। गृह मंत्रालय के अधीन कई अन्य परियोजनाओं का गृहमंत्री ने उद्घाटन किया, जिनमें देरगांव स्थित लचित बरफूकन पुलिस अकादमी में नेशनल साइबर फॉरेंसिक लैबोरेटरी, गुवाहाटी में एसएसबी परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त आधुनिक आवासीय परियोजना, सोनापुर स्थित आइटीबीपी की 33वीं बटालियन के लिए 360 जवानों की बैरक, मेस और 10 शैय्या वाला अस्पताल, असम राइफल्स के लिए आइजी मुख्यालय, सिलचर में नयी यूनिट और जोरहाट सेंटर परियोजना शामिल हैं।

# भारतीय इकोनॉमी 7.8% से बढ़ी राजकोषीय घाटा 29.9% पहुंचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** सरकार ने जून तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी कर दिए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश का सकल घरेलू उत्पाद वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले यह आंकड़ा 6.5 प्रतिशत था। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में यह भी बताया गया है कि देश का बजटीय घाटा या राजकोषीय घाटा बढ़ कर 29.9% पर पहुंच गया है।

अप्रैल-जून में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। अमेरिका की ओर से विनाशकारी टैरिफ लगाए जाने से पहले बीती पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण हुई। भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, क्योंकि अप्रैल-जून की अवधि में चीन की जीडीपी वृद्धि 5.2 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, पिछली उच्चतम जीडीपी वृद्धि 2024 के जनवरी-मार्च में 8.4 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी, जो 2024-25 की अप्रैल-जून अवधि में 1.5 प्रतिशत थी। हालांकि, वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मामूली रूप से बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 7.6 प्रतिशत थी। इस महीने की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक ने 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था, जिसमें पहली तिमाही 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही 6.3 प्रतिशत थी।

# हिमाचल के चंबा में लैंडस्लाइड, 11 मौतें

- उत्तराखंड में बादल फटने से 5 की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गयी है। मृतकों में 3 पंजाब, 1 उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की पहचान नहीं हुई है। दूसरी तरफ उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल में गुरुवार रात बादल फटने से 5 की मौत हो गयी। एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया। पंजाब के फिरोजपुर में बारिश के चलते 62 गांव प्रभावित हुए। प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों को अब तक सुरक्षित जगह पहुंचाया है।

## सूरत के बिल्डर को किडनैप कर अपने खातों में ट्रांसफर कराये 12 करोड़ के बिटकॉइन

# गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक, आइपीएस समेत 14 को उम्रकैद


आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** साल 2018 के बिटकॉइन लूट और किडनैपिंग केस में अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट की एसीबी अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली के पूर्व एसपी जगदीश पटेल, पूर्व पुलिस निरीक्षक अनंत पटेल समेत 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी।

**शैलेष भट्ट के साथी ने ही रची थी साजिश :** साल 2018 में सूरत निवासी बिल्डर शैलेश भट्ट ने आरोप लगाया था कि एक मामले में पूछताछ के दौरान अमरेली जिले के पुलिस अधिकारियों ने उन्हें किसी अज्ञात जगह बंधक बना लिया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने डरा-धमकाकर उनके 12 करोड़ रुपये कीमत के बिटकॉइन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। इस साजिश में भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया भी शामिल थे। बाद में शैलेश भट्ट ने अपने साथी किरीट पलाडिया पर भी पुलिस के साथ मिले होने का आरोप लगाया था। सीआइडी की जांच में भी यह बात सही साबित हुई थी कि किरीट पलाडिया ने ही यह पूरी साजिश रची थी।

**2018 में गिरफ्तार हुए थे एसपी समेत पुलिस अधिकारी :** गुजरात सरकार ने इस हाईप्रोफाइल मामले की जांच अहमदबाद सीआइडी को सौंपी थी। साल 2028 में ही इस मामले में एसपी समेत कई पुलिसवाले भी गिरफ्तार हुए थे। शैलेष पलाडिया व पुलिस वालों की गिरफ्तारी के बाद साजिश में भाजपा विधायक नलिन कोटडिया का भी शामिल होना पाया गया था।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**